www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 29 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-53 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए





ऐतिहासिक कानूनों व सहयोगी प्रयासों का ... 02

■ 1696 करोड़ वसूलने के लिए साइट पर लगे नोटिस बोर्ड
■ खुशखबरी : एक जनवरी 2025 तक शुरू होगा इंटीग्रेटेड... 04

■ मध्य पूर्व व यूरोपीय संघ के देशों ने की राफा शिविर...
■ अमेरिका में तूफान से अब तक 20 लोगों की हुई मौत 07

हिमाचल मेरा असली घर, दिल्ली में नहीं लगता... 10

# रेमल तूफान का असर : मिजोरम में भारी बारिश से खदान ढही, 17 की मौत

**आईजोल**, 28 मई (एजेंसियां)। मिजोरम की राजधानी आइजोल के बाहरी इलाके में भारी बारिश के कारण एक खदान ढह गई। इस हादसे में अबतक 17 लोगों की जान चली गई, जबकि दो लोगों को बचाया गया है। पुलिसकर्मी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। भारी बारिश के कारण नदियों का स्तर भी बढ़ चुका है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को अपने घरों से निकलकर सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ रहा है।

**राजधानी आईजोल के कई इलाकों में हुआ भूस्खलन**

यह घटना मंगलवार सुबह के छह बजे आइजोल शहर के दक्षिणी बाहरी इलाके में मेल्थम और ह्लिमेन के बीच घटी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनिल शुक्ला ने कहा कि अबतक मलबे से दस शव को बाहर निकाला गया है, जबकि कई लोग अभी भी इसमें दबे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में सात स्थानीय, जबकि तीन दूसरे राज्य के थे। उन्होंने आगे कहा, मलबे में अभी भी 10 से ज्यादा के फंसे होने की संभावना है। भारी बारिश के कारण अलग-अलग इलाकों में भूस्खलन की घटना सामने आई है। हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग-6 पर भूस्खलन के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया। बारिश के कारण मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है।



### मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने बुलाई बैठक

चक्रवात रेमल के प्रभाव से भारी बारिश के कारण राज्य के विभिन्न इलाकों में भूस्खलन हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि आइजोल के सेलम वेंग में भूस्खलन से एक इमारत ढह गई, इस हादसे में तीन लोग लापता हो गए। मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने अधिकारियों के साथ एक बैठक की है।

## बंगाल में छह तो बांग्लादेश में 10 की मौत

बंगाल के एक वरिष्ठ अधिकारी की मानें तो चक्रवात के कोलकाता में एक, दक्षिण 24 परगना जिले में दो महिलाएं और पूर्व मेदिनीपुर के मेमारी में एक पिता-पुत्र की मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चक्रवात के कारण 15 हजार घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। दो लाख से अधिक लोगों को बचाव शिविरों में भेजा गया। 77 हजार से अधिक लोग अभी भी राहत शिविर में ही हैं। राज्य भर में सैकड़ों पेड़ उखड़ गए हैं। बांग्लादेश में भी करीब 10 लोगों की मौत हुई है।

**'रेमल' से 15 हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त**

## सार संक्षेप

### केरल में अगले 4 दिनों में दस्तक देगा मानसून



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले तीन-चार दिनों में केरल और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में पहुंचने वाला है, जिससे देश भर में भीषण गर्मी और लू की तपिश से बेहाल लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को कहा कि पूर्वी बंगलादेश से अब चक्रवात रेमल पूर्व-उत्तरपूर्व की ओर बढ़ गया है।

### डेरा प्रमुख को रणजीत मर्डर केस में राहत



**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा स्तिथ डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी। डेरे के पूर्व मैनेजर रणजीत हत्याकांड मामले में डेरा प्रमुख सहित पांच अन्य आरोपियों को सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए बरी कर दिया है। यह मामला 22 साल पुराना है। कोई 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम को दोषी करार दिया था।

### पैन-आधार लिंक की समय सीमा पर अलर्ट जारी



**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने मंगलवार करदाताओं से आग्रह किया कि जिन्होंने अभी तक अपने पैन को आधार से लिंक नहीं किया है, वे 31 मई की समय सीमा से पहले ऐसा कर लें, अन्यथा उन्हें अधिक कर का भुगतान करना पड़ेगा। आयकर विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दर पर कर कटौती से बचने के लिए कृपया 31 मई, 2024 से पहले अपने पैन को आधार से लिंक करें, यदि आपने पहले से नहीं किया है।

### मोदी की रैली का विरोध करेंगे किसान



**फगवाड़ा।** संयुक्त किसान मोर्चा ने मंगलवार को घोषणा की कि होशियारपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार, 30 मई की रैली का शांतिपूर्ण विरोध किया जाएगा। यह घोषणा यहाँ भारतीय किसान यूनियन (दोआबा) की बैठक के बाद की गई। भाकियू महासचिव सतनाम सिंह साहनी ने कहा कि देखना होगा कि सुरक्षा बल उन्हें रैली स्थल तक पहुँचने देते हैं या नहीं।

राहुल गांधी का मोदी पर तंज

# परमात्मा ने मोदी को अडानी-अंबानी की मदद करने के लिए भेजा

**देवरिया,** 28 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में आखिरी चरण का 1 जून को मतदान है। लिहाजा चुनाव प्रचार आखिरी दौर में है। राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के देवरिया में सभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि आपने पीएम मोदी के वो चमचे वाले इंटरव्यू देखे हैं। इसमें मोदी जी के सामने 4-5 चमचे बैठते हैं और सवाल पूछते हैं। राहुल ने कहा कि ये मोदी जी से सवाल पूछते हैं कि आप आम कैसे खाते हैं? मोदी जी, आप आम छीलकर खाते हैं या काटकर खाते हैं? मोदी जी, आप आम को खाने से पहले उसे धोते हैं? मोदी जी जवाब देते हैं- ओ चमचो, नरेंद्र मोदी कुछ नहीं करता, सबकुछ अपने आप होता है। नरेंद्र मोदी को धरती पर परमात्मा ने भेजा है। बाकी सब लोग बायोलॉजिकल हैं यानी माता-पिता से पैदा हुए हैं। नरेंद्र मोदी बायोलॉजिकल नहीं हैं। नरेंद्र मोदी जी ऊपर से टपककर आए हैं। उनको परमात्मा ने हिंदुस्तान भेजा है परमात्मा का काम करने के लिए। परमात्मा ने उनको अडानी-अंबानी की मदद करने के लिए भेजा है, लेकिन परमात्मा ने उन्हें किसान, मजदूर की मदद के लिए नहीं भेजा। जाति जनगणना करवाने के लिए नहीं भेजा। कांग्रेस नेता ने कहा कि अजीब सी बात है कि अगर मोदी जी को सचमुच में परमात्मा ने भेजा होता तो वे कहते कि हिंदुस्तान के सबसे कमजोर लोगों की मदद करो। किसानों-मजदूरों की मदद करो। गरीबों की मदद करो। नरेंद्र मोदी के परमात्मा ने कहा कि अडाणी की मदद करो, हिंदुस्तान के सारे पावर प्लांट्स अडानी को दे दो। रेलवे अडानी को दे दो। अडानी-अंबानी का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दो। ये नरेंद्र मोदी के परमात्मा हैं।



- परमात्मा ने उन्हें किसान, मजदूर की मदद के लिए नहीं भेजा
- अडानी-अंबानी का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ करने को कहा

## झूठी गारंटी वालों के खिलाफ जनता लड़ रही चुनाव : अखिलेश

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जनता को धोखा देने का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि सातवें चरण के मतदान के आते-आते जनता का गुस्सा झूठी गारंटी देते वालों के खिलाफ सातवें आसमान पर है और जनता खुद ही इनके खिलाफ चुनाव लड़ रही है। बासगांव लोकसभा क्षेत्र के बरांव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि एक तरफ वह लोग हैं जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं, संविधान के भक्षक लोग हैं और दूसरी तरफ समाजवादी व इंडिया गठबंधन के लोग हैं, जो संविधान को बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बेरोजगारी दी, महंगाई दी और अन्याय दिया। कोई वर्ग नहीं बचा जिसे भाजपा सरकार ने अपमानित न किया हो। इन लोगों के साथ भाजपा सरकार जितना भेदभाव और अन्याय कर सकती थी, उसने किया है। श्री यादव ने दावा किया कि देश की जनता भाजपा के झूठे वादों से पार पाना चाहती है।

**जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचा**

## चार जून को बनेगी 'इंडिया' गठबंधन की सरकार : लालू

**पटना,** 28 मई (देशबन्धु)। देश में लोकसभा चुनाव के छह चरण की वोटिंग संपन्न होने के बाद अब सातवें और अंतिम चरण की वोटिंग होने वाली है। बिहार की कुल 8 लोकसभा सीटों पर आगामी 1 जून को मतदान होना है। हालांकि इससे पहले आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने बड़ा दावा कर दिया है। लालू प्रसाद ने कहा कि देश में चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और नरेंद्र मोदी का सफाया हो गया है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में बिहार की आठ सीटों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में वोटिंग होनी है।



**बिहार की 8 लोकसभा सीटों पर 1 जून को होना है मतदान**

पुणे पोर्श मामला

## सरकारी अस्पताल में बदला गया था सैंपल

**पुणे,** 28 मई (एजेंसियां)। पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया कि नाबालिग आरोपी के पिता ने बेटे की शराब पीने की बात छिपाने के लिए ब्लड सैंपल बदलवाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके लिए पिता विशाल अग्रवाल ने सरकारी अस्पताल के कर्मचारी को 3 लाख रुपए दिए थे, जिसने फोरेंसिक हेड डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हैलनोर तक ये रकम पहुंचाई थी।

# चुनावी शोर थमते ही कन्याकुमारी में ध्यान लगाएंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। मौजूदा लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार के लिए लगातार देशव्यापी दौरा कर रहे हैं। सात चरणों के मतदान के कारण चुनाव प्रक्रिया भी काफी लंबी हो गई है। लेकिन अब 1 जून को आखिरी चरण के मतदान से पहले 30 मई को 5 बजे से चुनावी शोर थम जाएगा। शोर थमने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के रॉक मेमोरियल स्थित ध्यानमंडपम पहुंचकर ध्यान में चले जाएंगे। बताया जा रहा है कि 30 मई की शाम से जो उनकी ध्यान मुद्रा शुरू होगी, वह 1 जून की शाम को खत्म हो जाएगी। मालूम हो कि प्रधानमंत्री के ध्यान लगाने का यह स्थान भी बेहद खास है। यही पर स्वामी विवेकानंद ने भी 3 दिनो की साधना की थी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने 2019 के लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के खत्म होने के बाद केदारनाथ में 19 घंटे का ध्यान लगाया था। बताया जाता है कि स्वामी विवेकानंद ने पूरे देश का भ्रमण करने के बाद कन्याकुमारी स्थित रॉक मेमोरियल पहुंचे थे और तीन दिनों तक यहां साधना की थी। कहा जाता है कि स्वामी विवेकानंद ने यहीं पर विकसित भारत का सपना देखा था।

- यही पर स्वामी विवेकानंद ने की थी साधना
- 2019 में केदारनाथ धाम में ध्यान लगाया था



दुमका में बोले प्रधानमंत्री मोदी

## भ्रष्टाचारियों पर और तेज होगी कार्रवाई

**दुमका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के दुमका में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राज्य की जेएमएम-कांग्रेस-राजद सरकार पर लूट का राज कायम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद उनकी नई सरकार बनते ही लूटने वालों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी। प्रधानमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी दुमका से सीता सोरेन, गोड्डा से निशिकांत दुबे और राजमहल से ताला मरांडी को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि इन्हें मिलने वाले हर एक वोट से उनकी दिल्ली की उस सरकार को मजबूती मिलेगी, जो दिन-रात गरीबों, आदिवासियों और पिछड़ों के लिए काम कर रही है। मोदी ने कहा कि झारखंड खूबसूरत पहाड़ों का राज्य है, लेकिन इसकी चर्चा आज इन प्राकृतिक पहाड़ों के बजाय नोटों के पहाड़ों के लिए हो रही है। कहीं 29 करोड़, तो कहीं साढ़े तीन सौ करोड़ के नोटों वाले पहाड़ मिल रहे हैं।




चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े

# छठे चरण में 63.37 फीसदी मतदान

**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में हुए मतदान के आखिरी आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, छठे चरण में कुल मिलाकर 63.37 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इसमें 61.95 फीसदी पुरुष, 64.95 फीसदी महिला और 18.67 फीसदी थर्ड जेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। भारत के चुनाव आयोग ने मंगलवार को बताया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें 11.13 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 7.05 करोड़ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा चुनाव के पहले छह चरणों में 87.54 करोड़ मतदाताओं में से 57.77 करोड़ मतदाता वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचे हैं। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता वर्ग 96.88 करोड़ है।

चुनाव आयोग (ईसी) के अनुसार, 20 मई को हुए पांचवें चरण के मतदान में 62.2 प्रतिशत वोटिंग हुई। चौथे चरण में मतदान 69.16 प्रतिशत रहा, जो 2019 के आम चुनाव में इसी चरण की तुलना में 3.65 प्रतिशत अधिक है। तीसरे चरण में मतदान का आंकड़ा 65.68 फीसदी रहा। 2019 चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 फीसदी मतदान हुआ था। 2024 के चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। मौजूदा आम चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनाव में पहले चरण में 69.43 फीसदी मतदान हुआ था। दरअसल, लोकसभा चुनाव के छठे दौर में 25 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग हुई। इसमें जम्मू-कश्मीर का अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र भी था, जहां मतदान तीसरे चरण की बजाय छठे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया था।




**आठ राज्यों में 58 सीटों पर वोटिंग हुई थी**

# देश

उवाच

राजधानी भोपाल स्थित लोकायुक्त के दफ्तर में आग लगने का मतलब सिंहस्थ के दौरान हुए जमीन घोटाले को दबाने का मामला लगता है। क्या आग में भाजपा द्वारा किए गए घोटालों के साक्ष्य जलाए गए हैं। इसके लिए एक जांच समिति गठित कर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

–उमंग सिंघार, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 45.0 | 31.0 |
| मुंबई | 33.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 39.0 | 31.0 |

# ऐतिहासिक कानूनों व सहयोगी प्रयासों का गवाह बना नया संसद भवन : ओम बिरला

## लोस अध्यक्ष ने नए संसद भवन की पहली वर्षगांठ पर किए विचार व्यक्त

**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। नए संसद भवन की गौरवशाली यात्रा पर विचार व्यक्त करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 19 सितंबर 2023 को विशेष सत्र के दौरान इसके पहले आधिकारिक उपयोग के बाद से, नया संसद भवन में गहन बहस, ऐतिहासिक कानूनों और सहयोगी प्रयासों का गवाह बना है। इस पहले सत्र के दौरान ही ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक 2023 (128वां संवैधानिक संशोधन विधेयक) या नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया। पुराने ब्रिटिश काल के कानूनों को भी चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया गया है और पिछले एक साल में उनकी जगह नए कानून पारित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि आज जब नए संसद भवन की पहली वर्षगांठ मनाई जा रही है, देश के भविष्य को आकार देने में इसके महत्व को व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह न केवल एक वास्तुशिल्पीय चमत्कार के रूप में बल्कि लोकतंत्र की जीवंतता के प्रतीक के रूप में भी जाना जा रहा है। एक ऐसा स्थान जहां विचारों का आदान प्रदान होता है, कानून बनाए जाते हैं और लाखों लोगों की आवाज सुनी जाती है। बिरला ने याद किया कि जी-20 देशों के अध्यक्षों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने नई इमारत का दौरा किया है और इसके आकर्षक डिजाइन और सुविधाओं की सराहना की है।



देश के भविष्य को आकार देने में संसद के महत्व को व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है : ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आगे कहा कि केवल 2 वर्ष 7 महीने के रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ नया भवन, आत्मनिर्भर भारत के प्रतीक और 140 करोड़ से अधिक भारतीयों की इच्छाओं और आकांक्षाओं की परिणति के रूप में उभरा है। 28 मई 2023 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किया गया यह भारत के जीवंत लोकतंत्र के प्रमाण के रूप में खड़ा है। त्रिकोणीय आकार में डिज़ाइन की गई इस अत्याधुनिक इमारत में लोकसभा (निचला सदन) और राज्यसभा (उच्च सदन) दोनों हैं। उन्होंने कहा कि इसने ऐतिहासिक पुराने संसद भवन का स्थान ले लिया है, जिसका नाम अब संविधान सदन रखा गया है, जिसने लगभग एक शताब्दी तक भारत के शीर्ष विधायी निकाय के रूप में कार्य किया था। नए भवन की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए बिरला ने याद दिलाया कि नए भवन की आवश्यकता पुराने ढांचे के साथ स्थिरता संबंधी चिंताओं और संसद की वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने में इसकी अपर्याप्तता के कारण उत्पन्न हुई। मूल भवन, हालांकि इतिहास में उत्कीर्ण था, फिर भी संसद सदस्यों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त जगह का अभाव था।

### अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है नई संसद : लोस अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि नई संसद अत्याधुनिक और अति-आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जो सदस्यों के लिए उन्नत सुविधाएं और निर्बाध कार्यक्षमता सुनिश्चित करती है। नए भवन के डिजाइन पर बोलते हुए बिरला ने प्रसन्नता व्यक्त की कि कि इमारत का डिजाइन सामंजस्यपूर्ण रूप से परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़ता है, जो भविष्य की प्रगति को अपनाने के साथ-साथ भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करता है। नई इमारत में अत्याधुनिक हरित सुविधाओं को अपनाया गया है और साथ ही इसे भूकंप प्रतिरोधी (जोन-5) बनाया गया है। विविध लोगों की जरूरतों को पूरा करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, इमारत एक्सेसिबिलिटी के सिद्धांतों का पालन करती है और इसमें दिव्यांग व्यक्तियों के के लिए रैंप, लिफ्ट और अन्य सुविधाएं हैं। यह इमारत अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित है।

## किसानों की जमीन हड़पने की रची जा रही है साजिश : टिकैत

**जौनपुर,** 28 मई (एजेंसियां)। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने मंगलवार को कहा कि देश मे पूंजीवाद के हावी होने के बीच किसानों की जमीन हड़पने की साजिश रची जा रही है। जिले में बरसठी ब्लॉक के भगवानपुर गांव में एक श्रद्धांजलि सभा के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि केंद्र में जनता तय करेगी कि महागठबंधन की सरकार बनेगी या नहीं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार कब्जा छोड़ना नही चाहती और गठबंधन सरकार सत्ता में आने को बेचैन है। अब सत्ता किसको मिलेगी, यह जनता तय करेगी। लोकतंत्र के हिसाब से चुनाव व मतों की गिनती ठीक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार जिसकी भी बने, उनकी मांग सरकार से रहेगी कि किसानों का कर्ज माफ हो, स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू की जाए और बेरोजगारी की समस्या दूर हो। उन्होंने कहा कि अग्निवीर से युवा बेरोजगार हो रहे हैं और अडानी वीर बन रहे हैं। टिकैत ने कहा कि वर्तमान सरकार में किसानों की जमीन बिक रही और कर्ज बढ़ रहा है, अगर सरकार की यही पॉलिसी रही तो 2047 तक किसानों की सारी जमीन सरकार और बड़े उद्योगपति के हाथ मे रहेगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव राजनाथ यादव, सचिस चंद चौहान, राकेश चन्द्र मौर्या, सुनील यादव, रामसूरत पटेल, रामआसरे गौतम सहित अन्य यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## लालू यादव को सिर्फ अपने परिवार से मतलब : नीतीश

### चुनावी सभा में राजद अध्यक्ष के परिवारवाद पर बोला हमला

**पटना/नालंदा,** 28 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग को लेकर सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी मंगलवार को नालंदा में पार्टी प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में रोड शो किया। मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उनके निशाने पर एक बार फिर लालू परिवार ही रहा। अपने गृह जिला नालंदा में पार्टी उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में वोट मांगने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को लालू प्रसाद और उनके परिवार हमला फिर से हमला बोला। नीतीश कुमार ने कहा कि लालू प्रसाद यादव को सिर्फ अपने परिवार से मतलब है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं पूरे बिहार को अपना परिवार मानता हूं और इसी को ध्यान में रखते हुए हर क्षेत्र में विकास करने का काम किया।

**राजग गठबंधन के चार सौ सीटें जीतने का किया दावा**

देश में राजग गठबंधन 400 सीटों पर चुनाव जीतेगा और बिहार की सभी 40 सीट पर राजग का कब्जा होगा। उल्लेखनीय है कि बिहार में नालंदा संसदीय सीट पर सातवें एवं अंतिम चरण के तहत 1 जून को चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि जब हमें मौका मिला तो हमने काम करके दिखाया लेकिन जब उन लोगों को 15 साल तक मौका मिला तो क्या किया। सीएम ने कहा कि सात साल सीएम रहने के बाद जब हटने लगा तो अपनी बीवी को बना दिया। 9 गो बाल-बच्चा पैदा कर दिया। क्या इतना बाल-बच्चा कोई पैदा करता है। बिहार में कितना ऐसा लोग है जो इतना बाल-बच्चा पैदा किया होगा। कभी बेटा को तो कभी बेटी को बनाने में लगा हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी का नाम लिए बगैर कहा कि काम हम किए और प्रचार वह कर रहा है कि सब काम हम ही किए हैं। बीच में हम इधर-उधर चले गए थे। लेकिन अब हम भाजपा के साथ ही रहेंगे। हम और भाजपा मिलकर लगातार विकास का काम किए हैं। हम आगे भी भाजपा के साथ रहकर काम करेंगे।



## सार संक्षेप

### बारामूला में दो आतंकवादी आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थानीय दो आतंकवादी आकाओं की अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया। दोनों आतंकवादी आका पाकिस्तान में रह कर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों हैंडलर वर्तमान में पाकिस्तान में हैं, जहां से वे कश्मीर घाटी में आतंकवादी समूहों और आतंकी मॉड्यूल को संचालित करते हैं। पुलिस ने कहा कि उप न्यायाधीश उरी से कुर्की आदेश मिलने के बाद पाकिस्तान स्थित दोनों आतंकवादी आकाओं की तीन कनाल और 19 मरला की लाखों रुपए की संपत्ति को कुर्क किया गया है। आरोपियों की पहचान ज़म्बूर पट्टन निवासी जलाल दीन और कमलकोट उरी निवासी मोहम्मद साकी के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा की गई जांच और पूछताछ के दौरान संपत्ति की पहचान आतंकवादी आकाओं की थी।

### मप्र में अनफिट नर्सिंग कॉलेजों के विरुद्ध कार्रवाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राज्य भर में अनफिट पाए गए नर्सिंग कॉलेजों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आधिकारिक जानकारी के अनुसार 31 जिलों में 66 नर्सिंग कॉलेजों को क्लोज्ड डाउन किया जा रहा है। इसी क्रम में इंदौर सहित कई जिलों में कार्रवाई हो चुकी है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने जिले भर के सभी कलेक्टरों को सूची उपलब्ध कराते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार कार्रवाई की जाए। इस आदेश से नर्सिंग कॉलेजों के पुराने विद्यार्थी प्रभावित नहीं होंगे। वे यथावत परीक्षा दे सकेंगे। इस सूची में राजधानी भोपाल के छह और इंदौर के पांच कॉलेज शामिल हैं।

### ट्रेनों को बम से उड़ाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** भोपाल में क्राइम ब्रांच पुलिस की टीम ने मंगलवार को ट्रेनों को बम से उड़ाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी ने एक न्यूज चैनल के संपादक को तीन ट्रेनों को बम से उड़ाने की धमकी का मैसेज दिया था।

### जामनगर में मेफेड्रोन पाउडर के साथ दो गिरफ्तार

**जामनगर।** गुजरात में जामनगर के पंचकोषी ए डिवीजन क्षेत्र में विशेष अभियान समूह की टीम ने मेफेड्रोन पाउडर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसओजी सूत्रों ने बताया कि सूचना के आधार पर राजकोट-जामनगर राजमार्ग पर जांबुडा पाटिया के निकट आए दो लोगों की तलाशी ली गई। उनके पास से 2,30,000 रुपए कीमत का 23 ग्राम मेफेड्रोन पाउडर सहित 2,85,500 का अन्य सामान जब्त करके दोनों को पकड़ लिया गया।

## मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच दिन के साथ रातें भी हो रहीं गर्म



**भोपाल,** 28 मई (एजेंसियां)। लू और गर्म हवाओं के प्रभाव के चलते मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी का दौर बना हुआ है। दिन में प्रचंड गर्मी के बाद अब रात का पारा भी प्रदेश के कई हिस्से में बढ़ने लगा है, जिसके चलते रात्रि में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। रायसेन में रात्रि का पारा 33.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विज्ञान केन्द्र भोपाल के वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश भर में भीषण गर्मी का दौर बना हुआ है। दस से अधिक स्थानों पर दिन का पारा 45 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में पारा 48.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा छह शहरों में पारा 46 डिग्री के ऊपर रहा। दिन में पड़ रही जबर्दस्त गर्मी के बाद अब रात में भी गर्मी बेचैन कर रही है। रायसेन में रात्रि का पारा 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा टीकमगढ़ में रात्रि का तापमान 32 डिग्री, दमोह में 31.2 डिग्री, गुना में 31.8 डिग्री तथा भोपाल में 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी रात्रि का पारा बढ़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अभी भी दिन में भीषण गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क है और गर्म हवाएं चल रहीं है, जिसके चलते आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। प्रदेश के कई स्थानों पर मंगलवार को दिन में लू की स्थिति बनी रही, जिससे प्रचंड गर्मी का दौर देखा जा सकता है। राजधानी भोपाल में मंगलवार सुबह से धूप के तेवर तीखे बने रहे तथा गर्म हवाएं चलीं। जिसके कारण काम में निकलने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## बंगाल में रेमल तूफान से बेपरवाह टीएमसी ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ा : कांग्रेस

### सरकार पर लगाया तूफान के लिए पहले से तैयार न रहने का आरोप

**कोलकता,** 28 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि राज्य सरकार चक्रवाती तूफान रेमल के लिए पहले से तैयार नहीं थी। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए उनके हाल पर छोड़ दिया गया। मुर्शिदाबाद में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने दावा किया कि टीएमसी सरकार लोकसभा चुनाव में व्यस्त रही और रेमल से प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए पहले से पर्याप्त तैयारियां नहीं कीं। उन्होंने कहा कि पूरा पश्चिम बंगाल जानता है कि ममता बनर्जी लोगों की मदद के लिए कभी तैयार नहीं रहतीं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जिस समय तूफान से प्रभावित लोगों को मदद की जरूरत थी, उस समय राज्य सरकार ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर चक्रवाती तूफान 'रेमल' ने पश्चिम बंगाल में चुनावी लय की बिगाड़ दी है और चुनाव प्रबंधकों के गणित को काफी हद तक बाधित कर दिया है। एक जून को राज्य की नौ लोकसभा सीटों के लिए सातवें और अंतिम चरण मतदान होना है और राजनीतिज्ञों को इस समय समझ में नहीं आ रहा है कि मतदाताओं को कैसे लुभाया जाए। लगभग 48 घंटों की लगातार बारिश के बाद आखिरकार मौसम के देवता नरम पड़ गए और राजनेताओं को अगले पांच वर्षों के लिए आम लोगों से आशीर्वाद प्राप्त करने की अनुमति दे दी है।



पश्चिम बंगाल जानता है कि ममता लोगों की मदद के लिए कभी तैयार नहीं रहतीं : अधीर रंजन

### रेमल तूफान का पश्चिम बंगाल में दिखा बड़ा असर

बता दें कि चक्रवाती तूफान रेमल ने पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में रविवार रात को असर डाला था और इससे वहां काफी नुकसान हुआ। राज्य सरकार के एक अधिकारी का कहना है कि चक्रवाती तूफान की वजह से 2,07,060 लोगों को विस्थापित किया गया। इसके अलावा 29,500 घरों को इस तूफान से नुकसान पहुंचा है। मुख्य रूप से तटीय क्षेत्रों में इस तूफान ने तबाही मचाई है।

## मनीष रंजन से ईडी ने पूछताछ की शुरू



**रांची,** 28 मई (एजेंसियां)। झारखंड के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनीष रंजन मंगलवार को ईडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने मनीष रंजन से टेंडर कमीशन घोटाला मामले में पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आईएएस मनीष रंजन और मंत्री आलमगीर आलम को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ भी की जाएगी। ग्रामीण विकास मंत्री आलम उनके ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर से हुई अब तक की पूछताछ में मनीष रंजन की संलिप्तता सामने आई है। इसी मामले को लेकर ईडी की ओर से मनीष रंजन को फिर से दूसरा समन किया गया था। मनीष रंजन वर्तमान में भू राजस्व विभाग के सचिव हैं।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना से पूछताछ के लिए केंद्रीय एजेंसिया सतर्क : जी.परमेश्वर

### एसआईटी के समन पर 31 मई तक अमल न करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**बेंगलुरु,** 28 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने यौन शोषण मामले में फंसे जनता दल एस के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को मंगलवार को चेतावनी दी कि अगर वह 31 मई तक विशेष जांच दल (एसआईटी) के समन पर अमल करने में विफल रहते हैं तो उनकी देश वापसी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएंगे। गृह मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि हमने केंद्रीय अधिकारियों के साथ बातचीत की है और कानूनों के तहत प्रज्ज्वल की स्वदेश वापसी कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। रेवन्ना से पूछताछ के लिए केंद्रीय एजेंसिया सतर्क हैं। ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है।



प्रज्ज्वल की वापसी की इच्छा के हालिया संकेत को विधिवत स्वीकार कर लिया गया है। यौन शोषण के गंभीर आरोपों के बीच घिरे रेवन्ना के खिलाफ देश भर में उसके प्रत्यर्पण की मांग चल रही है। उल्लेखनीय है कि जद (एस) के दिग्गज नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते एवं हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार रेवन्ना (33) मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को विदेश चले गए। बताते चलें कि डॉ. परमेश्वर ने एसआईटी का सामना करने के लिए प्रज्वल की प्रतिबद्धता की सराहना की।

### कानून के शासन का पालन सर्वोपरि

डॉ.परमेश्वर ने कहा कि कानून के शासन का पालन सर्वोपरि है। प्रज्ज्वल की वापसी पर, हम कानूनी प्रक्रियाएं शुरू करेंगे। विशेष जांच दल सभी कानूनी विचारों को ध्यान में रखते हुए, उसकी गिरफ्तारी के लिए उचित उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। हमारा सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य सच्चाई को उजागर करना है।

## चंद्रबाबू नायडू ने एनटी रामाराव को दी श्रद्धांजलि

**विजयवाड़ा,** 28 मई (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने पार्टी संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन टी रामा राव को मंगलवार को उनकी 101वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित दुनिया भर में रहने वाले तेलुगु लोगों को भेजे गए एक संदेश में नायडू ने कहा कि आइए हम इस ऐतिहासिक अवसर पर अपने प्रिय रामा राव को श्रद्धांजलि देकर उनकी महान सेवाओं को याद करें। उन्होंने कहा कि राव के सख्त अनुशासन, दृढ़ता, ईमानदारी और राज्य के लोगों की भलाई करने की तीव्र इच्छा ने आम किसान के पुत्र को महान नेता बना दिया। नायडू ने कहा कि राव समाज को एक पूजा स्थल और लोगों को भगवान मानते थे। उन्होंने पहली बार तेदेपा का गठन करके कल्याणकारी शासन की नींव रखी। उन्होंने साबित कर दिया कि गरीबों के लिए भोजन, आश्रय और कपड़े उपलब्ध कराना ही शासन करने का वास्तविक अर्थ होता है। नायडू ने कहा कि राव ने गरीबी मुक्त राज्य के निर्माण और तेलुगु समाज की उन्नति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने लोगों से महान नेता द्वारा निर्धारित लक्ष्य को साकार करने के लिए मिलकर काम की शपथ लेने का आह्वान किया।



## लालटेन युग से अब बाहर निकल चुका है बिहार : सम्राट चौधरी

### पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट

**पटना/सासाराम,** 28 मई (देशबन्धु)। सासाराम लोकसभा क्षेत्र के तिलौथू के बाबूगंज मैदान में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा करने पहुंचे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक बार फिर लालू-तेजस्वी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लालू का लालटेन सिर्फ अपने परिवार के लिए ही जलता है। वैसे भी अब बिहार लालटेन युग से बाहर निकल चुका है, तो लालटेन को समाप्त कर देने की जरूरत है। बता दें कि सम्राट चौधरी तिलौथू के बाबूगंज के मैदान में सासाराम संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम के लिए वोट मांगने पहुंचे थे। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि सावन में एक गरीब के बेटे ने हेलिकॉप्टर में बैठकर मछली खाया, जिसका उसे भगवान का श्राप लगा है। मछली का कांटा ऐसा पेट में अटका कि 34 साल का युवक व्हीलचेयर पर आ गया। उन्होंने तेजस्वी का नाम लिए बगैर कहा कि जो चोर होते हैं, वह सीनाजोरी से बात करते हैं। भारत के प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान जैसे देश को ठंडा कर दिया है, ऐसे में यहां के भी कुछ लोगों को ठंडा करने की जरूरत है। उन्होंने माफिया तंत्र को धमकी देते हुए कहा कि अगले डेढ़ साल तक बिहार में डबल इंजन की सरकार है। ऐसे में बालू, शराब और जमीन माफिया या तो बिहार छोड़कर भाग जाए और नहीं तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें।



झटका — *तेलंगाना में बीआरएस को लगा एक और बड़ा झटका*

# कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से बीआरएस ने गंवाए 15 निकाय

**हैदराबाद, 28 मई (एजेंसियां)। तेलंगाना में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को एक और बड़ा झटका लगा है। बीआरएस ने अविश्वास प्रस्ताव और इस्तीफे के कारण 15 नगर निकाय अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद गंवा दिए हैं। शहरी निकाय में कांग्रेस को महत्वपूर्ण पद मिलने के कारण कांग्रेस के और मजबूत होने की उम्मीद है।**

2020 में हुए निकाय चुनाव में बीआरएस ने 120 नगरपालिकाओं में से 107 पर जीत हासिल की थी। बीआरएस को सबसे बड़ा तब लगा, जब ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम की मेयर विजया लक्ष्मी आर गडवाल और उनकी डिप्टी मोठे श्रीलता शोबन रेड्डी ने बीआरएस छोड़कर दो माह पहले कांग्रेस का दामन थाम लिया था। गडवाल मार्च में ही कांग्रेस में शामिल हुईं थी। वहीं उनके पिता केशव राव, जो बीआरएस से राज्यसभा सांसद थे, वे भी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। आविश्वास प्रस्ताव का सिलसिला फरवरी में शुरू हुआ, कांग्रेस नेता बुर्री श्रीनिवास जब नलगोंडा नगर पालिका के अध्यक्ष के रूप में चुने गए।



■ ग्रेटर हैदराबाद की मेयर ने भी छोड़ा साथ

**2025 में होंगे निकाय चुनाव**

हालांकि, कई नगर निकायों में बीआरएस ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को बरकरार रखा। वर्तमान में नगर पालिकाओं की कुल संख्या 129 है, जबकि जीएचएमसी सहित 13 नगर निगम हैं। जनवरी 2025 में नगर निगम के चुनाव होने हैं। रेवंत रेड्डी का जन्म 8 नवंबर 1967 को अविभाजित आंध्र प्रदेश में नगरकुर्नूल के कोंडारेड्डी पलली नामक स्थान पर हुआ था। रेवंत के पिता का नाम अनुमुला नरसिम्हा रेड्डी और माता का नाम अनुमुला रामचंद्रम्मा है। उन्होंने हैदराबाद में ए.वी. कॉलेज (ओस्मानिया विश्विद्यालय) से फाइन आर्ट्स में ग्रेजुएशन की पढ़ाई की। पिछले विधानसभा की हार के बाद रेवंत ने 2019 लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई। रेवंत तेलंगाना में कांग्रेस के उन तीन लोकसभा सांसदों में शामिल हैं, जिन्होंने 2019 में चुनाव जीता था। मल्काजगिरि सीट से उतरे कांग्रेस उम्मीदवार ने टीआरएस के एम राजशेखर रेड्डी को करीबी मुकाबले में 10 हजार से ज्यादा मतों से हराया। जून 2021 में रेवंत को बड़ी जिम्मेदारी मिली, जब कांग्रेस ने उन्हें अपनी तेलंगना प्रदेश इकाई का अध्यक्ष बना दिया। इस विधानसभा चुनाव में रेवंत तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के सामने चुनाव लड़े। यह मुकाबला कामारेड्डी विधानसभा सीट पर था। यहां रेवंत और केसीआर दोनों को भाजपा उम्मीदवार से हार झेलनी पड़ी। हालांकि, रेवंत ने दूसरी सीट कोडांगल से चुनाव जीत लिया। गौरतलब है कि तेलंगाना में चुनाव परिदृश्य पर दलबदलुओं का बोलबाला रहा था और कांग्रेस पार्टी ने सबसे अधिक संख्या में बीआरएस और भारतीय जनता पार्टी से आए नेताओं को मैदान में उतारा था।

उल्टा पुल्टा

लड़की : अगर मैं मर जाऊ तो तुम क्या करोगे ?
लड़का : मैं भी मर जाऊंगा।
लड़की : पर क्यू ?
लड़का : तेरे चक्कर में उधारी इतनी हो गई है कि अब जीना मुश्किल है।

# हरियाणा ने रोका दिल्ली के हिस्से का पानी

## आतिशी ने भीषण गर्मी के बीच राज्य में जल संकट की स्थिति पर हरियाणा सरकार को ठहराया जिम्मेदार

**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। भीषण गर्मी के बीच हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली के हिस्से का पानी रोक देने से राज्य में जल संकट की स्थिति पैदा हो गई है। दिल्ली सरकार ने अपने नागरिकों को इस संकट से राहत दिलाने के लिए मंगलवार को कई एहतियाती कदम उठाए हैं। जल मंत्री आतिशी ने अपील करते हुए कहा कि दिल्ली जल संकट का सामना कर रही है। इसलिए दिल्लीवासी पानी को जरा भी बर्बाद न करें। हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली के हिस्से का कच्चा पानी रोका जा रहा है। इसके चलते यमुना का जल स्तर लगातार घट रहा है। इसी के मद्देनजर सरकार ने फैसला किया है कि जिन इलाकों में दिन में दो बार पानी आता है, वहां अब एक बार आएगा। उस बचे पानी को उन इलाकों में दिया जाएगा, जहां ज्यादा दिक्कत है।

दिल्लीवासी अपनी कारों को खुली पाइपों में न धोएं और टंकियों से पानी ओवर फ्लो होने बचाएं। उन्होंने बताया कि मई महीने से ही हरियाणा ने दिल्ली को पानी देना कम कर दिया है। एक मई को यमुना का जल स्तर 674.5 फीट था, जो 28 मई को घटकर 669.8 फीट पर आ चुका है। इसलिए दिल्ली में पानी की किल्लत हो रही है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने सचिवालय में प्रेसवार्ता कर जल संकट से बचने के लिए दिल्लीवासियों से कुछ एहतियात बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि दिल्ली अपनी पानी की आपूर्ति के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। यमुना में कितना पानी आता है, यह हरियाणा पर निर्भर करता है। हरियाणा जितना पानी छोड़ेगा, उतना यमुना में आएगा। जब से मई का महीना शुरू हुआ है, हरियाणा ने यमुना में पानी छोड़ना बंद कर दिया है। एक मई से लगातार यमुना का जल स्तर गिर रहा है। एक मई को यमुना जल स्तर 674.5 फीट था। यमुना का जल स्तर औसतन 674.5 फीट लगातार बनाए रखना होता है। अगर हम 2023 के अप्रैल, मई और जून महीने में देखे तो वजीराबाद में 674.5 फीट का जल स्तर हमेशा बना रहा। लेकिन इस साल एक मई से ही हरियाणा ने दिल्ली को अपने हिस्से का पानी देना कम कर दिया है और यमुना का जल स्तर लगातार गिर रहा है। जल मंत्री आतिशी ने बताया कि एक मई को यमुना का जल स्तर वजीराबाद पर 674.5 फीट था, जबकि एक सप्ताह में 8 मई तक जल स्तर गिरकर 672 फीट पर आ गया।

पानी का स्तर लगातार गिरता रहा और 20 मई को जल स्तर 671 फीट पर आ गया, जबकि 24 मई तक जल स्तर 670.2 फीट पर आ गया और 28 मई को जल स्तर 669.8 फीट पर आ गया है। जब हरियाणा से यमुना नदी में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जाता है तो इसका नतीजा यह होता है कि जो पानी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में आ रहा है, उसकी मात्रा घट जाती है। जब कच्चे पानी की मात्रा घट जाती है तब पानी जो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पानी को ट्रीट करके दिल्ली के अगल-अलग हिस्सों में भेजते हैं, उसकी मात्रा भी घट जाती है। इसी का नतीजा है कि पिछले एक सप्ताह में दिल्ली के कई इलाकों में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। आतिशी ने बताया कि हमने पानी की कमी को पूरा करने के लिए बोरबेल को चलाने का समय दोगुना कर दिया। जो बोरबेल 6-7 घंटे चलते थे, अब वो 14 घंटे तक चलाए जा रहे हैं। वाटर टैंकर की संख्या भी बढ़ाई गई है।



**हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली के हिस्से का कच्चा पानी रोका जा रहा है इसके चलते यमुना का जल स्तर लगातार घट रहा है : आतिशी**

### एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी दिल्लीवासी पानी की बर्बादी रोकें : आतिशी

दिल्ली की जल मंत्री ने सभी दिल्लीवासियों से अपील करते हुए कहा कि चाहे आपके इलाके में पानी की समस्या हो या न हो, लेकिन आप पानी का इस्तेमाल बहुत तर्क संगत करें। आज दिल्ली में पानी की आपूर्ति बहुत घट गई है, कई हिस्सों में बिल्कुल पानी की सप्लाई नहीं है। इसलिए एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी की जिम्मेदारी है कि जिसके पास पर्याप्त पानी की सप्लाई आ रही है, वो पानी को जरा भी बर्बाद न करे। अपनी गाड़ियों को खुली पाइप से न धोएं, कहीं पर पानी की सप्लाई का इस्तेमाल गाड़ियां धोने में न किया जाए। क्योंकि गाड़ी धोने में पानी की बहुत बर्बादी होती है। आज भी मैंने साउथ दिल्ली कई आवासीय एरिया में देखा कि लोगों के घरों के बाहर गाड़ियां धोने से पानी बह रहा है। मेरी सभी से अपील है कि आप सप्लाई के पानी से गाड़ियां न धोएं। अगर अगले एक-दो दिन में सार्वजनिक अपील से काम नहीं चलता है तो संभव है कि पानी के अधिक इस्तेमाल पर चालान लगाया जा सकता है।

# एसीबी करेगी नर्सिंग होम के रजिस्ट्रेशन की जांच

## उपराज्यपाल ने दिया जांच का आदेश

**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल एलजी वी.के. सक्सेना ने राजधानी में निजी नर्सिंग होम के पंजीकरण और नियामक प्रबंधन की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा एसीबी से जांच कराने का आदेश दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से नवजात शिशुओं की मौत के बाद यह आदेश दिया गया है। निजी अस्पताल में आग लगने की घटना के संदर्भ में मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में सक्सेना ने कहा कि मैंने इस मामले में बहुत सख्त रुख अपनाया है। व्यापक जनहित को देखते हुए और अधिकारियों के एक वर्ग द्वारा गंभीरता की कमी के कारण मुझे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। नोट में कहा गया, आग लगने और नर्सिंग होम से संबंधित मामले में एसीबी को शहर में नर्सिंग होम के पंजीकरण की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि कितने नर्सिंग होम वैध पंजीकरण के बिना काम कर रहे हैं और क्या जिनके पास वैध पंजीकरण है वे दिल्ली नर्सिंग होम पंजीकरण अधिनियम, 1953 के तहत निर्धारित मानदंडों का अनुपालन कर रहे हैं या नहीं। पत्र के मुताबिक, जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंजीकरण की मंजूरी या उसका नवीनीकरण 100 प्रतिशत स्थल निरीक्षण के बाद किया गया है। सक्सेना ने पत्र में कहा कि 1,190 नर्सिंग होम हैं, जिनमें से एक चौथाई से अधिक बिना वैध पंजीकरण के चल रहे हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, विवेक विहार इलाके में एक शिशु अस्पताल में आग लगने से पांच ऑक्सीजन सिलेंडर फट गए थे।



## सार संक्षेप

### दिल्ली में किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के छठे एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** भारतीय ज्वेलरी इंडस्ट्री में एक जाना-माना नाम, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने अपना विस्तार करते हुए, पश्चिम विहार, नई दिल्ली में अपने एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन किया है। यह नई दिल्ली में किसना का छठा और भारत में 28वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। यह नवीनतम शोरूम किसना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो न सिर्फ ग्राहकों तक अपनी पहुंच को व्यापक बना रहा है, बल्कि उनके लिए अपने उत्कृष्ट डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी की खरीदी को भी आसान बना रहा है। उद्घाटन समारोह में श्री घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, हरि कृष्णा रूप, और पराग शाह, डायरेक्टर, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की गई। एक्सक्लूसिव स्टोर के लॉन्च पर खुशी व्यक्त करते हुए, घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, हरि कृष्णा ग्रुप ने कहा कि पश्चिम विहार नई दिल्ली के सबसे समृद्ध और संपन्न क्षेत्रों में से एक है। ऐसे में, हम यहां किसना की शुरुआत को लेकर बेहद उत्साहित हैं। पश्चिम विहार में अपने शोरूम के माध्यम से, हमारा लक्ष्य अपने महत्वपूर्ण ग्राहकों को ज्वेलरी की शानदार डिज़ाइन्स और बेजोड़ शिल्प कौशल की पेशकश करना है। हमारे हर घर किसना के दृष्टिकोण के साथ, हमारा लक्ष्य भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला डायमंड ज्वेलरी ब्रांड बनना और प्रत्येक महिला के उत्तम डायमंड ज्वेलरी खरीदने के सपने को पूरा करना है।

### कार्यशील पूंजी के लिए फ्रेंकलिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड लाया राइट्स इश्यू

**नई दिल्ली।** कृषि वस्तुओं के व्यापार और कांट्रैक्ट फार्मिंग सर्विसेज देने वाली गुजरात आधारित कंपनी फ्रेंकलिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड बीएसई-540190 का 38.83 करोड़ का राइट्स इश्यू लेकर आया है। इश्यू के माध्यम से जुटाए गए धन का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, कंपनी की विस्तार योजनाओं में पूंजी लगाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया जाएगा। राइट्स इश्यू के तहत 24 मई, 2024 को बंद भाव 7.50 रुपए प्रति शेयर के मुकाबले 3.58 रुपये का भाव तय किया गया है और राइट्स इश्यू 11 जून 2024 को बंद हो जाएगा।

### राहुल गांधी ने जो कहा देश की जनता की नब्ज के हिसाब से कहाः उदित राज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। इसके अलावा उन्होंने पंजाब सरकार में मंत्री बलकार सिंह के कथित अश्लील वीडियो पर भी प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस नेता उदित राज ने लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग से पहले बलकार सिंह के कथित अश्लील वीडियो को लेकर कहा कि चुनाव के दौरान ऐसी चीज आती रहती है। मैं कहूंगा कि एक चरित्र का लेवल होता है, उसको मेंटेन करना होता है, अब मतदाता तय करेंगे।

# आप मंत्री आतिशी की बढ़ेंगी मुश्किलें

## दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख द्वारा दायर मानहानि याचिका पर मंत्री को सम्मन

**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा दिल्ली सरकार में मंत्री अतिशी द्वारा भाजपा को बदनाम करने की कोशिश से झूठे आरोप लगाने के खिलाफ राऊज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष एक याचिका दायर की गई थी। मानहानि याचिका पर प्रारम्भिक सुनवाई के बाद संज्ञान लेते हुए मंगलवर को न्यायालय ने अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी को सम्मन जारी किया है और उनसे 29 जून को पेश होकर जवाब देने को कहा है। मंगलवार को दिल्ली भाजपा महामंत्री कमलजीत सहरावत की उपस्थिति में प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने पूरे मामले को मीडिया के सामने रखा। प्रेस वार्ता मे मामले में अधिवक्ता शोमेन्दु मुखर्जी एवं सत्या रंजन स्वाइन एवं मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल भी उपस्थित थे। अधिवक्ता मुखर्जी ने मामले की अब तक की सुनवाई बिन्दुओं से पत्रकारों को अवगत कराया। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रवीण शंकर कपूर ने कहा की भाजपा का एक साधारण कार्यकर्ता होने के कारण मुझे बहुत बुरा लगता था जब आम आदमी पार्टी नेता पार्टी पर आप्रेशन लोटस चलाने का मनगढ़ंत आरोप लगाते थे और अंततः प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अनुमति से मैंने यह मानहानि याचिका दायर की है और शीघ्र हम मंत्री आतिशी को भाजपा कार्यकर्ताओं से माफी मांगते देखेंगे। उन्होंने कहा की हमारा मानहानि नोटिस एवं याचिका तो पहले ही सफल हो चुके हैं क्योंकि 2 अप्रैल को जब हमने आतिशी को नोटिस दिया।




### आरोप लगाना और फिर भाग जाना आप की पुरानी नीति : भाजपा

कमलजीत सहरावत ने कहा कि आरोप लगाना और फिर भाग जाना यह आम आदमी पार्टी की पुरानी नीति है लेकिन अब उन्हें एक आदत डालनी पड़ेगी और वह आदत है बोलने से पहले सोचने की। अभी तक आम आदमी पार्टी के नेता कई बार माफी मांग चुके हैं लेकिन बावजूद उसके उन्हें अपनी आदतों में सुधार नहीं किया है। हमें उनके झूठे बयानों से कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन जनता के बीच राउज एवेन्यू न्यायालय ने आतिशी को सम्मन भेजकर एक आइना दिखाने का काम किया है।



■ राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच चहरे पर दुपट्टे के सहारे चिलचिलाती धूप से बचने का प्रयास करतीं युवतियां। फोटो इम्तियाज खान

# साइबर अपराध पर नकेल कसने को लेकर सरकार सख्त

## संचार मित्र करेंगे लोगों को जागरूक

**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। साइबर अपराध से बचाव के लिए सरकार नए-नए उपाय कर ही है। इससे बचने व लोगों में जारूकता पैदा करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने देश भर में 250 से ज्यादा छात्र स्वयंसेवकों का चयन किया है। जो संचार मित्र के तौर पर काम करेंगे। यह चयन देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं से किया गया है। देश में बढ़ते साइबर अपराध के चलते देश की आर्थिक स्थिति पर इसका वीपरीत असर पड़ रहा है। जिसके चलते सरकार की चिंता बढी हुई है। इसे थामने के लिए दूरसंचार विभाग ने राष्ट्रीय दूरसंचार संस्थान के सहयोग से इस दिशा में कदम बढ़ाया है।



मालूम हो कि हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि पिछले साल देश भर में साइबर धोखाधड़ी की तकरीबन 27 लाख शिकायतें दर्ज कराई गई थी। हालांकि इसके बाद शाह ने यह भी कहा कि मामलों में पहले के मुकाबले अब कमी आ गई है। धोखाधड़ी के मामलों का पता कर अपराधियों की धर-पकड हो रही है। सरकार ने एक टोल फ्री नम्बर भी उपलब्ध कराया है। इसके चलते मामलों में तेजी से कार्रवाई हो रही है। बता दें कि साइबर अपराध के चलते देश का काफी पैसा बाहर चला जा रहा है। जिसकों देखते हुए सरकार इससे जुडे कानूनों में संशोधन कर रही है।

# लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में 22 फीसदी उम्मीदवार दागी

**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव का सातवां व आखिरी चरण 1 जून को सम्पन्न होगा। जब सात राज्यों व एक केंद्रशासित प्रदेश के 57 लोकसभा सीटों के लिए मतदान कराया जाएगा। इसी चरण में सर्वाधिक चर्चित वाराणसी लोकसभा सीट भी शामिल है,जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उम्मीदवार हैं। इस चरण में जिन राज्यों में चुनाव होंगे, उनमें से 13 लोकसभा सीटें उत्तर प्रदेश,13 पंजाब, 9 पश्चिम बंगाल, 8 बिहार, 6 ओडिशा, 4 हिमांचल प्रदेश, 3 झारखंड और 1 लोकसभा सीट केंद्रशासित प्रदेश चडीगढ़ की शामिल है। आखिरी चरण में कुल 904 उम्मीदवारों की किस्मत दाव है। लेकिन चौकाने वाली बात है कि इसमें से 22 फीसदी उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स यानी एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच की रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है। रिपोर्ट बताती है कि कुल 904 उम्मीदवारों में से 199 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमे से 151 उम्मीदवार ऐसे हैं,जिन पर गंभीर अपराध के मामले हैं। रिपोर्ट दावा करती है कि 13 लोकसभा उम्मीदवारो पर दोषसिद्ध हो चुका है। 4 उम्मीदवारो पर हत्या 302 का मामला है। 27 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन पर हत्या की कोशिया यानी भारतीय दंड सहिता की धारा 307 के तहत मामला दर्ज है। 13 उम्मीदवारों पर महिलाओं से जुड़े मामले हैं। इसमें से 2 पर बलात्कार जैसे गंभीर आरोप है। जबकि 25 उम्मीदवारों पर भड़काऊ भाषण से संबंधित आरोप हैं।



■ अंतिम चरण में 904 उम्मीदवारों की किस्मत दाव पर
■ 57 लोकसभा सीटो के लिए एक जून को डाले जाएंगे वोट

# केजरीवाल कानूनी घटनाओं को मनुविधि करने के हैं माहिर खिलाड़ी : कपूर



**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल राजनीतिक या कानूनी घटनाओं को मनुविधि करने के एक माहिर खिलाड़ी है। 2 साल से अधिक समय तक वह और उनके सहयोगी, मिस आतिशी सहित भाजपा को ऑपरेशन लोटस चलाने के लिए दोषी ठहराते रहे। लेकिन अब जब हमने नामजद और लोकतंत्र के कानून के तहत जवाबदेह कर दिया है, तो केजरीवाल कह रहे हैं कि भाजपा उन्हें गिरफ्तार करेगी। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर जिन्होंने मानहानि याचिका दायर की है, उन्होंने कहा है कि कार्यवाही करना या न करने का निर्णय अब न्यायालय का होगा। लेकिन अगर मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनकी मंत्री मिस आतिशी को गिरफ्तार होने या कानूनी कार्रवाई का इतना डर है, तो वे भाजपा कार्यकर्ताओं से माफी मांगें और मामला समाप्त करें।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गूजरान में उप जिलाधिकारी सदर गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या-79/एस0टी0/एस0डी0एम0/2024 दिनांक 29.01.2024 मृतक श्री दलमीर पुत्र श्री बलवन्ता, निवासी ग्राम अट्टा गूजरान, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 30.07.2020 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गूजरान | 190ड | स्व0 श्री दलमीर पुत्र श्री बलवन्ता निवासी ग्राम अट्टा गूजरान, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती मुखतियारी | पत्नी | 67 वर्ष | विधवा |
| | | | श्री जिलेराम | पुत्र | 59 वर्ष | |
| | | | श्री सरजीत सिंह | पुत्र | 55 वर्ष | |
| | | | श्री गजराज सिंह | पुत्र | 49 वर्ष | |
| | | | श्री सुभाष | पुत्र | 48 वर्ष | |
| | | | श्री सुगन सिंह | पुत्र | 40 वर्ष | |
| | | | श्रीमती धर्मवती देवी | पुत्री | 47 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती राकेश | पुत्री | 44 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4 ग्रेटर नौएडा सिटी
जि0-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHS161448 आवासीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन/भूखण्ड संख्या-3SF, Block-19, Area-29.76 SQMT., Sector-10, Allotment No.-BHS161448 के आवंटी Smt. Krishna Kumari W/o Shri Vijay Kumar के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। Smt. Krishna Kumari W/o Shri Vijay Kumar की मृत्यु दिनांक 10.06.2021 को हो गयी है। वसीयत के आधार पर Shri Vishal Tonk S/o Shri Vijay Kumar R/o-C-13, Sector-11, Near Karamvir Public School, Faridabad (Haryana)-121006 द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Shri Vishal Tonk S/o Shri Vijay Kumar R/o C-13, Near Karamvir Public School Faridabad (Haryana)-121006 के पक्ष में पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (सम्पत्ति )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

**पहल** — *मटियाला गांव के सैनिक कॉलोनी में बाल विकास धारा की अनूठी पहल*

# कूड़ा बीनने वालों के लिए किया गया सेंटर स्थापित

**नई दिल्ली, 28 मई (देशबन्धु)। मटियाला गांव के सैनिक कॉलोनी में स्थानीय लोग जो कूड़ा बीन कर अपनी आजीविका चलाते हैं उनके उत्थान के लिए बाल विकास धारा ने पहचान दिलाने के लिए एक सेंटर स्थापित किया। कार्यक्रम में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। मटियाला गांव सैनिक कॉलोनी में छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा देने और पहचान दिलाने की काम को लेकर नई पहल की शुरुआत किया। इस केंद्र द्वारा लोगों को आधार बनाकर, लेबर श्रमिक कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आभा हेल्थ कार्ड सहित अन्य कार्यक्रम की शुरुआत की।**

इस अवसर पर बाल विकास धारा के फाउंडर देवेंद्र बराल ने संबोधित किया की यहां गरीब जनसमूह के लोग जो कूड़ा बीनकर अपनी आजीविका चलाने के लिए बच्चों को पढ़ा ना सके जो आधार कार्ड बनवा ना सके उनके परिवार को सरकारी योजना से जोड़ने के लिए यहां आज नई शुरुआत किया गया जिससे यहां के लोगों को आधार कार्ड, लेबर कार्ड, आभा हेल्थ कार्ड सहित जन्म प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। गरीब बच्चे यहां निशुल्क शिक्षा लेकर भविष्य सवार सकेंगे




**कूड़ा बीनकर आजीविका चलाने वालों को अधिक सक्षम बनाने का किया प्रयास**

इस तरह का कार्य बाल विकास धारा के द्वारा शुरूआत किया। बाल विकास धारा के सचिव डॉक्टर भरत सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि यहां पर सेंटर में सभी बच्चों को शिक्षा सहित सरकारी सुविधा प्राप्त करने के लिए जो भी हो सकेगा किया जाएगा सभी के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, लेबर कार्ड आभा हेल्थ कार्ड बनाने की हमारी कोशिश जारी रहेगी और इस कार्य में जो भी समस्या सामने होगा उसका समाधान किया जाएगा। यहां के गरीब तबके के लोग जो कूड़ा बिनकर अपना जीवन यापन चलाते हैं।

वैसे लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनका उत्थान हो सके। यूं एन डी टी रीप्रेजेंटेटिव निखिल गुप्ता ने सम्बोधन किया आप सभी को सरकारी योजनाओं सम्बंधित सुविधा, सभी को बुनियादी सुविधाएं, स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी कैसे स्वस्थ रहेंगे।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

मौसम विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार हिटवेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है। वर्तमान समय में जनपद में परिस्थितियां हीटवेव के अनुकूल बनी हुई है।

सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी

# 1696 करोड़ वसूलने के लिए साइट पर लगे नोटिस बोर्ड

■ 12 साइट पर लगाए जा रहे बोर्ड ■ लिखा कभी भी संपत्ति को प्राधिकरण कर सकता है अटैच

**नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में 27 बिल्डर में से 12 बिल्डरों पर प्राधिकरण ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इन बिल्डरों के साइट पर सार्वजनिक सूचना बोर्ड लगाया गया। जिस पर लिखा गया कि 'परियोजना से संबंधित समस्त कार्यवाही अनुमतियों पर रोक लगा दी गई है। तथा प्राधिकरण द्वारा उक्त भूखंड की परियोजना के अनावंटित फ्लैट को अटैच व आवंटन एवं पट्टा प्रलेख के निरस्तीकरण की कार्यवाही कभी भी की जा सकती है। अब तक आधा दर्जन से साइट पर इन बोर्ड को लगाया गया। प्राधिकरण ने बताया कि आचार संहिता हटते ही इन पर एक्शन होगा। इन परियोजना में खाली फ्लैट, प्लाट, दुकान धरोहर राशि का सर्वे पहले किया जा चुका है। बोर्ड के लिखे नोटिस के अनुसार इनकी संपत्तियों को कभी भी अटैच किया जा सकता है। जिस पर समय और तारीख नहीं दी गई है। प्राधिकरण ने बताया कि ये वो 12 बिल्डर है। जिन्होंने अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत न तो सहमति दी और न ही ये प्राधिकरण की ओर से आयोजित बैठक का हिस्सा बने। इन पर करीब 1696 करोड़ से ज्यादा का बकाया है। आंकड़ो को देखे तो नोएडा में 57 में से 22 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत धनराशि रुपए 173.77 करोड़ जमा करा दी है। इन 20 बिल्डरों से नोएडा प्राधिकरण को लगभग रुपए 450 करोड़ मिलेगा। 4 बिल्डरों द्वारा कुल 25 प्रतिशत धनराशि 83.47 करोड़ में आंशिक धनराशि 53.68 करोड़ जमा कराई। 18 ऐसे बिल्डर है जिन्होंने 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने के लिए सहमति दी है। जिन बिल्डरो ने 25 प्रतिशत रकम दी उनसे कुल 1604 रजिस्ट्री होंगी। प्राधिकरण ने 01 मार्च, 29 अप्रैल और 08 मई को अलग अलग स्थानों पर कैंप लगाकर 530 रजिस्ट्रियां कराई।

## 12 बिल्डर जिनकी साइट पर लगाए जा रहे नोटिस

*इन 12 बिल्डरों को प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी किया गया। जिसका जवाब भी अब तक नहीं दिया गया। ऐसे में इनकी प्रापर्टी का सर्वे कराया गया। ताकि इनको सील कर प्राधिकरण बकाया निकाले और रजिस्ट्री खोली जा सके। प्राधिकरण एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया इन बिल्डरों की जो भी खाली इंवेट्री प्रॉपर्टी है उसको सील किया जाएगा। ताकि बकाया मिल सके और रजिस्ट्री शुरू हो सके।*

- टीबी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड इन पर 55.27 करोड़
- एमपीजी रियेल्टी प्राइवेट लिमिटेड 38.92 करोड़
- एजीसी रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड 20.80 करोड़
- सिविटेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड 8.77 करोड़
- मनीषा किबी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड 0.38 करोड़
- आईवीआर प्राइम 659.92 करोड़
- एसोटेक लिमिटेड 267.80 करोड़
- एसोटेक कांट्रैक्टस लिमिटेड 189.88 करोड़
- आर जी रेजिडेंस प्राइवेट लिमिटेड 170.10 करोड़
- गार्डेनिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 111.84 करोड़
- फ्यूटेक शेल्टर प्राइवेट लिमिटेड 114.71 करोड़
- एवीपी बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड 58.38 करोड़

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश घायल

**गाजियाबाद,** 28 मई (देशबन्धु)। थाना साहिबाबाद पुलिस व स्वाट टीम ट्रांस हिंडन जोन ने सोमवार की रात में मुठभेड़ में एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। खासबात बात यह है कि यह बदमाश दिल्ली का रहने वाला है, लेकिन ट्रांस हिंडन इलाके में आकर चेन, मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देता था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि बदमाश का नाम फैजान है जो नेहरू विहार मुस्तफाबाद दिल्ली का निवासी है। उन्होंने बताया कि थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत टीम गठित कर जीटी रोड रेलवे स्टेशन कट के पास सघन वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी कुछ देर बाद एक संदिग्ध मोटर साइकिल दिल्ली की तरफ से आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस पार्टी द्वारा रोकने का इशारा किया गया।

**दिल्ली से आकर गाजियाबाद में करता था चेन स्नैचिंग**

## खुशखबरी : एक जनवरी 2025 तक शुरू होगा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

### नगर आयुक्त ने किया निर्माणाधीन आईटीएमएस कार्यालय का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 28 मई (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय मे इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कार्यालय को बनाने की तैयारी जोरों से चल रही है। जिसका नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने आज निरीक्षण किया। कार्यालय के लिए लगभग 288 वर्ग मीटर एरिया में बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। उबिल्डिंग में दो फ्लोर बनाए जाएंगे जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को व्यवस्थित करने के लिए बनाया जाएगा। पहले फ्लोर पर गाजियाबाद नगर निगम कंट्रोल सेंटर का विस्तार करते हुए नया स्वरूप दिया जाएगा। चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग लगातार निर्माण विभाग के अधिकारी भी कर रहे हैं लगभग 2 करोड़ 67 लाख से उक्त बिल्डिंग को बनाने का कार्य किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने बताया कि चयनित 41 चौराहों पर लगी हुई ट्रैफिक लाइट को ऑटोमेटिक कंट्रोल सिस्टम के माध्यम से व्यवस्थित किया जाएगा तथा सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से ट्रैफिक पर भी पूरी नजर रखी जाएगी। ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों



का चलान भी ऑटोमेटिक करने की व्यवस्था को भी इसी कंट्रोल रूम के माध्यम से किया जाएगा। जिसके चलते इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को आधुनिक तकनीकी से युक्त बनाया जाएगा। जिसके लिए वीडियो वॉल भी लगाई जाएगी।

इन सभी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए बिल्डिंग का निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है लगभग 6 माह के भीतर कार्य को पूर्ण किया जाना है। नगर आयुक्त द्वारा टीम को रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता एन के चौधरी व अधिशासी अभियन्ता फरीद अहमद जैदी भी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**नोएडा।** बहलोलपुर स्थित घर से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। रिश्तेदारों और करीबियों के यहां काफी तलाशने के बाद भी जब किशोरी नहीं मिली तो उसके पिता ने सेक्टर-63 थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। किशोरी की तलाश के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। शिकायत में गांव निवासी गोवर्धन सिंह ने बताया कि उनकी बेटी 22 मई को सुबह तीन बजे घर से कहीं चली गई। उसके पास एक मोबाइल भी है जिसका नंबर अब बंद आ रहा है। परिजनों ने किशोरी के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई है। पुलिस घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### जिले में डेढ़ लाख लोगों की होगी मलेरिया जांच

**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग डेढ़ लाख लोगों की मलेरिया की जांच कराएगा। मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत यह काम होगा। मलेरिया के लिए मध्यम श्रेणी के जिलों में कुल जनसंख्या की सात प्रतिशत जांच होनी है। पहली जून से 20 दिनों तक एंटी मलेरिया माह के तहत जांच सहित जागरुकता कार्यक्रम होने हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में करीब 20 लाख जनसंख्या है। इस लिहाज से जिले में करीब 1.5 लाख लोगों की मलेरिया की जांच होगी। इसमें मलेरिया प्रभावित स्थानों पर अधिक लोगों की जांच की जाएगी। यहां लक्षण वाले मरीजों के साथ ही सामान्य लोगों की भी जांच होगी। वहीं, मलेरिया के मरीज मिलने की स्थिति में मरीज के परिवार के साथ ही आसपास के 50 घरों के लोगों की जांच की जाएगी। साथ ही, एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया जाएगा। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि मलेरिया से बचाव के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में प्रत्येक गर्भवती महिला की मलेरिया जांच की जाएगी ताकि गर्भवती के साथ ही मलेरिया के प्रभाव से बच्चे को भी बचाया जा सके। इसके अलावा एंटी मलेरिया माह और बारिश के दौरान कूलर, जलभराव, सहित अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण किया जाएगा, ताकि लार्वा को पनपने से रोका जा सके।

### प्लॉट पर कब्जा करने का विरोध करने पर महिला से मारपीट

**नोएडा।** प्लॉट पर कब्जा करने का विरोध करने पर मालिक और उसके नौकर ने एक महिला के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत फेज तीन थाने की पुलिस ने की है। पुलिस ने इस मामले में एक नामजद समेत दो के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गढ़ी चौखंडी निवासी गीता ने बताया कि उनका प्लॉट सेक्टर-121 स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी के सामने स्थित है। आरोप है कि जब 15 वर्ष पहले जमीन का बंटवारा हुआ था तो राजपाल ने अपना हिस्सा यह कहकर छोड़ दिया था कि उनके महज एक बेटा है और उनके पास काफी जमीन है। इसलिए उसे इस जमीन में हिस्सा नहीं चाहिए। संबंधित प्लॉट पर गीता का बीते 15 वर्ष से कब्जा है।

## हिट एंड रन मामले में पुलिस को मिली ऑडी कार

**नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। कंचनजंगा मार्केट के पास बेकाबू ऑडी कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत होने के मामले में पुलिस ने ऑडी कार बरामद की है। ये कार दिल्ली किदवई नगर की पार्किंग में खड़ी थी। कार का शीशा टूटा है। पुलिस ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए सात टीम बनाई थी। घटनास्थल के आसपास और अन्य स्थानों पर लगे करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई। कार हरियाण नंबर की है। एसीपी प्रवीन सिंह ने बताया कि घटना के समय कार कौन चला रहा था। इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

दरअसल रविवार को सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास एक बुजुर्ग को ऑडी कार ने टक्कर मार दी थी। उस समय कार की रफ्तार करीब 100 किमी प्रतिघंटा थी। रफ्तार ज्यादा होने के कारण कार का नंबर सीसीटीवी कैमरे में ठीक से कैद नहीं हो पाया है। एक से दो अंक की फुटेज में दिख रहा है। टक्कर मारने




- **कार कौन चला रहा था इसकी जांच जारी**
- **रविवार को टक्कर से बुजुर्ग की हुई थी मौत**

के बाद कार कंचनजंगा मार्केट से कहां गई पुलिस फुटेज के माध्यम से ही उसका पीछा करती रही। जिसमें करीब 150 सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए।

हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई थी। वह आकाशवाणी के सेवानिवृत्ति कर्मचारी थे। मृतक के बेटे ने सेक्टर-24 थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग हवा में लहराते हुए करीब दस मीटर दूर जाकर गिरा था।

करीब दो मिनट का हादसे का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-53 निवासी प्रदीप कुमार साह ने बताया था कि वर्तमान में वह परिवार के साथ सेक्टर-53 में रहते हैं।

प्रदीप के पिता जनक देव रोजाना की तरफ रविवार को साढ़े पांच बजे टहलते निकले थे। वह टहलने के बाद अक्सर दूध लेकर घर आते थे। जब वह कंचनजंगा मार्केट स्थित मदर डेयरी से दूध लेकर काफी देर तक नहीं लौटे तो प्रदीप ने उन्हें तलाशना शुरू किया। इसी दौरान प्रदीप ने देखा कि उसके पिता कंचनजंगा मार्केट में ही सड़क के किनारे लहूलुहान हालत में मृत पड़े हुए हैं।

## जीडीए ने जोन सात में किए कई निर्माण सील

**गाजियाबाद,** 28 मई (देशबन्धु)। जीडीए पकी प्रवर्तन जोन-7 की जोनल टीम ने मंगलवार को राजेन्द्र नगर में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने कई अवैध निर्माण को सील कर दिया।



जीडीए की टीम आज राजेन्द्र नगर पहुंची सेन्सर पाल, शिवांक रस्तोगी, मनोज चौधरी, गुरूमुख सिंह राजपूत। द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किए गए। अवैध निर्माण को सील किया गया। श्याम पार्क एक्सटेंशन स्थित भूखंड संख्या-बी-51 पर अवैध निर्माण को विधिवत सील करने की कार्यवाही की गई। जोन सात के के प्रभारी ने कहा है कि प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत विधिवत् स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही निर्माण अनुमन्य होगा। साथ ही जन-मानस को सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में भवनों/दुकानों का क्रय-विक्रय न करें।

## मुख्य अभियंता ने किया कोयल एन्कलेव आवासीय योजना का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 28 मई (देशबन्धु)। जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने निर्देश के बाद मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह ने आज कोयल एन्कलेव आवासीय योजना के ग्रुप हाउसिंग टॉवर संख्या-के-11 व के-12 का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान योजना में अध्यासित आवंटियों से आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई तथा भवनों की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। निर्देशित किया गया कि योजना में अध्यासित आवंटियों की समस्याओं का समय निर्धारित करते हुए शीघ्र-अतिशीघ्र निराकरण किया जाए। इससे पहले जनसुनवाई के दौरान प्राधिकरण निर्मित/अनुरक्षित कोयल एन्कलेव आवासीय योजना के ग्रुप हाउसिंग टॉवर संख्या-के-11 व के-12 में अध्यासित आवंटियों द्वारा योजना में आ रही विभिन्न समस्याओं व निर्मित भवनों की गुणवत्ता के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायत की थी।

## मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की तैयारी

**खोड़ा,** 28 मई (देशबन्धु)। खोड़ा में पाइपलाइन द्वारा गंगाजल आपूर्ति सीवर स्कूल अस्पताल और सरकारी जमीनों को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने की मांगों को लेकर भारतीय आमजन सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद कार्यालय पर आठ जून को एक दिवसीय प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वार्ड 30 के सभासद सोनू जोशी ने दी। उन्होंने बताया कि कालोनी को बसे हुए चार दशक बीत जाने के बावजूद लोगों को पेयजल तक उपलब्ध नहीं है। बारह लाख की आबादी होने के बावजूद एक भी अस्पताल अथवा इंटर कॉलेज नहीं है। चार प्राथमिक विद्यालयों से ही यहां के बच्चों की शिक्षा का कार्य चल रहा है। यहां की अधिकतर आबादी गरीब तबके की है। गरीबों के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में मोटी रकम चुकाकर शिक्षा दिलाने में असमर्थ होते है। इसी वजह से कई बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते है।

निकाय क्षेत्र के अंतर्गत एक भी अस्पताल नहीं है। गंभीर बीमारी के इलाज के लिए लोगों को दिल्ली नोएडा गाजियाबाद के सरकारी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। कई बार समय से चिकित्सा सहायता न मिलने अथवा प्राइवेट अस्पतालों के लिए मोटी रकम का इंतजाम न होने पर लोग जान भी गवा देते है। ऐसे में मांगों के समर्थन में एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा। यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो जल्द ही अनिश्चितकालीन धरना भी दिया जाएगा।

## किसानों की मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण में जिला प्रशासन की बैठक

**नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। किसानों की मांगों को लेकर मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण और जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्राधिकरण से गांवों में किए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर जानकारी ली।

मंगलवार दोपहर करीब एक बजे प्राधिकरण दफ्तर में बैठक शुरू हुई। बैठक में जिलाधिकारी मनीष वर्मा, नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री सहित अन्य अफसर मौजूद थे। किसानों की मांगों को लेकर हाई पावर कमेटी गठित हो रखी है। हाईपावर कमेटी का अध्यक्ष राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष को बनाया गया है जिसमें सदस्य के तौर पर मेरठ मंडल की आयुक्त व जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर हैं। इस कमेटी की तीन-चार बार बैठक हो चुकी है। इसी क्रम में मंगलवार को प्राधिकरण कार्यालय में बैठक हुई। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से गांवों में कराए जाने वाले विकास कार्यों व बजट को लेकर जानकारी ली गई। प्राधिकरण की तरफ से बताया गया कि गांवों में बारात घर, सड़क, नालियां, खड़ंजा, साफ-सफाई समेत अन्य कई काम कराए जाते हैं जिन पर हर साल करीब 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं।

## भीषण गर्मी की वजह से बढ़ रहे लोकल फाल्ट, कटौती से लोग हलकान

**नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। शहर में भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट बरकरार है। फॉल्ट की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को भी दस से अधिक स्थानों पर लोकल फॉल्ट की वजह से लोगों को बिजली कटौती की परेशानी से दो-चार होना पड़ा। इसके साथ ही बिजली ट्रांसफार्मरों में भी तकनीकी दिक्कतें आने से उपभोक्ताओं को कटौती की मार झेलनी पड़ी। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा।

प्रदेश में सबसे ज्यादा बिजली की खपत करने के साथ ही सबसे अधिक राजस्व देने के बाद भी उपभोक्ताओं को कटौती से कोई राहत नहीं मिल रही है। सेक्टर-71 में एलटी लाइन में फॉल्ट की वजह से तीन घंटे तक बत्ती गुल रही। बिना बिजली के गर्मी में उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सेक्टर-104 हाजीपुर गांव के बिजली ट्रांसफार्मर पर तकनीकी खामियों की वजह से बिजली आती और जाती रही। ऐसे में भीषण गर्मी में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सेक्टर-44 छलेरा गांव में भी एचटी लाइन में शार्ट सर्किट से केबल में फॉल्ट हो गया, जिससे ठीक करने में कई घंटे का समय लग गया। इसके अलावा लोकल फाल्ट और ओवर लोड ट्रांसफार्मर की वजह से सेक्टर-11, 12, 15, 19, 20, 21, 22, 25, 26, 27, 30, 31, 33, 34, 36, 37, 40, 41, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 55, 56, 62, 99, 100, 104, 105, 108, 122 व सेक्टर-135 में लोगों को कटौती झेलनी पड़ रही है।

### बढ़ती तपिश में बिजली की आंखमिचौली

**खोड़ा।** सूरज के बढ़ते तापमान के साथ निकाय क्षेत्र में बिजली कटौती का सिलसिला जारी है। एक तरफ लोगों को भीषण गर्मी दूसरी तरफ से बिजली की आंखमिचौली से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत निगम के अधिकारियों द्वारा किए गए सभी दावे फेल साबित हो रहे है। दिन हो या रात्रि घंटे दो घंटे के अंतराल पर बिजली गुल हो जाती है। घर और दुकानों पर इन्वर्टर के सहारे कूलर पंखे की संख्या ज्यादा होने पर वो भी हाफने लगे है। दोपहर बारह बजे अनिल विहार वंदना विहार आजाद विहार में बिजली गायब हो गई डेढ़ बजे दस मिनट के लिए सप्लाई दी गई। दो बजे कटने के बाद तीन बजे दुबारा दी गई। बिजली की सप्लाई आने और कटने का क्रम जारी है। स्थानीय निवासी राजेंद्र दुवेदी ने बताया की शाम को प्रतिदिन बिजली काट दी जाती है। बिजली के कटते ही सड़को पर अंधेरा पसर जाता है। सुनसान जगह पर अंधेरा होने की वजह से असमाजिक तत्वों का भी डर बना रहता है। विद्युत निगम के उपखंड अधिकारी पी के सिंह का कहना है कि लोकल फाल्ट होने पर ही बिजली कटौती की जाती है।

## सावधानी बरतें, हीटवेव सें बचें

### प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**गाजियाबाद,** 28 मई (देशबन्धु)। मौसम में तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। साथ ही लू भी लोगों को परेशान कर रही है। लोग लू की चपेट आने से कैसे बचे इसके लिए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी की है।

अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार हिटवेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है। वर्तमान समय में जनपद में परिस्थितियां हीटवेव के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। जिसके कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) एवं ऐठन की शिकायत आती है और कभी-कभी इसके कारण लोगों की मौत भी हो जाती है। शहरी क्षेत्रों में तापमान उच्चतम हो जाने से अर्बन हीट



आइलैंड की स्थिति बन जाती है। हिटवेव (लू) से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बीमार, मजदूर, दुर्बल, एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होते हैं। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण जनपद गाजियाबाद हिटवेव (लू) से बचाव हेतु निम्न बातों की ओर ध्यान दे।

#### हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या करें

- कड़ी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।
- हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें।
- धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें।
- पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर मे अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें।
- खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थों को इस्तेमाल करें।
- रेडियो, टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें।
- कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।
- अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे।

#### हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या न करें

- भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें।
- उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।
- शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें क्योकि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं।
- दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिए खिड़की व दरवाजे खुले रखें।

## भेल की उप प्रबंधक शिल्पा गौतम की दम घुटने से हुई मौत

- **पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा**
- **हत्या की धारा आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में हो सकती है तब्दील**

**नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। आईआरएस सौरभ मीणा के सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसायटी स्थित फ्लैट में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिली भेल कंपनी की महिला अधिकारी शिल्पा गौतम की मौत दम घुटने से हुई थी। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है। ऐसे में अब पुलिस की जांच में शिल्पा की मौत का मामला हत्या के बजाए आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए की जाने की धारा में तब्दील हो सकता है। इसके संकेत नोएडा जोन के पुलिस अधिकारियों ने दिए है। यानी धारा-302 के स्थान पर अब धारा-306 की जाएगी।

घटनास्थल पर मौजूद रहे सोसायटी के सुपरवाइजर, गार्ड का बयान, फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों के बयान के आधार पर केस हत्या के बजाए आत्महत्या के लिए प्रेरित किए जाने की धारा में तब्दील हो सकता है। सोसायटी के सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर ने ही आईआरएस अधिकारी की सूचना पर फ्लैट में पहुंच कर उस कमरे के दरवाजे को खोलने का प्रयास किया था और फिर दरवाजे की चिटकनी तोड़ कर अंदर प्रवेश किया था। जहां पंखे से शिल्पा का शव लटका हुआ था। इस कमरे के अंदर जाने का वह दरवाजा ही एक मात्र रास्ता था। जो अंदर से बंद मिला था। ऐसे में आईआरएस अधिकारी द्वारा हत्या करना और शिल्पा के शव को लटकाने से संबंधित साक्ष्य नहीं है।

उवाच "

एनपीसीएल के अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया कि वो जल्द से जल्द ऐसे सभी बिल्डरों के यहां ऑडिट कराये एवं जो भी और जरुरी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं दूसरे जरुरी कदम है उनको जल्द से जल्द पूरा कराये और दोषी बिल्डरो के ऊपर तत्काल कार्यवाही करें तथा निवासियों को उनकी सोसाइटी में आ रही बिजली की समस्याओं का तत्काल समाधान करे एवं यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में किसी भी निवासी एवं आमजन को बिजली की समस्या नहीं होनी चाहिए : **तेजपाल नागर, दादरी विधायक**



# मोटोजीपी बाइक रेस के आयोजक ने किया 33 करोड़ रुपए का गोलमाल

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर बीते साल सितम्बर माह हुई मोटोजीपी बाइक रेस के आयोजकों पर 33 करोड़ रूपए का गोलमाल करने का खुलासा हुआ है। ट्रैक का निर्माण, हाउसकीपिंग, ग्राउंड पर सुरक्षा सहित अन्य कार्य करने वाली कंपनियों ने जांच अधिकारी के सामने शपथ पत्र देकर का करोड़ों रुपए का भुगतान नहीं करने का साक्ष्य प्रस्तुत किया। यमुना प्राधिकरण की टीम बुधवार को मौके पर जाकर कंपनियों द्वारा कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन करेगी।

इसके बाद जांच अधिकारी यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह से अपनी रिपोर्ट प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा को सौंपेंगे। जांच अधिकारी की तरफ से अनुमोदन किया जाएगा कि मोटो जीपी आयोजक फेयर स्ट्रीट को काली सूची में डाला जाए और अगला आयोजन इस कंपनी से न कराने का अनुरोध किया जाएगा।

दिसम्बर 2023 में जेवर विधायक ने प्रदेश के मुख्य सचिव और यमुना प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखकर मोटो जीपी आयोजक फेयर स्ट्रीट को सरकार से प्राप्त की धनराशि का ऑडिट कराए जाने और अग्रिम भुगतान न किए जाने की मांग की थी। जिस पर मुख्य सचिव ने इसकी जांच यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण सीईओ डॉक्टर अरूणवीर सिंह को सौंपी थी

बता दे कि 26 से 28 सितम्बर 2023 को बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट पर भारत में पहली बार मोटो जीपी बाइक रेस का आयोजन हुआ था। इस साल भी 20 से 23 सितम्बर तक मोटो जीपी का आयोजन होना है। स्पेन की डोरना कंपनी ने भारत की फेयर स्ट्रीट एफएसएस कंपनी को मोटो जीपी कराने का लाइसेंस देखा है।

मुख्य सचिव के आदेश पर यमुना प्राधिकरण ने आयोजक कंपनी पर लगे आरोप की जांच की। जांच के दौरान सीईओ ने सभी कंपनी से बकाया का साक्ष्य मांगा। कंपनियों की तरफ से बकाया राषि का पूरा ब्यौरा शपथ पत्र के माध्यम से जांच अधिकारी को सौंपा। आयोजक कंपनी को जेपी एसोसिएट को बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट ट्रैक का किराया, राजस्व हिस्सेदारी, बीआईसी होल्डिंग चार्ज, बिजली बिल आदि का करीब 28 करोड़ रूपए भुगतान करना था, जिसमें से करीब दस करोड़ रूपए का भुगतान किया, अभी करीब 18 करोड़ रूपए बकाया है। आयोजक कंपनी एफएसएस द्वारा स्पेन की डोरना कंपनी को लाइसेंस शुल्क के रूप में 120 करोड़ रुपए का भुगतान करना था, जो अभी तक नहीं गया।

ट्रैक का निर्माण करने वाली कंपनी सालिटियर इंजीनियरिंग को 6 करोड़ रुपए नहीं दिए गए। हाउसकीपिंग और ग्राउंड पर सुरक्षा उपलब्ध कराने वाली कंपनी का लगभग 5 करोड़ रुपए बकाया है। प्रोग्रेसिव कार्गो, हितांश ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, टेंट, एम्प्लाइज, कॉन्टैक्टर, प्रिंटर एवं विज्ञापन के लिए फ्लैक्स आदि व जेटीएससी स्पोर्ट्समैन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का भी बकाया है। जांच में खुलासा हुआ है कि आयोजक कंपनी ने करीब 33 करोड़ रूपए विभिन्न कंपनियों को नहीं किया। मोटो जीपी आयोजन को लेकर यमुना प्राधिकरण की तरफ से 11.5 करोड़, उप्र निवेश मित्र, ग्रेटर नोएडा और नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 10.5 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया था।

अगले साल सितम्बर में फिर मोटो जीपी रेस का आयोजन होना है, आयोजक कंपनी ने प्रदेश सरकार से आयोजन के लिए 18 करोड़ रूपए की मांग रखी है। सवाल यह उठता है कि पिछले साल सरकार द्वारा रेस को लेकर जो पैसा खर्च किया गया उसका हिसाब अभी तक कंपनी नहीं दे पाया है, अब उसे किस आधार पर 18 करोड़ रूपए दिया जाएगा।

## मोटो जीपी बाइक रेस भारत में इस साल नहीं होगी

**ग्रेटर नोएडा।** पिछले साल हुए मोटी जीपी बाइक रेस को लेकर आयोजकों पर विवाद चल ही रहा है। इस दौरान बाइक रेस दीवानों के लिए निराश करने वाली खबर है। स्पेन की डोर्ना स्पोर्ट्स ने भारतीय जीपी को 2025 तक के लिए स्थगित कर दिया गया। मंगलवार डोर्ना स्पोर्ट्स की तरफसे भारत मोटो जीपी स्थगित करने का बयान जारी किया गया है। कंपनी की तरफ से रेस स्थगित करने का कारण मौसम बताया गया है। हालांकि पिछले साल 26 से 28 सितम्बर 2023 तक भारत मोटो जीपी का आयोजन यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र के बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट पर किया गया था। डोर्ना स्पोर्ट्स की तरफ से 20 से 23 सितम्बर 2024 को भारत मोटो जीपी को लेकर कलेंडर एक साल पहले जारी कर दिया गया था। अचानक आयोजन स्थगित करने से बाइक रेस दीवानों का निराशा हाथ लगी है। भारत में पहली बार मोटो जीपी का आयोजन किया गया था। डोर्ना स्पोर्ट्स ने भारत की फेयर स्ट्रीट के साथ भारत मोटो जीपी को लेकर समझौता किया था। डोर्ना स्पोर्ट्स ने घोषणा की कि इंडियन ग्रां प्री 2024 में नहीं होगी, मोटो जीपी ने देश में अपनी वापसी को 2025 की शुरुआत तक के लिए स्थगित कर दिया है। सितम्बर 2024 में मौसम की स्थिति के कारण भारत का ग्रैंड प्रिक्स आगे नहीं बढ़ सकता है, लेकिन उत्तर प्रदेश क्षेत्र मोटोजीपी की मेजबानी के लिए अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता जारी रखता है। मोटो जीपी मार्च 2025 में एक नए स्लॉट में भारत लौटने की उम्मीद कर रहा है, जब मौसम की स्थिति दर्शकों, मार्शलों और सवारों के लिए अनुकूलतम होने की उम्मीद है।

- **आयोजकों ने ट्रैक का निर्माण सहित अन्य कार्य करने वाली कई कंपनियों का नहीं किया भुगतान**
- **जांच के दौरान आयोजक फेयर स्ट्रीट पर 33 करोड़ भुगतान न करने हुआ खुलासा**
- **जेवर विधायक ने मुख्य सचिव और यीडा के सीईओ को लिखा पत्र**
- **सरकार से प्राप्त की धनराशि का ऑडिट कराए जाने की थी मांग**
- **प्राधिकरण टीम आज मौके पर जाकर निर्माण सहित अन्य कार्यों का करेगी सत्यापन**

# ग्रेनो वेस्ट में बिजली की समस्याओं को लेकर विधायक के नेतृत्व एनपीसीएल के साथ हुई बैठक



**ग्रेटर नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। एनपीसीएल के नॉलेज पार्क 3 स्थित दफ्तर में दादरी के विधायक तेजपाल नागर ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसायटियों में आ रही बिजली की समस्याओं के समाधान के लिए एनपीसीएल के अधिकारियों के साथ मुलाकात की। इस बैठक में विधायक प्रतिनिधि दीपक यादव के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा वेस्ट की 20 अलग-अलग सोसायटियों के ए ओ ए सदस्य एवं निवासीगण भी मौजूद थे। बैठक में निवासियों ने अपनी-अपनी सोसायटियों में आ रही अलग-अलग प्रकार की बिजली की समस्याओं के बारे में एनपीसीएल के अधिकारियों को अवगत कराया एवं यह भी बताया कि कैसे सभी बिल्डर्स निवासियों की साथ एनपीसीएल के द्वारा सैंक्शन बिजली लोड के अपेक्षा कई गुना ज्यादा बिजली लोड निवासियों को बेच रहा है तथा कैसे सैंक्शन लोड के हिसाब से ही बिजली के सभी इक्विपमेंट्स लगा रखे जिससे जैसे ही निवासियों के द्वारा बिल्डर से ख़रीदे गए बिजली लोड के अनुसार बिजली यूज़ करते है वैसे ही बिल्डर के इंटरनल इक्विपमेंट्स, फ्यूज बगैरह उड़ जाते है और एनपीसीएल की बिजली ट्रिप हो जाती है जिसके बाद डीजल जनरेटर का असली खेल शुरू होता है जोकि निवासियों की गलती के बिना उनके ऊपर जनरेटर का 20-25-30 रूपए पर यूनिट के हिसाब से चार्ज करके निवासियों को लूटा एवं परेशान किया जा रहा है।

दादरी विधायक तेजपाल नागर ने एनपीसीएल के अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया कि वो जल्द से जल्द ऐसे सभी बिल्डरों के यहां ऑडिट कराये एवं जो भी और जरुरी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं दूसरे जरुरी कदम है उनको जल्द से जल्द पूरा कराये और दोषी बिल्डरो के ऊपर तत्काल कार्यवाही करें तथा निवासियों को उनकी सोसाइटी में आ रही बिजली की समस्याओं का तत्काल समाधान करे एवं यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में किसी भी निवासी एवं आमजन को बिजली की समस्या नहीं होनी चाहिए एवं यह भी बताया कि वह जल्द ही उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री से मिलकर इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराने की कोशिश करेंगे।

और हर कदम पर निवासियों एवं क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर उनकी हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान एनपीसीएल के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही यह ऑडिट की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और इसके अलावा निवासियों को बिजली की कोई भी समस्या ना हो उसके लिए जो भी जरुरी इंफ्रास्ट्रक्चर और कदम उठाने पड़ेंगे वो हर संभव कदम जल्द से जल्द उठाये जाएंगे, एवं बिजली डिस्ट्रीब्यूशन में अगर किसी भी बिल्डर के इंटरनल सिस्टम में खराबी की बजह से बिजली ट्रिप करती है तो उसकी जानकारी भी निवासियों को किसी माध्यम से जरूर शेयर की जाएगी। बैठक में मल्टीप्वाइंट कनेक्शन का मुद्दा भी छाया रहा। बैठक के दौरान विधायक ने एनपीसीएल अधिकारियों से मल्टीप्वाइंट कनेक्शन को लेकर पूरी जानकारी हासिल की और सभी उपभोक्ताओं को मल्टीप्वाइंट कनेक्शन देने को कहा।

एनपीसीएल और सभी एओए पदाधिकारियों का पक्ष जानने के बाद विधायक ने इस काम में तेजी लाने को कहा। विधायक ने सभी एओए पदाधिकारियों से कहा कि वो अपने यहां सभी लोगों को एकजुट कर इस काम को पूरा करें। अगर कोई बिल्डर इसमें आना-कानी करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एनपीसीएल की तरफ से सारनाथ गांगुली, सुबोध त्यागी एवं तरुण जी उपस्थित रहें तथा भाजपा बिसरख मंडल अध्यक्ष मुकेश चौहान, गौरव पटेल, पंकज सिंह, परवेश, विपिन, पीयूष, अनुभव, उपस्थित रहे।

# प्राधिकरण किसानों के भविष्य के विकास की योजनाएं बनाए : धीरेंद्र

- **यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सीईओ से मिले विधायक,किसानों का पक्ष रखा**



**ग्रेटर नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह मंगलवार को यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने मिलकर मांग रखी कि प्राधिकरण कोई भी योजना बनाएं उसमें किसानों को हितों का भी ध्यान में रखा जाए। उन्होंनें कहा कि नीति और नीयत में किसानों के हितों और उनके अधिकारों को ध्यान में रखते हुए ही भविष्य के विकास की योजनाएं बनानी चाहिए। किसानों का पक्ष रखते हुए कहा कि किसान, विकास के साथ हैं, लेकिन उस विकास की एवज में किसान फले फुले और उसकी जीविका के साधन मजबूत हों, गांवों में आधुनिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, इन सभी उपायों को हमें करना ही होगा।

इस बैठक में यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सभी अधिसूचित ग्रामों से संबंधित नागरिकों के उन्नयन के लिए कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना, पर्यावरण के हित में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की कार्य योजना, सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की कार्य योजना और क्षेत्र के नौजवानों के हित में उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेल के मैदानों की स्थापना किए जाने के लिए विस्तृत चर्चा हुई, जिस पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपनी सहमति जताते हुए, शीघ्र जनहित में व्यवस्था किए जाने पर सहमति दी है। बैठक में यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अलावा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कपिल सिंह, विपिन जैन, श्रुति, जनरल मैनेजर एके सिंह, ओएसडी महराम सिंह आदि मौजूद रहे।

# यमुना प्राधिकरण में पांच बिल्डरों ने नहीं जमा की 25 प्रतिशत राशि

- **अमिताभ कांत कमेटी की सिफारिशों का लाभ लेने के लिए आगे नहीं आ रहे बिल्डरों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी**
- **यमुना एक्सप्रेस वे बकाया राशि का भुगतान न करने वाले बिल्डरों का करेगा आवंटन निरस्त**
- **आवंटन निरस्त करने के लिए यमुना प्राधिकरण अगली बोर्ड बैठक में रखेगा प्रस्ताव**

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। बिल्डर्स- बॉयर्स प्रकरण को सुलझाने के लिए गठित अमिताभ कांत कमेटी की सिफारिशों का लाभ में बिल्डर ज्यादा रूचि नहीं दिखा रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की तरफ से नोटिस भेजने के बाद भी पांच बिल्डर बकाया राशि का 25 प्रतिशत जमा करने के लिए आगे नहीं आए हैं। इसके अलावा पांच सबलेसी बिल्डर का भी बकाया है, वे भी राशि जमा नहीं किए। यमुना प्राधिकरण ऐसे बिल्डरों की सूची अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को पत्र भेज कर सूची उपलब्ध करा दी है और उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। बिल्डरों का आवंटन निरस्त करने के लिए यमुना प्राधिकरण अगली बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 9 बिल्डर परियोजनाओं में करीब 10 हजार फ्लैट बॉयर्स फंसे हुए हैं। बिल्डरों पर प्राधिकरण का करीब पांच हजार करोड़ बकाया होने की वजह से फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही थी। साथ ही रुकी हुई परियोजनाएं भी आगे नहीं बढ़ा पा रही थी। इसका समाधान निकालने के लिए ही शासन ने अमिताभ कांत कमेटी गठित की थी। कमेटी की सिफारिशों का लाभ लेने वाले बिल्डरों को बकाया राशि का 25 प्रतिशत एकमुश्त जमा करना था। इसके लिए 60 दिन की समय सीमा निर्धारित की गई थी। प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक 4 बिल्डरों ने ही 25 प्रतिशत राशि जमा की है। जबकि पांच बिल्डर को कई बार नोटिस भेजने के बाद भी कमेटी की सिफारिशों का लाभ लेने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। इन बिल्डरों के खिलाफ प्राधिकरण सख्त कार्रवाई करेगा। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने एटीसी बिल्डर ने बकाया राशि का पूरा पैसा जमा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगा। बकाया राशि का 25 फसदी न जमा करने वाले बिल्डरों का आवंटन निरस्त करने के लिए बोर्ड में प्रस्ताव रखा जाएगा।

# होटल संचालक पर डंडे से किया हमला

**दनकौर,** 28 मई (देशबन्धु)। क्षेत्र में स्थित खेरली नहर के पास स्थित एक होटल संचालक पर डंडे से एक दबंग ने हमला कर दिया। इस संबंध में पीड़ित ने मंगलवार को कोतवाली पहुंचकर आरोपी का नामजद करते हुए शिकायत की है। जुनेदपुर की मंडैया गांव निवासी दीपक नागर का कहना है कि उनका खेरली नहर के पास होटल है। उनका आरोप है कि क्षेत्र के बागपुर गांव निवासी एक दबंग उनके होटल को बंद कराना चाहता है। जिसके चलते आरोपी ने सोमवार की देर शाम उनके होटल पर पहुंचकर वहां काम करने वाले कर्मचारियों से मारपीट कर उनको वहां से भगा दिया। मामले की जानकारी होने पर जब दीपक भी वहां पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ भी डंडे से मारपीट कर दी। साथ ही होटल को जल्दी ही बंद नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी पीड़ित को दी है। जिसके चलते मंगलवार को पीड़ित ने कोतवाली में मामले की शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांचकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने बिजली की समस्याओं को लेकर एनपीसीएल पर किया प्रदर्शन




**ग्रेटर नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान के नेतृत्व एनपीसीएल से संबंधित बिजली की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया और कंपनी के जीएम सुबोध त्यागी को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा कि आज क्षेत्र के किसानों की बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर जिसमें मुख्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में भारी बिजली कटौती किसानों पर अनापशनाप बिल बनाकर भेजना गांवों में किसानों को ट्यूवेल के कनेक्शन समय पर न देना गांवों में लो वोल्टेज की समस्या और कंपनी द्वारा समय से समस्या का समाधान न करने को लेकर किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा ने कंपनी के जीएम सुबोध त्यागी को चार सूत्रीय समस्याओं से अवगत कराया है। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान ने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन के लोगों एनपीसीएल कार्यालय पर तालाबंदी करेंगे। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रजेश भाटी ने कहा कि कंपनी ने संगठन के कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया है कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा जिसमें नवादा गांव में तत्काल ट्रांसफॉर्मर बदलने एवं गांवों में किसानों को ट्यूबवेल के कनेक्शन देने एवं लोगों अन्य की समस्याओं को जल्द निस्तारित करने का आदेश दिया है। इस मौक़े पर प्रताप नागर, बालकिशन नागर, आलोक नागर, लौकेश भाटी, सजय कसाना, विनोद मलिक, गोफी कोडली, प्रवीण कासना, प्रमोद भाटी, रामनिवास नागर विनोद, नागर, दीपक शर्मा सजय,विकेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# जिला न्यायालय में तारीख पर आए व्यक्ति को पीटा

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। थाना सूरजपुर क्षेत्र में जिला न्यायालय में तारीख करने आए एक व्यक्ति के साथ मुकदमे की रंजिश को लेकर आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जिला बदायूं के थाना इस्लाम नगर के सुंदर नगर निवासी अरुण कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मार्च 2024 में उसने सूरजपुर में कॉफी का स्टाल लगाया था। इस स्टाल को लगाने का आरोपियों ने विरोध किया और उसके साथ मारपीट कर डाली। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई। जिसका मुकदमा सूरजपुर जिला न्यायालय में चल रहा है। सोमवार को वह सूरजपुर जिला न्यायालय में अपने इसी मुकदमे की तारीख करने आया था। अपने अधिवक्ता से मिलकर जब अरुण कुमार जाने लगा तो दनकौर के सालारपुर निवासी रोहित नागर, पवन नागर अपने दो अन्य साथियों के साथ आ गए। उसकी बाइक को रोक लिया। अरुण कुमार के साथ लाठी डंडों से मारपीट की और धमकी देते हुए भाग गए। थाना सूरजपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# छात्र-छात्रों के लिए विदाई समारोह 'पर्सनालिटी परेड' आयोजित



- **सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा**

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क-2 स्थित लॉयड ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स (फार्मेसी) में एल आई एमटी और एल एस पीके बी फार्म अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह 'पर्सनालिटी परेड' आयोजित किया गया। इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची। कार्यक्रम का आरंभ लॉयड ग्रुप की समूह निदेशिका डॉ. वंदना अरोरा सेठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। जूनियर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध कर दिया और वाहवाही बटोरी। फिल्मी गीतों और शास्त्रीय संगीत पर नृत्य, नाटक, शायरी और कविता पाठ जैसे कार्यक्रमों के जरिये अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर लायड ग्रुप की समूह निदेशिका डॉ. वंदना अरोरा सेठी ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संस्थान से सीखी गई बातें आपको जीवन के हर मोड़ पर मार्गदर्शन करेंगी।

सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए रैंप राउंड, टैलेंट राउंड और प्रश्नोत्तरी स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया। विभिन्न कल्चर की वेशभूषा में छात्र-छात्राओं ने रैंपवॉक कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसके आधार पर मिस्टर एंड मिस फेयरवेल का चयन किया गया। एलआईएमटी की तरफसे मिस्टर एंड मिस चार्मिंग हिमांशु और डॉली को, मिस्टर एंड मिस आल राउंडर -प्रथम और लावण्या को मिस्टर एंड मिस फेयरवेल भविष्य और अंशिका को। जबकि एलएसपी संस्थान से मिस्टर एंड मिस चार्मिंग-यश कांत और दिव्या, मिस्टर एंड मिस आल राउंडर-यश वर्धन और शिवांगी को, अनस और शुभी को मिस्टर एंड मिस फेयरवेल का खिताब मिला।

# छत से गिरकर युवक की मौत

- **लोगों के मुताबिक मानसिक रूप से था बीमार**

**ग्रेटर नोएडा,** 28 मई (देशबन्धु)। सूरजपुर कस्बे में किराए के मकान में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि मूल रूप से मध्य प्रदेश के छतरपुर का रहने वाला 22 वर्षीय कपिल सूरजपुर कस्बे में किराए के मकान में रहता था। कपिल सोमवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिर गया।

जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में कपिल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के घर के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि वह मानसिक तनाव में था। पुलिस को शक है कपिल ने छत से कूद कर आत्महत्या की है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।


ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Civil Services Officers Welfare Society के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या-E-06, Sector-Builder's Area, Pocket-P7, Greater Noida क्षेत्रफल-500 वर्ग मीटर, Shri Ganga Das S/o Shri Jangira Singh & Mrs. Sunita Kakran D/o Shri Ganga Das के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Shri Ganga Das की मृत्यु दिनांक-14.08.2017 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से सह आवंटी (Mrs. Sunita Kakran D/o Late Shri Ganga Das) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Shri Ganga Das के स्थान पर पूर्ण रूप से सह आवंटी (Mrs. Sunita Kakran D/o Late Shri Ganga Das) के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पारसौल में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1184/एस0टी0/एस0डी0एम0-सदर/2019 दिनांक 04.02.2019 मृतक स्व0 शान्ति देवी पत्नी हरकेश दत्त, नि0 पारसौल, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 66 768 | स्व0 शान्ति देवी पत्नी हरकेश दत्त, नि0 पारसौल, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री शशिकान्त जांगिड़ | पुत्र | 67 वर्ष |
| | | | श्री सोमदेव | पुत्र | 64 वर्ष |
| | | | श्री सुधाकर जांगिड़ | पुत्र | 61 वर्ष |
| | | | श्री इन्द्रपाल जांगिड़ | पुत्र | 58 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 29 मई 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# 'इंडिया' की बैठक के प्रयोजन और निहितार्थ

1 जून को लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान जब तक समाप्त होगा, संयुक्त प्रतिपक्ष यानी इंडिया की दिल्ली में बैठक आहूत की गई है। यह बैठक एक ओर जीत के प्रति इंडिया के विश्वास की अभिव्यक्ति है वहीं वह सरकार बनाने की रणनीति का हिस्सा भी कही जा सकती है। चुनावी नतीजों को लेकर जैसे अनुमान लगाये जा रहे हैं, वे निश्चित रूप से विपक्षी गठबन्धन में उत्साह का संचार करने के लिये पर्याप्त हैं। तो भी बैठक बुलाया जाना इस बात का संकेत है कि इंडिया चौकन्ना है और वह ऐसी कोई भी गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहता जिससे जोड़-तोड़ में माहिर भारतीय जनता पार्टी सेंधमारी कर सके। बैठक को लेकर यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि बहुमत मिलने की स्थिति में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार इसमें तय हो सकता है।

चुनाव के परिणाम 4 जून को निकलेंगे। दोपहर तक ही तय हो जायेगा कि किसकी सरकार बनेगी। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने बल पर 370 और अपने सहयोगियों (नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस- एनडीए) के साथ मिलकर 400 पार जाने का नारा दे रही है। हालांकि यह लक्ष्य 7 मई को हुए मतदान के तीसरे चरण के बाद ही हवा-हवाई हो चुका है। तो भी इसका जिक्र कभी-कभार भाजपा की प्रचार सभाओं में होता रहता है। यह अलग बात है कि अब भाजपा इतना ही कह रही है कि वह सरकार बनाने लायक सीटें (272) तो ले ही आयेगी, यानी मोदी तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। दूसरी तरफ जो जमीनी हालात दिखाई दे रहे हैं उससे इंडिया को बढ़त साफ महसूस की जा सकती है। अब तो केवल 8 राज्यों की मात्र 57 सीटों पर मतदान रह गया है लेकिन अब तक कांग्रेस व गठबन्धन के सहयोगी दलों की सभाओं में उमड़ी भीड़ ने बता दिया है कि जादुई आंकड़े को भाजपा नहीं इंडिया छूने जा रहा है। जिस उत्तर प्रदेश को भाजपा का सबसे मजबूत किला कहा जाता है, वहां भी उसे अपनी कई सीटें बचाने के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड जैसे राज्यों में जहां 2019 में भाजपा का स्ट्राइक रेट शत प्रतिशत या लगभग उतने का स्ट्राइक रेट था, वहां के बारे में पूरे दावे से कोई नहीं कह पा रहा है कि वह इस प्रदर्शन को दोहरा सकेगी। उल्टे, केरल, तमिलनाडु, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब जैसे राज्यों में इस प्रकार का प्रदर्शन इंडिया द्वारा होना सम्भव बतलाया जा रहा है। जिस हिन्दी पट्टी को लेकर भाजपा-एनडीए बहुत आश्वस्त थे, वहां हर राज्य में उनकी नाव डगमगा रही है। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक में भाजपा पिछले दोनों (2014 व 19) चुनावों के मुकाबले पिछड़ती दिख रही है।

इस स्थिति में अनेक ऐसे तथ्य हैं जिन्हें लेकर इंडिया को बहुत सावधान रहने की आवश्यकता होगी। सम्भवत: प्रस्तावित बैठक का यह भी एक महत्वपूर्ण एजेंडा होगा; और यदि न हो तो उसे होना चाहिये। मुश्किल से 2 वर्ष पहले तक भाजपा के बारे में लोगों की यही राय थी कि उसे पराजित नहीं किया जा सकता और मोदी का कोई विकल्प नहीं है। राहुल गांधी की दो भारत जोड़ो यात्राओं, मल्लिकार्जुन खरगे का कुशल नेतृत्व, प्रियंका गांधी की मेहनत, शरद पवार, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, अरविंद केजरीवाल, एमके स्टालिन, कल्पना सोरेन आदि के जुझारूपन ने इंडिया को जीत की दहलीज तक लाया है। इसके बाद रह जाती है तो सतर्कता- ईवीएम को लेकर। 543 सीटों वाली लोकसभा के लिये बटन दबी मशीनों को देश भर के जिन हजारों स्ट्रांग रूम में रखा गया है उनकी कक्षों के खुलने तक निगरानी और चौकस निगाहों से वोटों की गिनती उतनी ही आवश्यक है जितनी अब तक की जमीनी दौड़-धूप। सरकार बनाने के लिये भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है। यह कहने की भी ज़रूरत नहीं है। यह भी ख्याल रखना होगा कि अब भी तमाम शासकीय मशीनरी सरकार के अप्रत्यक्ष नियंत्रण में है। कायदे से वह केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के तहत है पर उसकी पिछली कार्यप्रणाली ने कह दिया है कि उससे ऐसी कोई आशा न की जाये क्योंकि अपनी निष्पक्षता व स्वायत्तता का तमगा उसने खुद ही निकाल फेंका है। प्रशासन, पुलिस एवं सारी वे एजेंसियां जो नयी सरकार के गठन के वक्त थोड़ी सी भी भूमिका निभाती हैं, उन सभी पर नज़र रखनी होगी।

एक बात तो साफ है; और जिसे सभी मान रहे हैं, वह यह कि इंडिया की सम्भावित जीत के बाद भी मोदी व भाजपा की ओर से सारी ऐसी कोशिशें की जायेंगी कि सत्ता उसके हाथ में रहे। ऐसा मानने वालों की तादाद बहुत कम है कि वह बहुत शालीनता व आसानी से सत्ता को जाने देगी।

कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि त्रिशंकु लोकसभा की स्थिति भी बन सकती है। ऐसे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जायेगी। देश का यह सर्वोच्च कार्यालय भी मोदी के नियंत्रण में काम करता है- यह बात सामने आ चुकी है। यदि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर आती है और इंडिया को स्पष्ट बहुमत मिलता है तब तो ठीक है, परन्तु अगर एनडीए के अल्पमत में होने के बावजूद भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर आती है तो उसे राष्ट्रपति पहले आमंत्रित कर सकती हैं। इंडिया को इस बाबत तैयारी कर रखनी होगी। उसे पहले सरकार बनाने का दावा पेश करना होगा। इसी बैठक में पीएम का नाम तय करना इस परिप्रेक्ष्य में रणनीतिक रूप से बहुत ज़रूरी है वरना बाजी हाथ से निकल जायेगी।

# पाप-पुण्य के रजिस्ट्रार चित्रगुप्त की भूमिका में नरेन्द्र मोदी

पाप-पुण्य की अवधारणा पूरी दुनिया में है। इसका उद्गम धर्म है। प्रकारान्तर से हर धर्म ने पाप क्या है और पुण्य क्या है, इसकी व्याख्याएं अपने-अपने हिसाब से की हैं।

जब तक समाज आधुनिक नहीं था तब तक लोगों के अच्छे-बुरे कर्मों की शिनाख्त उस समाज को चलाने वाले धर्म और उसके पुरोहितों व श्रेष्ठी वर्ग के हाथ में थी। यह वर्ग तय करता था कि किसने पाप किये हैं और किसने पुण्य। पापियों को सजा देने और पुण्यकर्मियों को पुरस्कृत करने का काम राजा का होता था। दुनिया का इतिहास उठाकर देखें तो पता चलता है कि सजाओं और पुरस्कार की व्यवस्था में एकरूपता नहीं रही। राज्यों के शासकों के विचारों व उनकी मान्यताओं के अनुसार न्याय व्यवस्थाएं बदलती रही हैं। किसी देश में एक राजा की सत्ता जाने के बाद जब दूसरा राजा गद्दी पर बैठता था तो उस देश की पूरी व्यवस्था बदल जाती थी। यहां तक कि पुत्रों की शासन प्रणाली अपने पिता से अलग किस्म की हुआ करती थी। असली बात यह है कि किसी भी राज्य की न्याय प्रणाली राजा के व्यक्तिगत मत तथा उन्हें प्रभावित करने वाले पुरोहितों, मंत्रियों एवं सेनापतियों के माध्यम से बनती-बिगड़ती रही है। कई बार तो एक धर्म को मानने वाले राजा के पतन के बाद जो अगला गद्दीनशीन होता था उसकी धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप रातों-रात शासन प्रणाली ढल जाती थी।

इस व्यवस्था में अनेक दोष थे। पहला तो यही कि मान्यताएं समय-समय पर बदलती रहती थीं। दूसरे यह कि सबके लिये कानून अलग-अलग थे जो पाप व पुण्य का निर्धारण करते हों। तीसरे, अपराधों की व्याख्या भी निश्चित नहीं होती थी। शासकों ने जैसा सोच लिया, वही अंतिम सत्य मान लिया जाता था जिसके खिलाफ न तो सुनवाई हो सकती थी और न ही पुनर्विचार। इस गड्डमड्ड और व्यक्तिगत या कोटरी की सनक से परिचालित न्याय प्रणाली को शनै: शनै: एक सुसंगठित शासन प्रणाली ने स्थानापन्न किया। मध्ययुग से आधुनिक काल आने में ढाई-तीन सौ साल लग गये। लोकतांत्रिक रूप से परिपक्वता हासिल कर चुके देशों में तो इस आधुनिक प्रणाली का प्रकाश जगमगा रहा है लेकिन अनेक देश अब भी मध्ययुग में जी रहे हैं। उसके लिये कहीं अब भी जारी राजतंत्र जिम्मेदार है तो कहीं धर्मराज्य। कहीं सामंती व्यवस्था तो कहीं सामाजिक कारण। भारत को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का वरदान है जिन्होंने सामंतवादी सामाजिक व्यवस्था के बावजूद रातों-रात एक ऐसी शासन प्रणाली देशवासियों को सौपी जिसके चलते वे 'मूक प्रजा' से 'अधिकार सम्पन्न नागरिक' बन गये। न केवल शासन प्रणाली बदली वरन समानता, स्वतंत्रता एवं बन्धुत्व के मूल्यों को संविधान में अंतर्गुंफित किया गया। यह संविधान एक सुव्याख्यायित व सुपरिभाषित है जिसमें कहीं कोई भ्रम या उलझाव नहीं है। उधर स्वतंत्रता मिलते-मिलते अंग्रेजी शासन व्यवस्था ने भारत में अपराध व न्याय संहिता को भी विकसित व लागू कर ही दिया था।



डॉ. दीपक पाचपोर

**मोदीजी को इसलिये पाप-पुण्य के पीछे जाकर इस योजना के बाबत लोगों को बताना पड़ा है क्योंकि कुछ अर्से तक तो लोगों ने इसे सुना क्योंकि मोदी इसका बहुत प्रचार करते रहे थे। अब विपक्ष ने इस योजना को लेकर मोदी की कड़ी आलोचना शुरू की है। कई नेताओं ने सवाल करने शुरू किये कि क्या मोदी यह राशन अपने खर्च पर लोगों को दे रहे हैं। लोग यह भी जान गये कि देश में खाद्यान्न भंडार अगर भरे हुए हैं तो यह वर्षों की किसानों की कड़ी मेहनत और पूर्ववर्ती सरकारों की देन है**

अब देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पाप-पुण्य के लिये जगह बची ही कहां रह गयी है? वैसे भी समाजशास्त्रियों के अनुसार जब तक संगठित कानून नहीं था तब तक लोगों को भयभीत करने और लालच देने के लिये इसका निर्माण हुआ था। ऐसे में समझना होगा कि जब आधुनिक मानकों पर खरी उतरती हुई एक स्वतंत्र और ज्यादातर निष्पक्ष न्यायपालिका है तब भला देश के सर्वोच्च पद पर विराजे हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोगों को पाप-पुण्य के आधार पर उन्हें वोट देने के लिये प्रेरित करने की ज़रूरत क्यों आन पड़ी? तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को आतुर मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिये एक प्रचार सभा में जो कहा उसका आशय यह था कि कोरोना काल के बाद शुरू की गयी योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर उन्होंने पुण्य कमाया है। उन्हें वोट देने से लोगों को पुण्य मिलेगा। अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने कह दिया कि जो उन्हें वोट नहीं देगा वह पाप का भागीदार बनेगा। एक तरह से वे लोगों को याद दिलाना चाहते थे कि उन्होंने लोगों के लिये 5 किलो निशुल्क राशन की योजना लाई है जो अगले 5 वर्षों तक जारी रहेगी। यह एक तरह से एहसान जताने जैसा ही है।

मोदीजी को इसलिये पाप-पुण्य के पीछे जाकर इस योजना के बाबत लोगों को बताना पड़ा है क्योंकि कुछ अर्से तक तो लोगों ने इसे सुना क्योंकि मोदी इसका बहुत प्रचार करते रहे थे। अब विपक्ष ने इस योजना को लेकर मोदी की कड़ी आलोचना शुरू की है। कई नेताओं ने सवाल करने शुरू किये कि क्या मोदी यह राशन अपने खर्च पर लोगों को दे रहे हैं। लोग यह भी जान गये कि देश में खाद्यान्न भंडार अगर भरे हुए हैं तो यह वर्षों की किसानों की कड़ी मेहनत और पूर्ववर्ती सरकारों की देन है जिन्होंने हरित क्रांति जैसी विभिन्न योजनाओं के जरिये देश को खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर ही नहीं बनाया वरन युद्ध या किसी प्रकृतिक आपदा के अंतर्गत अगर देश में उत्पादन घटे या न हो तो भी देशवासियों के भूखों मरने की नौबत न आए। दूसरे, लोग यह भी जान गये कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने ही नागरिकों को भोजन का अधिकार दिया था। मोदी को 5 किलो मुफ्त राशन का ढिंढोरा पीटने में अड़चन आने लगी जब कांग्रेस ने ऐलान किया कि उनकी सरकार बनी तो हर माह 10 किलो राशन निशुल्क दिया जायेगा। भाजपा के पास इसका तोड़ नहीं है।

मोदी के ही साथ पूरी भारतीय जनता पार्टी को परेशानी इसलिये भी है क्योंकि उनका यह अनुमान गलत निकला कि महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दे राममंदिर के कारण दब जायेंगे। ऐसा हुआ नहीं। उल्टे, ये मसले लोगों की चिंताओं का सबब और किसी के पक्ष में वोट डालने के लिहाज से विचार करने के प्रमुख आधार बन गये। बामुश्किल 6 प्रतिशत के लिये ही अयोध्या का राममंदिर महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह शायद वह सिलेबस था जिसकी तैयारी मोदी एवं उनकी पार्टी ने परीक्षा हॉल यानी चुनावी अखाड़े में आने के पहले बिलकुल नहीं की थी। मोदी का वह पैंतरा भी काम आता नहीं दिख रहा है जिसमें वे हिन्दू-मुस्लिम कर ध्रुवीकरण करें और बाजी मार ले जायें। हालांकि अब भी वे इसकी कोशिशें कर रहे हैं। कभी वे कहते हैं कि 'कांग्रेस के घोषणापत्र (न्याय पत्र) पर मुस्लिम लीग की छाया है' तो कभी कहते हैं कि 'कांग्रेस की सरकार जनता से सोना लेकर कई बच्चों वाले (मुस्लिम) को बांट देगी।' या फिर 'इंडिया वाले मंगलसूत्र छीनकर मुसलमानों को दे देंगे।' मोदी के भाषण ध्रुवीकरण के एजेंडे के बिना पूरे नहीं होते। अपनी प्रचार सभाओं या साक्षात्कारों में विकास को लेकर वे कोई बात नहीं करते। उनका फोकस जहां हिन्दू वोटों के ध्रुवीकरण पर रहा वहीं इंडिया ने उनकी पिच पर जाने से इंकार करते हुए रोजी-रोटी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के मुद्दे सत्यता व सघनता से उठाये।

लोकसभा का एक ही चरण बचा रह गया है जिसमें 57 सीटों पर 1 जून को मतदान होगा। वाराणसी की सीट भी है जिस पर खुद मोदी तीसरी बार प्रत्याशी हैं। स्थानीय एवं राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस समेत इंडिया सक्रिय है। इतना ही नहीं, विपक्षी गठबन्धन ताकतवर बन चुका है। उनके कई नेताओं को जेल में डालने और वित्तीय संसाधनों की कमी के बावजूद वह भाजपा का डटकर मुकाबला कर रहा है। ऐसे में मोदी चित्रगुप्त बनकर मतदाताओं को उनके पाप-पुण्य गिनाते हुए मतदान केन्द्रों तक ठेलने की कोशिश करें तो आश्चर्य नही।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# 4 जून को लोकसभा के नतीजों से तय होगा नया राजनीतिक समीकरण

■ कल्याणी शंकर

2024 के लोकसभा चुनाव समाप्त हो रहे हैं, और परिणाम 4 जून को आयेंगे। चुनाव के बाद का परिणाम केवल विजेताओं और हारने वालों के बारे में नहीं है। यह केवल प्रत्याशित परिणामों से कहीं अधिक के बारे में है। इसमें अप्रत्याशित गठबंधनों की संभावना, सत्ता की गतिशीलता में नाटकीय बदलाव और नयी राजनीतिक ताकतों का उदय शामिल है, जिनका अभी खुलासा होना बाकी है।

चुनाव में भाजपा की संभावित जीत एक महत्वपूर्ण बात है जो राजनीतिक परिदृश्य को नया आकार दे सकती है। हालांकि, परिणाम अनिश्चित है, दो संभावित परिदृश्य हैं, जिनमें से प्रत्येक के निहितार्थ हैं। एक परिदृश्य में भाजपा के लिए भारी जीत की भविष्यवाणी की गयी है, संभवत: 400 से अधिक सीटें भी। दूसरा परिदृश्य कम सीटों के साथ भाजपा के लिए अधिक मामूली परिणाम का संकेत देता है।

**4 जून के चुनाव नतीजे दिखायेंगे कि चुनाव के बाद का परिदृश्य भारतीय गठबंधन को कैसे प्रभावित करता है, उसे तोड़ता है या मजबूत करता है। वे यह भी संकेत देंगे कि क्या भाजपा अपनी हैट्रिक के साथ और अधिक अहंकारी हो जायेगी? भाजपा की लगातार तीसरी जीत पार्टी को अपने हिंदुत्व कार्यक्रम को और अधिक जोश के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है।**

भाजपा की भारी जीत के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। सबसे खराब स्थिति में, यदि भाजपा कम सीटें जीतती है, तो भी पार्टी अन्य दलों से समर्थन प्राप्त कर सकती है। यदि पार्टी 2019 के चुनाव की तुलना में कम सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरती है, तो उसके पास कुछ तटस्थ दलों की मदद से सरकार बनाने की वैकल्पिक योजना-ब (प्लान-बी) भी है।

कांग्रेस पार्टी द्वारा लिये गये रणनीतिक निर्णय, जैसे चुनाव लड़ने वाले निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या कम करना, भारतीय राजनीति की गहराई और जटिलता को उजागर करते हैं। प्रत्येक कदम एक बड़े लक्ष्य की ओर एक सुविचारित कदम है। शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण के समापन के साथ, कांग्रेस ने दावा किया कि भाजपा की किस्मत 'लगभग तय' है, इंडिया ब्लॉक पहले ही 272सीटों के आधे आंकड़े को पार कर चुका है और कुल 350 से अधिक सीटों की ओर अग्रसर है।

भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इंडिया गठबंधन का गठन पिछले साल 26 विपक्षी दलों ने एकजुट होकर मोदी से लड़ने के लिए किया था। हालांकि, अगर भाजपा सत्ता में लौटती है, तो गठबंधन को एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। कुछ साझेदार, जैसे कि तृणमूल कांग्रेस और आप, ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ पूरी तरह से गठबंधन नहीं किया है, जिससे इंडिया ब्लॉक की स्थिति कमजोर हो गई है। भाजपा की जीत से इंडिया अलायंस की रणनीति का पुनर्मूल्यांकन हो सकता है, तथा कुछ साझेदार वर्तमान इंडिया गुट से दूरी बनाना चुन सकते हैं।

यदि भाजपा अधिक सीटें जीतती है, तो छोटी पार्टियां गठबंधन में शामिल होने के लिए दौड़ सकती हैं। यह भीड़ विजयी पक्ष के साथ जुड़ने की उनकी इच्छा से प्रेरित हो सकती है, जो चुनाव के बाद के परिदृश्य को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, गठबंधन में शामिल होने की यह हड़बड़ी सिर्फ राजनीतिक हितों से प्रेरित नहीं हो सकती है। कुछ दल मोदी का विरोध करना चाहते हैं, जबकि अन्य गठबंधन को एक असफल प्रयास के रूप में देखते हैं।

इसके परिणामस्वरूप नवगठित इंडिया गठबंधन कमजोर हो सकता है, क्योंकि इस गठबंधन में कई अच्छे दोस्त हैं जो केवल अपने स्वार्थ के आधार पर किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन कर सकते हैं। भाजपा की अधिक सीटें हासिल करने या अन्य दलों से समर्थन हासिल करने की क्षमता कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। यह राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित कर सकता है, जिससे संभावित रूप से भारतीय गठबंधन सहित राजनीतिक ताकतों का पुनर्गठन हो सकता है। भाजपा ने कुछ महत्वपूर्ण सहयोगियों को खो दिया, जैसे शिवसेना और अन्नाद्रमुक के धड़े। लेकिन पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले टीडीपी वापस मिल गई है।

भाजपा नवीन पटनायक, जगन मोहन रेड्डी, के चन्द्रशेखर राव, मायावती और अन्य जैसे प्रभावशाली नेताओं के नेतृत्व वाली पार्टियों से समर्थन मांग सकती है। हालांकि किसी भी गठबंधन के साथ ये अभी शामिल नहीं हैं। इन नेताओं का महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव है और उन्होंने अतीत में भाजपा की मदद की है जब सत्तारूढ़ दल को उनकी जरूरत थी। चुनाव के बाद के परिदृश्य में उनकी संभावित भूमिका राजनीतिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दे सकती है।

अगर इंडिया ब्लॉक का प्रदर्शन खराब रहता है तो शिवसेना का उद्धव ठाकरे गुट और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी भी स्थिति का पुनर्मूल्यांकन कर सकती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल महत्वाकांक्षी हैं और उनकी नजर प्रधानमंत्री पद पर है। वह विपक्ष में रहेंगे। केजरीवाल ने भविष्यवाणी की कि अगर 4 जून को मोदी दोबारा जीते तो वह उद्धव ठाकरे, शरद पवार, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को जेल में डाल देंगे। उन्हें भी वापस जेल भेजा जायेगा। केजरीवाल ने भाजपा विरोधी कड़ा रुख अपना लिया है और आप के राजनीतिक भविष्य के लिए उन्हें इस पर कायम रहना होगा।

4 जून के चुनाव नतीजे दिखायेंगे कि चुनाव के बाद का परिदृश्य भारतीय गठबंधन को कैसे प्रभावित करता है, उसे तोड़ता है या मजबूत करता है। वे यह भी संकेत देंगे कि क्या भाजपा अपनी हैट्रिक के साथ और अधिक अहंकारी हो जायेगी? भाजपा की लगातार तीसरी जीत पार्टी को अपने हिंदुत्व कार्यक्रम को और अधिक जोश के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है।

## पावन प्रसंग

# आलस्य सबसे बड़ा शत्रु

आलस्य हमारा सबसे निकटतम शत्रु है और एक तरह से सबसे बड़ा अप्रत्यक्ष अपराध भी . क्योंकि इसने जितने बहुमूल्य जीवन को बर्बाद किया है, उतना शायद ही किसी ने किया हो। समाज का भी जितना अहित आलस्य ने किया होगा, उतना बाकी सभी ने मिलकर भी नहीं किया होगा। अन्य पाप तो दुर्घटना के रूप में आंखों से देखे जा सकते हैं, पकड़ में आ जाते हैं, उनकी प्रतिक्रिया तत्काल होती है और प्रतिरोध की व्यवस्था भी बनाई जा सकती है। जैसे चोरी, हिंसा, बलात्कार आदि, लेकिन आलस्य ऐसा अपराध है, जो हानि अधिक करता है, लेकिन आंखों से दिखता नहीं। इसलिए लोगों का ध्यान इसकी ओर नहीं जाता और यह पकड़ में भी नहीं आता और इसका कोई दंड भी नहीं मिल पाता। ऐसे में आलस्य अपना काम निरंतर करता रहता है। घुन की तरह अंदर ही अंदर से व्यक्ति व समाज को खोखला करता रहता है। परिणाम स्वरूप जिन संभावनाओं को लेकर व्यक्ति पैदा हुआ था, वे साकार नहीं हो पातीं। मानव जीवन तो प्रत्यक्ष कल्पवृक्ष है। जिसे ईश्वर ने अपनी प्रतिकृति के रूप में बनाकर धरती पर भेजा है, जिसमें सकल संभावनाएं भरी हुई हैं, जिन्हें यदि जागृत किया जा सके तो यह मानव जीवन निहाल हो जाए, लेकिन आलस्यरूपी एक अवगुण इन अनंत संभावनाओं पर तुषारापात कर देता है। व्यक्ति के जीवन को नाकारा बना देता है और समाज को पिछड़ा एवं प्रतिगामी। जीवन के तमाम अवसर, साधन एवं सुविधाओं के रहते भी व्यक्ति आगे नहीं बढ़ पाता। जबकि श्रम का अवलंबन लिए व्यक्ति तमाम अभाव एवं प्रतिकूलताओं के बीच भी अपना मार्ग निकाल ही लेते हैं।

पग-पग पर ऐसे व्यक्तियों के अनगिनत उदाहरण देखने को मिलते हैं, जो गई गुजरी स्थिति में पेदा हुए थे, जिनके घर की आर्थिक व सामाजिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिनके आधार पर उनसे कोई बड़ी आशा नहीं की जा सकती थी, लेकिन अपने अथक श्रम और प्रचंड पुरुषार्थ के बल पर वे निर्धारित लक्ष्य की ओर तीव्रता से आगे बढ़े और अभीष्ट फल को प्राप्त कर सके। इनकी उन्नति के पीछे एक ही साधना का प्रभाव रहा, जो था परिश्रम। जिसके बल पर इन्होंने अपनी पिछड़ी स्थिति के बावजूद चमत्कारिक सफलताएं प्राप्त कीं और अपने साथियों को कोसों पीछे छोड़ते हुए अपनी श्रेष्ठता को सिद्ध समर्थ करते हुए आगे बढ़े।

कई लोगों में ऐसी जन्मजात विशेषताएं व प्रतिभाएं पाई जाती हैं। इनकी शारीरिक व मानसिक क्षमता दूसरों से अधिक होती है, जिसके आधार पर वे जल्दी और अधिक सफलता प्राप्त कर लेते हैं। इन्हें देखकर ईश्वर पर पक्षपात करने का आरोप लग सकता है,लेकिन यह उनके पूर्वजन्म के रूप में इस जन्म में अनायास ही उपलब्ध होने जैसा दिखता है। इस तरह परिश्रम ऐसी साधना है, जिसका फल कभी निष्फल नहीं जाता। आज नहीं तो कल वह फलित जरूर होता है। जन्म-जन्मों तक इसका प्रभाव रहता है। परिस्थिति वश चाही हुई दिशा में, निर्धारित समय में यदि अमुक सफलता न भी मिले तो भी व्यक्ति की प्रतिभा एवं मनीषा अन्य की तुलना में श्रेष्ठतर रहती हैं और वह दूसरों से अधिक सफल सिद्ध होता है और अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने में सक्षम होता है। जीवन में दरिद्रता और कुछ नहीं, व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक आलस्य का ही परिणाम है। जिस वस्तु का समुचित उपयोग नहीं होता वह अपनी विशेषता खो बैठती है। श्रम से वंचित शरीर अपनी स्फूर्ति, तेजस्विता बलिष्ठता खो बैठता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# अदब और तहजीब सिखाते 'मुजरों' से आपने क्या सीखा है?

रियासतो की विरासत हो या राजनीति की सियासत, हमें हमेशा ही कुछ न कुछ सीखने को मिला ही है। अब रियासतें तो रहीं नहीं, जो हैं भी वो भी राजनीति की शिकार हो चुकी हैं। ऐसे में हमें पुरानी विरासतों में झांक कर देखना पड़ेगा कि वहां से हम क्या सीख सकते हैं जिसकी आज की राजनीति में सबसे ज्यादा जरूरत है। हमें राजनीति को कुछ दिनों के लिए अतीत की दुनिया में ले जाकर उन्हें उनकी ही समृद्ध विरासत के दीदार कराने की जरूरत है। तो मैं इसकी उंगली पकड़ता हूं और ले चलता हूं भारत की संगीत और नृत्य परंपरा को समृद्ध करने वाले उन भवनों में जिन्हें आप 'कोठों' के नाम से जानते हैं। आश्चर्य न करिए, हम उन्हें नृत्य और गाना-बजाना सिखाने नहीं ले जा रहे हैं, हम उन्हें बस इतना दिखाने ले जा रहे हैं कि अदब और तहजीब कैसे सीखी जाती है। बोलने-चलने की तहजीब और भाषा की अदब।

देखिए हमें लगता है कि इस समय भाषा का पतन जिस वेग से बढ़ता जा रहा है उसमे बहुत जरूरी है कि इन राजनेताओं को समय यंत्र के जरिए उस दौर में ले जाया जाए, जहां से कुछ तो सीख पाएं मगर इससे पहले इनको कुछ दिन तक इस बात का प्रशिक्षण देना होगा कि ये महफिलों में जाने के बाद अपना कार्य व्यवहार कैसा रखें। क्योंकि इस समय इनका आचार-विचार इतना दूषित हो चुका है कि एकाएक महफिल में जाने पर ये उसे भी दूषित कर देंगे। तो हम इनको कुछ दिन बिठाकर महफिलों और कोठों का इतिहास पढ़ाएंगे। इनको बताएंगे कि कैसे बड़े-बड़े संगीत घराने इन्हीं कोठों की गलियों से निकले और बड़े-बड़े रियासतदार और राजा अपने राजकुमारों को इन कोठों पर अदब और तहजीब सीखने के लिए भेजा करते थे। लेकिन हमें सतर्क रहना होगा, जब हम इनको ये पाठ पढ़ा रहे हों तो इनकी आंखों पर पट्टी बंधी हो। जिससे ये सिर्फ सुनकर उसे महसूस कर पाएं। इनकी पट्टियां सीधे उन्हीं महफिलों में खोली जाएंगी। इनमें से हो सकता है कुछ वहां के दृश्यों को देखकर विचलित हो जाएं और चरित्र से ढीले कुछ लोग किसी खुराफात पर उतर आएं। इसलिए आंखों पर लगी पट्टियों को धीरे-धीरे खोला जाएगा।

लय, सुर और ताल का महत्व सिर्फ गीत संगीत में ही नहीं है बल्कि जीवन में भी इसका बड़ा महत्व है। हमें अपने जीवन को भी इन्हीं लय और ताल के साथ जीना आना चाहिए। संगीत के जैसे ही हमारे आचार-विचार, व्यवहार का भी एक विधान होना चाहिए। ऐसे ही थोड़े न कबीर ने कह दिया है कि -'हिये तराजू तौलि के तब मुख बाहर आनि'। साहित्य जगत के निबंधकार प्रतापनरायण मिश्र ने भी कहा है कि बात की बात बड़ी करामात है- बातहि हाथी पाइए, बातहि हाथी पांव। मगर अब जब बोली और बात को लोग बिना सोचे समझे मुंह से फेंक रहे हैं तो उनको भाषा की तालीम लेनी जरूरी है। और अदब सीखने की इससे अच्छी जगह क्या हो सकती है, तो चलिए एक-एक करके इन्हें महफिल में बिठाया जाए।

सारंगी,तबला और घुंघरू की मद्धम मद्धम आवाज के साथ सभी का स्वागत किया जाए। नर्तकियां परिचय संगीत के साथ महफिल में आएं और एक-एक करके अपना परिचय दें। फिर सुरीली राग में इन्हें कुछ ऐसे नगमे सुनाएं जाएं जिनसे इनके अंतर्मन में संगीत का रस पूरी तरह घुल जाए। जब लगे कि ये सहज हो रहे हैं तो धीरे-धीरे इनकी आंखों से पट्टियां हटाई जाएं। रागों का परिचय दिया जाए। उसके विषय में बताया जाए। बैठने का सलीका सिखाया जाए और ये भी बताया जाए कि तारीफ में दाद कैसे देनी हैं। ये नहीं कि जब मन आया 'वाह वाह' कर दिए। पट्टियां हटाते समय हमें यह भी जान लेना होगा कि इनकी आंखों पर कोठा, तवायफ आदि के नाम पर जो पट्टियां आंखों पर पहले से ही पड़ी हैं,वो खुली कि नहीं। फिर शुरू किया जाए 'मुजरा'।

**-सुसंस्कृति परिहार**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव,*
*(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## एवरेस्ट पर आरोहण के दौरान भारतीय पर्वतारोही की मौत

**काठमांडू।** माउंट एवरेस्ट पर आरोहण अभियान के दौरान बचाए गए एक भारतीय पर्वतारोही की एक स्थानीय अस्पताल में मौत हो गई है, जिससे इस मौसम में दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर चढ़ाई के दौरान मरने वालों की संख्या आठ हो गई है। यह जानकारी एक नेपाली पर्यटन अधिकारी ने मंगलवार दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 46 वर्षीय बंशी लाल को पिछले सप्ताह एवरेस्ट से बचाया गया था और नेपाल की राजधानी काठमांडू के एक अस्पताल में भर्ती किया गया था। पर्यटन विभाग के राकेश गुरुंग ने मीडिया से कहा कि उनका अस्पताल में निधन हो गया।



# मध्य पूर्व व यूरोपीय संघ के देशों ने की राफा शिविर पर इजराइली हमले की निंदा

**काहिरा,** 28 मई (एजेंसियां)। मध्य पूर्व और यूरोपीय संघ के देशों ने गाजा पट्टी के उत्तर-पश्चिमी राफा में विस्थापित नागरिकों पर इजराइल के हवाई हमले की निंदा की है। हमले में कम से कम 45 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि इजराइली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी गजान शहर में विस्थापित नागरिकों के लिए स्थापित शिविर को निशाना बनाया। कतर के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर इजराइली हमले की निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन बताया। बयान में कहा गया कि हमले से फिलिस्तीनी क्षेत्र में मानवीय संकट गहराएगा। बयान में कहा गया कि इजराइली हमले से युद्धविराम के लिए जारी वार्ता पर प्रभाव पड़ेगा। कतर ने इजराइल से राफा पर सैन्य हमलों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले का पालन करने का आह्वान किया। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से भी इजराइल के अत्याचारों को रोकने



और नागरिकों की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया गया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा कि इजराइल ने फिलिस्तीनी नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की हत्या की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, प्रवक्ता ने कहा कि यह हमला युद्ध अपराधों का एक प्रमुख उदाहरण है और आईसीजे के फैसले का स्पष्ट उल्लंघन है। आईसीजे ने इजराइल को राफा में हमला रोकने का आदेश दिया था। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने भी राफा में इजराइली हमले की निंदा करते हुए इसे नरसंहार कहा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तुर्की नेता ने इजराइली सरकार पर अपने राजनीतिक लाभ के लिए रक्तपात का सहारा लेने का आरोप लगाया। डब्ल्यूएएफए के अनुसार, इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने कहा कि इजराइली हमला मानवता के खिलाफ एक अपराध है। अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक इसके लिए जवाबदेही तय करने की आवश्यकता है।

## नेतन्याहू ने राफा में नागरिकों की मौत का दुख जताया

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि रविवार को गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा में जिस हमले में बड़ी संख्या में विस्थापित फिलिस्तीनी मारे गए, वह एक दुखद दुर्घटना थी। इस घटना के लिए अंतरराष्ट्रीय जगत में इजरायल की खूब निंदा हो रही है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायली हमले में कम से कम 45 लोग मारे गए और सैकड़ों अन्य घायल हो गए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को इजरायली संसद में नेतन्याहू ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि इजरायल गाजा में लड़ाई में फंसे नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव सावधानी बरते लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने काफी कोशिश की कि जो लोग संघर्ष में शामिल नहीं हैं, उनको निशाना न बनाया जाय। हालांकि नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की कसम खाई। नेतन्याहू ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि लक्ष्य हासिल होने से पहले हमारा युद्ध खत्म करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि रफा में, हमने पहले ही लगभग दस लाख नागरिकों को निकाल लिया है और उनको नुकसान न पहुंचाने के हमारे भरसक प्रयास के बावजूद, दुर्भाग्य से गलती हो गई। हम घटना की जांच कर रहे हैं। इस बीच रफा पर इजरायल के हमले के बाद हमास ने कथित तौर पर मध्यस्थों को बता दिया है कि वह युद्ध विराम या कैदी विनिमय समझौते पर कोई बातचीत नहीं करेगा। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम इजरायली बंधकों को नहीं छोड़ेंगे और अगर छोड़ेंगे तो अपनी शर्त पर।



## सुडोकू 6569

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 5 | | | | 9 | |
| 5 | | | 9 | | | | 3 | 1 |
| | | | | | | 8 | | |
| 3 | 6 | | | 5 | 4 | | 1 | |
| | | 1 | 8 | | 6 | 9 | | |
| | 7 | | 1 | 3 | | | 4 | 6 |
| | | 5 | | | | | | |
| 7 | 1 | | | | 3 | | | 9 |
| | 3 | | | | 5 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 29 मई , 2024 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6**

### राशिफल

मेष - आज आप घर की बातों पर अधिक ही ध्यान देंगे। परिजनों के साथ बैठकर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर के इंटीरियर पर आप धन खर्च कर सकते हैं। आज आपको अपने काम में संतोष का अनुभव होगा।

वृषभ - आज नए काम की प्रेरणा मिलेगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा से आपका मन भक्तिमय हो जाएगा। लंबे प्रवास की योजना बनाएंगे। दूर के रिश्तेदारों या दोस्तों से शुभ समाचार मिलेंगे। परेदश जाने की संभावनाएं बनेंगी।

मिथुन - आज का दिन प्रतिकूल है, अत: आज आप हर काम सावधानी से करें। आज किसी नए काम का आरंभ न करें। गुस्से के कारण कुछ अनिष्ट न हो, इसका खास ध्यान रखें।

कर्क - आज का संपूर्ण दिन आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजन से भरा हुआ रहेगा। मित्रों से रोचक भेंट होगी। आनंद-प्रमोद के साधन, वस्त्र इत्यादि की खरीद हो सकती है। प्रणय संबंधों में सफलता मिल सकती है।

सिंह - आज का दिन औसत रहने वाला है। घर में शांति का वातावरण रहेगा। दफ्तर में सहकर्मियों से कम सहयोग मिलेगा। दैनिक कामों में कुछ रुकावटें आएंगी। शत्रुओं तथा विरोधियों की वजह से परेशानी होगी।

कन्या - आज आप संतान को लेकर चिंतित रहेंगे। मन विचलित रह सकता है। पेट से संबंधित कोई बीमारी या दर्द रह सकता है। विद्यार्थियों का आज दिक्कत आएगी। आकस्मिक खर्च की संभावनाएं हैं।

तुला - आज के दिन आप मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। आज आप कुछ अधिक ही भावुक रहेंगे। मन में उठ रहे विचारों के कारण कुछ परेशान रह सकते हैं। माता तथा स्त्री के विषय में चिंता सताएगी।

वृश्चिक - आज पूरे दिन आप प्रसन्न रहेंगे। किसी नए काम की शुरुआत कर पाएंगे। साथियों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। मित्रों औक स्वजनों से भेंट हो सकती है। किसी भी काम में आज आपको सफलता मिलेगी।

धनु - आप का दिन मिश्रित फलदायी है। असमंजस के कारण निर्णय लेना कठिन होगा। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से निराशा होगी।

मकर - आज आपका प्रत्येक काम सरलता से पूरा होगा। नौकरी और व्यापार के लिए किए प्रयासों से आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग हैं। गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। आज चोट लगने की आशंका है।

कुंभ - धन के लेन-देन और जमीन-जायदाद के सौदों में आज बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। मानसिक रूप से आज एकाग्र बने रहेंगे। खर्च की मात्रा अधिक होगा।

मीन - आज मित्रों से आपको लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी होगा। सामाजिक कामों में अधिक रुचि रहेगी। बड़ों और मित्रों से कोई नए व्यवहार बन सकते हैं। किसी रमणीय स्थल पर जाने का आयोजन होगा। नए मित्र बनेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# अमेरिका में तूफान से अब तक 20 लोगों की हुई मौत

**सैन फ्रांसिस्को,** 28 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में पिछले सप्ताह के अंत में आए तूफान से अब तक कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है। तूफान का सबसे ज्यादा प्रभाव टेक्सास, अर्कांसस, ओक्लाहोमा और केंटुकी राज्य में पड़ा है। तूफान ने टेक्सास में भारी तबाही मचाई। राज्य



के कुक काउंटी में तूफान की चपेट में आकर कुछ मकान धराशाई हो गए। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि राज्य में अब तक 20 लोगों के मारे जाने और 100 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। अर्कांसस की गवर्नर सारा हुकाबी सैंडर्स ने बेंटन काउंटी शेरिफ कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य में तूफान से आठ लोगों के मारे जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि तूफान के कारण भारी मात्रा में संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है। कई मकान ढह गए और पेड़ गिर पड़े। केंटुकी में, लुइसविले के मेयर क्रेग ग्रीनबर्ग ने शनिवार रात आए तूफान के बाद एक शख्स के मारे जाने की पुष्टि की। मर्सर काउंटी आपातकालीन प्रबंधन निदेशक ब्रैड कॉक्स के अनुसार, मर्सर काउंटी, केंटकी में एक और व्यक्ति की मौत हुई है। केंटुकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने भी एक और व्यक्ति के मारे जाने की बात कही।

उन्होंने केंटुकी की पांच काउंटियों में आपातकाल की घोषणा की है। आपातकालीन प्रबंधन अधिकारियों के अनुसार, पूर्वोत्तर ओक्लाहोमा में, मेयस काउंटी में आए बवंडर के कारण दो लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। इस दौरान कई घर गिर पड़े। इसकी चपेट में आकर लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। 2015 के बाद से टेक्सास में इसे सबसे घातक बवंडर बताया जा रहा है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि बवंडर की गति 135 मील प्रति घंटे की थी।

## बांग्लादेश : चक्रवाती तूफान रेमल के कहर से पांच और लोगों मौत

**ढाका,** 28 मई (एजेंसियां)। बंगलादेश की राजधानी ढाका में गत दिवस चक्रवाती तूफान रेमल के कारण अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ पेड़ उखड़ने और बिजली के खंभे गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी। ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी बच्चू मिया ने मंगलवार को मौतों की पुष्टि की। ढाका में रविवार रात को आए चक्रवाती तूफान रेमल का प्रभाव आज सुबह तक देखा गया और राजधानी में बारिश और तेज हवाएं चल रहीं है। राजधानी ढाका से लगभग 259 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में, खगराचारी जिले में चक्रवाती तूफान के कारण उखड़े हुए पेड़ों को हटाते समय आज तड़के एक अग्निशमन कर्मी की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गयी। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश का तटीय क्षेत्र तूफान की तेज़ हवाओं से प्रभावित हुआ है। चक्रवाती तूफान से पेड़ और घरों और इमारतों की छतें उड़ गईं और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। कथित तौर पर देश के दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में चक्रवाती तूफान से बाढ़ सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## 31 मई से 5 जून तक अमेज़न फैशन पर 'वार्डरोब रिफ्रेश सेल' के 14वें संस्करण के लिए हो जाइए तैयार

**नई दिल्ली** 28 मई (एजेंसियां)। सूरज अपनी गर्मी से सबको पस्त कर रहा है, तो गर्मियों के स्टाइलिश और आरामदायक आफ्शन से अपनी वार्डरोब को रिफ्रेश करने का भी यही समय है, इसमें आपकी मदद करने के लिए अमेज़न फैशन की बहुप्रतीक्षित वार्डरोब रिफ्रेश सेल वापस आ गई है। अमेज़न की इस महासेल के 14वें संस्करण में फैशन-फ़ॉरवर्ड प्रोडक्ट की विशाल रेंज ऑफर की जाएगी, जिसमें समर रिसॉर्ट वियर का खास ख्याल रखा जाएगा। ग्राहक इस मौसम के आरामदायक और आकर्षक माहौल का आनंद उठाने के लिए 1500 से ज़्यादा जैसे बिबा, एलन सोली, वैन ह्यूसेन, क्रॉक्स, प्यूमा, माइकल कोर्स, टाइटन, फास्टट्रैक, लक्मे, जीआईवीए, बिबा, लावी, डोव, सफारी, अमेरिकन टूरिस्टर, पियोरा, यूबेला और अन्य के 30 मिलियन से ज़्यादा सलेक्शन और 3 मिलियन से ज़्यादा स्टाइल में से अपना मनपसंद प्रोडक्ट चुन सकते हैं। अमेज़न फैशन के वाइस प्रेजीडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा अमेज़न फैशन में, आकर्षक दाम एवं सुविधा के साथ हम अपने ग्राहकों को ब्रांड, ट्रेंडिंग स्टाइल, नए लॉन्च, दुर्लभ खोजों का व्यापक सलेक्शन प्रदान करके उनकी अनूठी शैली की खोज करने के लिए सशक्त बनाने में यकीन रखते हैं।

## जापान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के उपग्रह प्रक्षेपण को गंभीर क्षेत्रीय खतरा दिया करार

**टोक्यो,** 28 मई (एजेंसियां)। जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका के वरिष्ठ राजनयिकों ने उत्तर कोरिया के असफल उपग्रह प्रक्षेपण को क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर और आसन्न खतरा करार



दिया है। यह जानकारी जापान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दी। मंत्रालय ने बताया कि उत्तर कोरिया के लिए उप अमेरिकी विशेष प्रतिनिधि जंग पाक, उत्तर कोरियाई परमाणु मामलों के लिए दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्रालय के महानिदेशक ली जून-इल और जापानी एशियाई एवं ओशिनियन मामलों के ब्यूरो के महानिदेशक हिरोयुकी नामाजू ने उत्तर कोरिया के असफल उपग्रह प्रक्षेपण को लेकर फोन पर बातचीत की। जापानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पार्टियों ने पुष्टि की कि उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र

**उत्तर कोरिया ने जापान को 27 मई से चार जून के बीच उपग्रह प्रक्षेपित करने की चेतावनी दी थी : जापानी कोस्ट गार्ड**

सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन है, जो उत्तर कोरिया को बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक का उपयोग करने से प्रतिबंधित करता है, और यह भी सहमति बनी कि 27 मई को हुआ प्रक्षेपण इस क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एक गंभीर और आसन्न खतरा है। बयान में कहा गया है कि अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा परिषद के भीतर सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। इस बीच, जापानी रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि उत्तर कोरिया द्वारा किया गया उपग्रह प्रक्षेपण असफल रहा। जापानी कोस्ट गार्ड ने कहा कि उत्तर कोरिया ने जापान को 27 मई से चार जून के बीच उपग्रह प्रक्षेपित करने की चेतावनी दी थी। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि नए उपग्रह प्रक्षेपण यान के पहले चरण में उड़ान के दौरान हवा में विस्फोट हो जाने के बाद उत्तर कोरिया का खुफिया उपग्रह प्रक्षेपण असफल रहा।

## वर्ग पहेली 6569

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | | २३ | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१.दुखभरी कहानी
३. रेल का सिंग्नल
५. प्रधान, सरदार
६. निवासी (उर्दू)
७. समान दरजे का, बराबर
९. नियंत्रित, सयमित, दबाया हुआ
१०. निर्दयी (उर्दू)
१२. बदसूरत,
१३. मौलिक, वास्तविक
१४. पानी का बुल्ला, क्षणभंगुर वस्तु
१६. झुका हुआ
१८. कमीशन लेकर दूसरे का माल बिकवा देने का व्यवसाय
२०. माथा, ललाट
२१. नया आया हुआ अतिथि
२३. भेदभरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. रोजगार,. व्यारार
२. सेना का एक अफसर (उर्दू)
३. राजनीति, सल्तनत (उर्दू)
४. प्रेक्षक, देखने वाला
५. नरम, कोमल (उर्दू)
८. माफ करना
१०. दुर्दशाग्रस्त, बुरी हालत(उर्दू)
११. पते प्रमाण के लिए किय गया उल्लेख. सिपुर्दगी (उर्दू)
१२. खानदानी
१३. निरक्षर
१४. होशियारी, चतुराई
१५. जुलाहा
१७. लहर
१८. सुस्ती, अकर्मण्यता
१९. पुत्र
२२. रीति, शैली, ढंग, बनावट (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6568

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | स | २ ख | रा | ■ | ■ | ३ वि | मा | ४ नि | त |
| णि | ■ | ब | ■ | ५ मो | ह | क | ■ | र्जी | ■ |
| ६ बं | द | र | गा | ह | ■ | ७ ल | ब्ध | व | ८ र |
| ध | ■ | दा | ■ | ९ पा | त्र | दा | ■ | ■ | वि |
| ■ | १० प | र | ११ व | श | ■ | ■ | १२ अ | त्य | न्त |
| ■ | ह | ■ | र्ण | ■ | १३ प्र | ति | भा | ■ | न |
| १४ मू | ल | १५ ध | न | ■ | वा | ■ | १६ व | १७ ल | य |
| ल्यां | ■ | न्य | ■ | १८ ब | ह | १९ रा | ■ | ल | ■ |
| २० क | ले | वा | ■ | ढ़ि | ■ | २१ क्ष | यं | क | २२ र |
| न | ■ | २३ द | कि | या | नू | स | ■ | ■ | द्द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1658 – औरंगजेब ने सामुगढ़ की लड़ाई में दारा शिकोह को पराजित किया।
1724 – पोप बेनेडिक्ट त्रयोदश, पिएत्रो फ्रांसिस्को ऑरसिनी का जन्म।
1727 – पीटर-द्वितीय 11 साल की उम्र में रूस का जार बना।
1790 – रोड आइलैंड ने संयुक्त राज्य के संविधान की पुष्टि की और ऐसा करने वाला 13 मूल राज्यों में से अंतिम राज्य बन गया।
1861 – हांगकांग जनरल चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना की गयी।
1874 – स्विट्ज़रलैंड में वर्तमान संविधान प्रभावी किया गया।
1896–भारत के छठे प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का जन्म हुआ।
1906 – जाने-माने निबंधकार कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर का जन्म।
1915 – तोफिलोब्रागा पुर्तगाल के राष्ट्रपति बने।
1947 – फ्लुगेलैग द्वीपसमूह पर एक विमान पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 25 लोग मारे गए।
1953 – एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नॉर्गे माउंट एवरेस्ट पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बने।
1959 – चार्ल्स दि गाल फ्रांस के राष्ट्रपति बने।
1970 – यूनाइटेड रुस ने अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट किया।
1972 – अभिनेता और पृथ्वी थियेटर के संस्थापक पृथ्वीराज कपूर का निधन।
1983 – नील बोनेट ने चार्लोट मोटर स्पीडवे पर दुनिया की 24वीं दौड़ में अपनी जीत दर्ज कराई।
1987 – भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का निधन।
1990 – दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में आए भीषण भूकंप से 56 मरे।
1999 – नाइजीरिया में नागरिक सत्ता की स्थापना हुई।
2007 – जापान की रियो मोरी मिस यूनिवर्स बनीं।
2008 – भारतीय जनता पार्टी के नेता बीएस येदियुरप्पा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

**घोषणा** *इजरायल और हथियारबंद संगठन हमास के बीच गाजा पट्टी क्षेत्र में खूनी संघर्ष*

# आयरलैंड ने फिलिस्तीन को स्वतंत्र, संप्रभु देश की मान्यता दी

**नई दिल्ली/डबलिन, 28 मई (एजेंसियां)। इजरायल और हथियारबंद संगठन हमास के बीच गाजा पट्टी क्षेत्र में खूनी संघर्ष के बीच यूरोपीय देश आयरलैंड ने फिलिस्तीन को एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की मंगलवार को घोषणा की। आयरलैंड सरकार की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में यह घोषणा की गई। इससे पहले मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बयान में कहा गया है, यह सरकार फिलस्तीन को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के रूप में मान्यता देती है**

और डबलिन (आयरलैंड) तथा रामल्लाह (फिलिस्तीन) के बीच पूर्ण राजनीतिक संबंध स्थापित करने पर सहमत हुई है। इससे पहले आज आयरलैंड के साथ ही नार्वे और स्पेन ने भी फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने की घोषणा की थी। इन देशों ने 193 सदस्य देशों के संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन सरकार को मान्यता देने के प्रस्ताव को 145 के बहुमत से स्वीकृत किए जाने के कुछ दिन बाद यह घोषणा की। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को इजरायल ने अस्वीकार कर दिया है। स्वतंत्र फिलिस्तीन के प्रस्ताव को अमेरिका, कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया और पश्चिमी यूरोप के अधिकांश देशों ने समर्थन नहीं दिया है। अमेरिका ने इससे पहले अप्रैल में फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बनाने के लिए रखे गए प्रस्ताव को



वीटो कर दिया था। पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल पर हमास के आतंकवादी हमले के बाद इजरायली सेना ने गाजा पट्टी पर हमास के खिलाफ भीषण कार्रवाई शुरू कर दी थी। इजरायली सैनिक अब गाजा के दक्षिणी शहर राफा में भी घुस कर हमास लड़ाकों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। हेग की अंतरराष्ट्रीय अदालत ने दक्षिण अफ्रीका की अर्जी पर इजरायल को गाजा में सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने का आदेश दिया है। दक्षिण अफ्रीका की अर्जी में इजरायल पर गाजा में नरसंहार करने का आरोप लगाया गया था, लेकिन इजरायल की बेंजामिन नेतनियाहू सरकार ने कहा है कि वह हमास के खिलाफ जो भी कर रहा है, आत्मरक्षार्थ कर रहा है और यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि हमास ने सात अक्टूबर 2023 के बंधकों को अभी तक नहीं छोड़ा है।

### इजरायल बोला- हम अपने लक्ष्य के लिए दृढ़ हैं

इजरायल के विदेश मंत्री काट्ज ने कहा कि आयरिश-नॉर्वेजियन मूर्खता हमें रोक नहीं सकती है। हम अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए दृढ़ हैं. हमारे नागरिकों के लिए सुरक्षा बहाल करना, हमास को खत्म करना और बंधकों को घर वापस लाना टारगेट में शामिल है. इससे बढ़कर हमारे लिए कुछ नहीं है।

## दुनिया को जानें

# जापान में पहली बार कोविड-19 एंटीबॉडीज दर 60 प्रतिशत हुई

**टोक्यो,** 28 मई (एजेंसियां)। जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से किए गए दो हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार यहां कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में एंटीबॉडी पाए जाने की दर पहली बार 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है। मंत्रालय ने इस साल मार्च में किए गए दो सर्वेक्षणों के नतीजे सोमवार को विशेषज्ञों के एक पैनल के सामने पेश किए। सभी आयु समूहों को कवर करने वाले सर्वेक्षण में एंटीबॉडी कब्जे की दर 60.7 प्रतिशत थी, जबकि देश भर में 16 से 69 वर्ष की आयु के रक्त दाताओं को लक्षित करने वाले एक अन्य सर्वेक्षण में, दर 64.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। सर्वेक्षण में सभी आयु समूहों को शामिल करते हुए 22 प्रान्तों में 3,947 लोगों के डेटा का विश्लेषण किया गया है।रिपोर्ट के अनुसार पांच से 19 वर्ष की आयु वालों के लिए, एंटीबॉडी दर 85 प्रतिशत से अधिक थी, जबकि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिए यह दर 30 प्रतिशत की सीमा में थी। दूसरे सर्वेक्षण में जापान के सभी प्रान्तों में कुल 18,048 रक्त दाताओं को लक्षित किया। रिपोर्ट के अनुसार होक्काइडो और टोक्यो के सबसे उत्तरी प्रान्त सहित कुल 38 प्रान्तों में एंटीबॉडी दर 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

# प्रादेशिकी

## विचार आगे बढ़ता रहना चाहिए पद रहे या ना रहे : धूमल

**भोटा।** हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के भोटा में वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल कहा कि विचार आगे बढ़ता रहना चाहिए पद रहे या ना रहे। उन्होंने कहा कि भारत माता को परम् वैभव तक पहुंचाना फिर से विश्व गुरु बनाना यही हमारा विचार है और इस लक्ष्य की प्राप्ति दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सफर की शुरुआत जब हुई थी तब हमारा प्रत्याशी जब चुनाव लड़ता था तब जीतने का पता नहीं होता था और इस बात की भी खुशी मना ली जाती थी कि जमानत बच गई लेकिन आज देश भर के कार्यकर्ताओं की मेहनत तपस्या के कारण विश्व का सबसे बड़ा दल भाजपा बनी है जिसके सबसे ज्यादा सांसद है विधायक हैं केंद्र समेत 18 राज्यों में सरकारें हैं। उन्होंने आह्वान किया कि 4 जून को केंद्र में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाओ और उसके बाद शिमला में भी सरकार बनेगी।

# आपदा में मोदी को नहीं आई हिमाचल की याद : प्रियंका गांधी

## प्रधानमंत्री और अमित शाह ने धनबल से सरकार को गिराने की कोशिश

**शिमला,** 28 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी मंगलवार को ऊना जिले के गगरेट में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौराम उन्होंने एक बार फिर पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा है उन्होंने प्रदेश में भयंकर प्राकृतिक आपदा आई



■ कांग्रेस पैसों व धनबल के लिए नहीं, जनता के लिए काम करती है

लेकिन नरेंद्र मोदी आपदा के समय एक बार भी हिमाचल नहीं आए। आपदा के राहत कार्यों के लिए केंद्र की तरफ से प्रदेश के लिए एक रुपया नहीं आया। मोदी ने प्रदेश में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया। सारी राहत प्रदेश सरकार की ओर से दी गई। प्रियंका ने पीएम मोदी और अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने प्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश की। धनबल के साथ चोरों की तरह विधायकों को कभी यहां, कभी वहां छिपाया। यह लोकतंत्र के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध जनता की आंखों के सामने करने की कोशिश हुई। यह हमारे नेताओं की दृढ़ता थी कि सरकार एकजुट रही। जिनको जाना था, धनबल के आधार पर चले गए। भाजपा का सिर्फ एक धर्म सत्ता व संपत्ति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पैसों व धनबल के लिए नहीं, जनता के लिए काम करती है। प्रियंका ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 10 सालों से देश की जनता को गुमराह करके रखा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के 22 खरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए माफ किया है जबकि देश के किसानों का कर्ज माफ नहीं कर पाए। तीन कृषि कानूनों और कर्ज माफी के लिए देश के 600 से ज्यादा किसानों को अपनी जान गवानी पड़ी है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई ,बेरोजगारी चरम पर है। आज देश की महिलाओं को घर में मेहमान लाने पर भी शर्म आती है जो सिलेंडर 2014 में 400 रुपए में मिलता था वह आज 1200 रूपए में बिक रहा है। आज न तो विरोध करने वाली मंत्री विरोध कर पा रही हैं और न मोदी जी के मूंह से एक शब्द भी महंगाई के नाम पर निकल पा रहा है। उन्होंव कहा कि आज देश मे बेरोजगारी चरम पर है। आज देश में 70 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। देश में युवा शिक्षित हैं, लेकिन किसी के पास रोजगार नहीं है। देश में 30 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं जिन्हें कांग्रेस की सरकार बनते ही भरा जाएगा। इसके अलावा नारी न्याय योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को 8500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। ग्रेजुएट युवाओं को प्रतिमाह 8500 रुपए एक साल तक इंटर्नशिप के तौर पर दिए जाएंगे। इसके अलावा किसानों को उनकी फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 सालों में लोकतंत्र का नामोनिशान नहीं रहा। सरकारें धनबल से गिराई जा रही हैं। हर जगह, हर स्तर पर जनता के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस की सरकारें लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा के नेता चुनाव आते ही ध्यान भटकाने, धर्म की बातें करने लगते हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि एक तरफ वह विचारधारा वाली पार्टी है जिसने देश की जनता को अनेकता में होते हुए एकता के सूत्र में पिरोने का काम कर अपनी जान की कुर्बानी दी।

### प्रदेश की सभी महिलाओं को मिलेंगे 1500 रुपए : सुक्खू

विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस मजबूती के साथ पांच साल सरकार चलाएगी। उन्होंने कहा कि खाली खजाने के होते हुए सरकार के खजाने में 2200 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय की है। इसके अलावा आपदा राहत कोष में 4500 करोड़ रुपए का बजट बनाया है। प्रदेश के 1.36 हजार कर्मचारियों को ओपीएस देकर उनका भविष्य सुरक्षित किया है। प्रदेश की महिलाओं को महिला सम्मान निधि योजना के तहत 1500 रुपए देने की जो गारंटी दी है उसे शुरू कर दिया है। लेकिन भाजपा के लोगों ने इस गारंटी को रोकने की कोशिश की आचार संहिता के चलते 4 जून तक इसे रोका गया है जैसे ही आचार संहिता हटती है तो प्रदेश की सभी महिलाओं को 1500 रूपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता बल को गिराने की कोशिश की है धनबल से कांग्रेस विधायकों की खरीद फरोख्त की। जो विधायक धनबल और पैसों के लालच में बिक गए अब उनको सबक सिखाने का समय है। एक जून को प्रदेश की जनता उन्हें सबक सिखाने वाली और एक बार फिर जनबल की जीत होगी।

# प्रधानमंत्री मोदी देश को धर्म जाति पर बांटने का कर रहे काम : शशि थरूर

## 4 जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन बनाएगा सरकार

**शिमला,** 28 मई (देशबन्धु) 4 जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है। देश की जनता ने इस बार बदलाव के मूड में है। यह बात सीडब्ल्यूसी से सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद शशिथरूर ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही।



शशि थरूर ने पीएम मोदी निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी ने 2014 में देश की जनता से कई वायदे किए थे लेकिन आज भी एक भी वायदा पूरा नहीं कर पाए हैं।

■ केंद्र में सरकार बनते ही यूएपीए कानून में किया जाएगा संशोधन

मोदी ने युवाओं को दो करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष देने का वादा किया था आज देश मे बेरोजगारी चरम पर है। किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया था आज किसान अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। देश मे महंगाई चरम पर है। लेकिन पीएम मोदी मुद्दों की बात नहीं करते बल्कि देश को धर्म- जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आते ही देश की जनता को सामाजिक न्याय देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 5 न्याय और 25 गारंटियां जो मेनिफेस्टो में दी है उसे पूरा किया जाएगा। हिस्सेदारी न्याय,किसान न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय और श्रमिक न्याय के साथ 25 गारंटियां दी हैं। जिसे पूरा कर देश की जनता को समृद्ध व सशक्त किया जाएगा। थरूर ने कहा कि इस बार कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बहुत आगे निकल गई है। जो बहुमत कांग्रेस को 2019 में मिला था उसके उलट इस बार रिपोर्ट मिल रही। उन्होंने कहा कि इस बार हरियाणा में 5 - 7 सीटें, राजस्थान में 10 -12 सीटें,कर्नाटक में 12 - 15 सीटें, केरल 15-17 तेलंगना में 10 - 12 कांग्रेस मिलने जा रही हैं। जबकि भाजपा पिछले बहुमत से बहुत नीचे जा रही है। इंडिया गठबंधन बिहार में तेजस्वी यादव के साथ आगे बढ़ रहे है महाराष्ट्र में भी इंडिया गठबंधन को अच्छी सीटें मिल रही हैं। थरूर ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही यूएपीए कानून में संशोधन किया जाएगा।

**सार संक्षेप**

### जंगलों में लगी आग, बुझाने में मुश्किलों का करना पड़ रहा सामना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला के जंगलों में लगी आग का दायरा बढ़ता जा रहा है। आलम यह है कि टूरिस्टों के लिए अहम शिमला चारों तरफ जंगल की आग से घिर गया है। लपटें शिमला के रिहाइशी इलाकों के नजदीक पहुंच गई हैं। जंगलों के धू-धूकर जलने के कारण आसपास के लोग धुएं से बेहाल हैं। लोगों का कहना है कि जैसी आग इस बार दिखी है, वैसी पहले कभी नहीं देखी गई। लंबे समय से बारिश नहीं होने और मौसम शुष्क रहने से जंगल की घासफूस और सूखी झाड़ियां आग के लिए ईंधन का काम करती हैं। चीड़ यानी च्पदमे के जंगल इसमें घी का काम कर रहे हैं। शिमला में पिछले कई दिनों से जंगलों में आग लगी हैं, लेकिन हवाएं तेज चलने से ये और भड़क गई। शिमला के तारादेवी-संकट मोचन, टूटीकंडी, भराड़ी, केल्टी-बरमु, नालदेहरा, मशोबरा इलाकों के जंगलों में आग का तांडव देखने को मिल रहा है।

### अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार हुआ शुरू

**देहरादून।** अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के चलते पहले दिन सब रजिस्ट्रार कार्यालय सूना दिखायी दिया। जहां रोज चहल पहल रहती थी वहां मायूसी छाई रही। उल्लेखनीय है कि गत दिवस बार एसोसिएशन ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कार्य बहिष्कार कर निर्णय लिया था। अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार मंगलवार से शुरू हुआ। अधिवक्ताओं ने एआईजी स्टांप पर भी दुर्व्यवहार का आरोप लगाया और उनके ट्रांसफर की मांग की। गत दिवस बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार की बात उठाई गयी। अधिवक्ताओं ने बताया कि देहरादून में रजिस्ट्री कार्यालयों में उन्हे तमाम परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि कार्य बहिष्कार तब तक जारी रहेगा जब तक कि श्रीवास्तव का कहीं और ट्रांसफर नहीं हो जाता। आज कार्य बहिष्कार के पहले दिन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में सन्नाटा छाया रहा।

### महिला व उसकी नौकरानी को बंधक बनाकर लूट करने वाले गिरफ्तार

**देहरादून।** कोतवाली डालनवाला थाना क्षेत्र की चन्द्रलोक कालोनी में महिला व उसकी नौकरानी को बंधक बनाकर लूट करने वाले चार अन्तरराज्यीय गिरोह के सदस्य चार लूटरों को पुलिस ने लूट के माल सहित गिरफ्तार किया है। प्रणव सोईन निवासी चन्द्रलोक कालोनी, डालनवाला ने थाना डालनवाला में लिखित तहरीरी दी कि तीन अज्ञात लूटेरों में उनके घर में घुसकर उनकी माता सुमिति सोईन व घर् की नौकरानी मीता के हाथ बांधकर घर् के लॉकर में रखी नकदी व दो मोबाइल फोन को लूट कर ले गए।

### सुडोकू 6569 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 3 | 1 |
| 1 | 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |

## मतगणना को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक ने दिए जरूरी दिशा निर्देश

**देहरादून,** 28 मई (देशबन्धु)। अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमान ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को लेकर प्रत्येक जनपद प्रभारियों से वीडियों कांफ्रेंसिग के माध्यम से सुरक्षा के कडें इंतजाम करने करने के निर्देश दिए। आज यहां एपी अंशुमान, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था व राज्य पुलिस नोडल अधिकारी, निर्वाचन, उत्तराखण्ड द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की 04 जून 2024 को समस्त जनपदों में होने वाली मतगणना के सम्बन्ध में की गयी तैयारियों की समीक्षा हेतु परिक्षेत्रीय एवं जनपद प्रभारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से गोष्ठी आयोजित की गई। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा समस्त जनपद प्रभारियों को मतगणना स्थल का स्वयं भ्रमण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा राजपत्रित अधिकारी को मतगणना स्थल का प्रभारी नियुक्त किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था मतगणना स्थल पर समय से की जाए। मतगणना स्थल पर बैरिकेटिंग लगाए जाए तथा फायर टेंडर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रवेश व निकास द्वार पर एण्टी सबोटाज चौकिंग की व्यवस्था तथा जहां पर प्रवेश व निकास द्वारा एक ही है वहां पर 02 डीएफएमडी स्थापित कर चौकिंग कराई जाए। सीसीटीवी से सम्पूर्ण मतगणना परिसर को कवरेज किया जाए तथा उनकी उचित मॉनिट्रिंग सुनिश्चित की जाय। अनाधिकृत लोगों को बिना पास के परिसर में प्रवेश न दिया जाए तथा 100 मीटर की परिधि के बाहर ही वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाय। मतगणना समाप्ति के पश्चात् विजय जुलूस का रूट निर्धारित करते हुए उचित पुलिस बल सुरक्षा हेतु नियुक्त किया जाए। उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि मतगणना ड्यूटी में नियुक्त समस्त पुलिस बल को निष्पक्ष रूप से ड्यूटी का निर्वहन करने हेतु ब्रीफ किया जाए।

# सामान्य रिश्तों के लिए पाकिस्तान को करना होगा आतंकवाद कंट्रोल : एस जयशंकर

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 28 मई (देशबन्धु)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि विकसित भारत के लिए चीन पर निर्भरता कम करनी होगी और निर्माण क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देना होगा। भाजपा द्वारा शिमला में आयोजित विकसित भारत 2047 बुद्धिजीवी संवाद में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत अलग-अलग समय में निर्माण के क्षेत्र में चीन से पीछे रहा है। यही नहीं चीन में भारत से 10 वर्ष पहले आर्थिक सुधार शुरू हो गए थे। उन्होंने कहा कि इसका जवाब रोने धोने से नहीं बल्कि चीन पर निर्भरता कम करने से है और इसके लिए मोदी सरकार की नियत भी है और नीति भी। विदेश मंत्री ने बुद्धिजीवी संवाद में कहा कि भारत के पड़ोसियों के चीन की तुलना में भारत से अधिक अच्छे रिश्ते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हम आय के गुणात्मक



संसाधनों को नहीं बढ़ाएंगे तब तक आगे नहीं बढ़ सकते।

विदेश मंत्री ने कहा कि बीते 10 सालों में भारत ने अलग-अलग क्षेत्र में तेजी से तरक्की की है। मोदी सरकार चौमुखी विकास की पक्षधर है। एस जयशंकर ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में रोजगार की एक सीमा है और हमें कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देना होगा तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना होगा। तभी भारत को विकसित देश बनाने का सपना पूरा हो सकता है। सीमा पर चीन द्वारा नया आधारभूत ढांचा खड़ा करने को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि चीन 1962 के आक्रमण में अथवा इससे पहले हथियाई गई जमीन पर यह ढांचा खड़ा कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीन ने वर्ष 2020 के बाद अथवा केंद्र में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत की किसी भी जमीन पर कोई कब्जा नहीं किया है। उन्होंने माना कि चीन सीमा पर स्थिति जटिल है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने चीन सीमा पर वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। इसके तहत सीमा पर सड़कें, पुल, सुरंगे और अन्य आधारभूत ढांचा विकसित किया गया है। इससे सीमावर्ती गांवों से जहां लोगों का पलायन रुका है वहीं इन क्षेत्रों में पर्यटन भी बढ़ा है। साथ ही सीमा पर पहरा देने वाले सैनिकों के लिए सुविधाएं भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के समय चीन सीमा पर आधारभूत ढांचे को विकसित करने को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया क्योंकि पूर्व सरकार का मानना था कि यहां आधारभूत ढांचा विकसित होने से दुश्मन आसानी से भारत की सीमा में घुसपैठ कर सकेंगे लेकिन मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद इस सोच को बदला है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के समय तक चीन सीमा के लिए देश का बजट महज 3500 करोड़ रुपए था लेकिन एनडीए सरकार के समय में यह बजट बढ़कर 15000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। चीन के साथ तनाव के मुद्दे पर विदेश मंत्री ने कहा कि दलाई लामा 1962 के चीन के अग्रेशन के बाद खुद भारत आए हैं। हमने उनका स्वागत किया और चीन को भी इस बारे में साफ-साफ बता दिया था। उन्होंने कहा कि भारत दलाई लामा को कभी भी वापस जाने के लिए नहीं कहेगा। एस जयशंकर ने यह भी कहा कि दलाई लामा में देशवासियों की अथाह आस्था है और हम उसका आदर करते हैं।

## भारी विरोध के बीच नगर निगम की टीम ने हटाया अतिक्रमण

**देहरादून,** 28 मई (देशबन्धु)। एनजीटी के आदेश के बाद रिस्पना नदी किनारे किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। दूसरे दिन मंगलवार दीपनगर कॉलोनी से अतिक्रमण हटाने के

■ सोमवार को टीम ने हटाए थे 35 अतिक्रमण

■ मंगलवार को 8 अवैध मकानों पर चला बुल्डोजर



लिए 8 अवैध मकानों पर बुल्डोजर चलाया गया है। हालांकि अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस बल को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा।

एनजीटी के आदेश के तहत नगर निगम में रिस्पना नदी किनारे काठ बांग्ला बस्ती से लेकर मोथरोवाला के बीच 13 किलोमीटर के हिस्से पर 27 मलिन बस्तियों का सर्वे किया गया था। जिसमें साल 2016 के बाद 525 अतिक्रमण पाए गए, जिसमें 89 अतिक्रमण नगर निगम की भूमि पर, 413 एमडीडीए की भूमि पर,12 नगर पालिका मसूरी और 11 राजस्व भूमि पर पाए गए थे। बाकी विभागों को छोड़कर नगर निगम ने आपत्तियों की सुनवाई के बाद 74 अतिक्रमण ध्वस्त किए जाने योग्य पाए गए। एनजीटी ने इस मामले में 30 जून तक हर हाल में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमारा घर 13 साल पुराना है, लेकिन उस पर भी बुल्डोजर चलाया जा रहा है। यहां पर उन्होंने घर गांव की जमीन 5 लाख रुपए में बेचकर खरीदी था, लेकिन आज बेघर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तो, कर रहा है, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। उपनगर आयुक्त गोपाल बिनवाल ने बताया कि एनजीटी के आदेश पर 11 मार्च 2016 के बाद हुए अतिक्रमण को चिन्हित किया गया है, जो अलग-अलग विभागों के थे। जिसमें से 413 एमडीडीए और कुछ नगर पालिका मसूरी के थे। मामले में 89 लोगों को नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं और कुछ लोगों द्वारा साक्ष्य भी दिए गए हैं। जिसमें बताया गया है कि जो निर्माण हैं, वह पूर्व के हैं। गोपाल बिनवाल ने बताया कि जांच में करीब 15 साक्ष्य उसमें उचित पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नोटिस के बाद अधिकतर लोगों ने खुद ही अतिक्रमण हटा लिया है और जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया है, वहां पर पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है।

बता दें कि बीते रोज नगर निगम की टीम द्वारा भारी दल बल के साथ चूना भट्टा, शास्त्री नगर, चंदर रोड राजेश रावत कालोनी व बलबीर रोड से 35 अतिक्रमण हटाये गये थे। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार उनके क्षेत्र में 89 अतिक्रमण चिन्हित किये गए थे।

## मजिस्ट्रेट का बेटा पुलिस को दिखा रहा था रौब, गाड़ी की सीज

**देहरादून,** 28 मई (देशबन्धु)। टिहरी जिले के मुनिकीरेती थाना क्षेत्र में भद्रकाली चौकी पर पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए उत्तर प्रदेश के एक जिले के मजिस्ट्रेट का बेटा अपने पिता के नाम और पद का रौब दिखता हुआ नजर आया। दरअसल कार में मजिस्ट्रेट की जगह उनका बेटा अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था, जो पुलिस की कार चेकिंग से बचकर निकलने की कोशिश कर रहा था। बहरहाल पुलिस ने कार को सीज करने की कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर रितेश शाह ने बताया कि भद्राकाली पुलिस चौकी पर वाहनों की चेकिंग दिन-रात चल रही है। इसी क्रम में आज भी चेकिंग की जा रही थी, तभी शीशे पर मजिस्ट्रेट लिखी उत्तर प्रदेश की एक कार चेकिंग से बचकर निकलने की कोशिश करने लगी। जिससे शक होने पर भद्रकाली चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कार को चेकिंग के लिए रोका। पूछताछ करने पर पता चला कि कार में कोई मजिस्ट्रेट मौजूद नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश के एक जिले के मजिस्ट्रेट का बेटा अपने दोस्तों के साथ कार में मौजूद है। इंस्पेक्टर रितेश शाह ने बताया कि वहीं, जब, पुलिस ने मजिस्ट्रेट के बेटे को कानून का पाठ पढ़ाया, तो वह अपने पिता के



नाम और पद का रौब दिखाने लगा, जिससे पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया और कार को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट का बेटा अपने दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने आया था। वो और उसके दोस्त भद्राकाली चौकी के पास शोर मचा रहे थे और यातायात नियमों का उल्लंघन भी कर रहे थे।

## मुख्य सचिव ने लिया चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा

# सभी श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन कराके ही भेजा जाए

■ अमरनाथ तिवारी

**ऋषिकेश,** 28 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने ऋषिकेश पहुंची। उन्होंने जायजा लेते हुए अधिकारियों को श्रद्धालुओं की बेसिक व्यवस्थाओं को और ज्यादा बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ऋषिकेश पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन कराके ही चारधाम यात्रा पर भेजने के लिए भी कहा गया है।



मंगलवार को राधा रतूड़ी पहुंची ऋषिकेश

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बाद राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को देखने के लिए ऋषिकेश पहुंची। उन्होंने चारधाम यात्रा पंजीकरण कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। तमाम प्रकार की व्यवस्थाओं को देखा और श्रद्धालुओं से व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। निरीक्षण के बाद मुख्य सचिव ने तमाम विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। जिसमें श्रद्धालुओं को दी जाने वाली बेसिक सुविधाओं को और ज्यादा बेहतर करने पर विचार विमर्श किया गया। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि, चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की वजह से थोड़ी दिक्कत जरूर हुई है। लेकिन अब ऋषिकेश में भी श्रद्धालुओं का बैकलॉग कम हो गया है। ज्यादा से ज्यादा बेहतर सुविधाएं श्रद्धालुओं को दी जाए, इसके लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। यात्रा पंजीकरण कार्यालय परिसर में श्रद्धालुओं के लिए तमाम व्यवस्थाएं बेहतर है. जिससे वह संतुष्ट हैं।

### चारधाम यात्रा चरम पर, उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में इस साल रिकार्ड श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यात्रा को शुरू हुए अभी 18 दिन का समय ही हुआ है। लेकिन अब तक सभी चारो धामों में 12 लाख से अधिक श्रद्धालू दर्शन कर चुके है। सबसे अधिक श्रद्धालु केदारधाम पहुंच रहे है जिनकी संख्या अब पांच लाख से ऊपर पहुंच चुकी है। खास बात यह है कि अधिक भीड़ के कारण फैली अव्यवस्थाओं को दुरस्त करने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा सभी प्रकार के प्रयास किये जा रहे है। लेकिन इसके बावजूद भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है और धामो की वहन क्षमता से अधिक संख्या में लोग धामों में पहुंच रहे है। सरकार द्वारा अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण के आदेश देने के साथ ही साफ आदेश दिये गये है कि वह बिना रजिस्ट्रेशन के किसी भी यात्री को यात्रा पर न जाने दे। फिर भी धामों में भीड़ का दबाव कम नही हो रहा है। उधर मंगलवार को एसएसपी हरिद्वार द्वारा नारसन चौकपोस्ट पर की जा रहे यात्रियों की जांच के काम को परखा गया। पुलिस को कहा गया है कि वह फर्जी रजिस्ट्रेशन वालों पर सख्त कार्यवाही करें और रजिस्ट्रेशन की तारीख से पहले यात्रा पर आने वालों को तय दिन और तारीख पर ही यात्रा पर जाने दें। नारसन चौकपोस्ट से आज ऐसे ही 40 वाहन पुलिस द्वारा वापस लौटाये गये। इन दिनों देश भर में भारी गर्मी पड़ रही है जिन लोगों को यात्रा पर नहीं आना है वह भी बड़ी बड़ी संख्या में पहाड़ों का रूख कर रहे है।

# प्रादेशिकी

## इटावा पुलिस ने 25 स्टंटबाज वाहन चालकों से वसूले साढ़े तीन लाख

**इटावा,** 28 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की इटावा पुलिस ने 25 स्टंटबाज वाहनों से करीब साढ़े तीन लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया है। इटावा पुलिस की सोशल मीडिया टीम ने इन स्टंटबाज वाहनों की पहचान की जिसके बाद सभी के खिलाफ यातायात पुलिस की ओर से यह कार्रवाई अमल में लाई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। कुमार ने बताया कि इसी तरह सैकड़ों सोशल मीडिया अकाउंट की जांच की जा रही है। साथ ही अभिभावकों से अपील है कि वह अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें। बाइक लेकर निकले तो हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। खुली सड़कों पर स्टंट करने पर जुर्माना लगेगा और कार्रवाई भी होगी।

# देश की हाई–प्रोफाइल सीट अमेठी के चुनाव परिणाम पर सबकी निगाहें टिकी



**अमेठी,** 28 मई (देशबन्धु)। अमेठी में वोट पड़ने के बाद अब सबकी निगाहें चुनाव परिणाम पर टिकी हुई है। इतना फोकस बनारस की सीट पर नहीं है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय

**बीस मई को हुआ था छठे चरण का मतदान**

क्षेत्र है। लेकिन अमेठी हाई–प्रोफाइल सीट बनी हुई है। कहने के लिए अमेठी में भले कुछ न हो। लेकिन अमेठी का नाम देश की सबसे हॉट सीट में लिया जाता है। 20 मई को मतदान होने के बाद अब सबकी निगाहें चुनाव परिणाम पर टिकी हुई है। जिला प्रशासन और उम्मीदवार दोनों मतगणना की तैयारी में जुटे हैं। अमेठी की कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 17.96.098 लाख मतदाता हैं। इसमें 9.76.053 लाख वोट पड़े हैं। आंकड़ों में 54.34 फीसदी मतदान हुआ है। जबकि 2019 के चुनाव में 54.05 फीसदी था इस बार के मतदान में पुरुष 51.26, महिला 57.05 और अन्य 4.76 फीसदी मतदान हुआ है। अमेठी की मतगणना जवाहर नवोदय विद्यालय में होगी।

इसमें तिलोई विधानसभा की मतगणना बालिका छात्रावास, जगदीशपुर एमपी हाल, गौरीगंज होल्डिंग हाऊस, अमेठी ब्वायज मेंस और सलोन विधानसभा की मतगणना आइटीआइ गोला बाजार रायबरेली में होगी। निशा अनंत ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा की मतगणना 14–14 टेबल पर कराई जाएगी। एक टेबल पर मतगणना के लिए चार अधिकारी और कर्मचारी रहेंगे। सबसे पहले बैलेट पेपर की मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि मतदान की तरह मतगणना भी शांति पूर्वक संपन्न होगी। चप्पे–चप्पे पर विशेष पुलिस तैनात रहेंगी। अमेठी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा कांग्रेस आमने–सामने हैं। भाजपा से अमेठी की मौजूदा सांसद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और कांग्रेस से गांधी परिवार के भरोसेमंद केएल शर्मा उम्मीदवार बनाए गए हैं। किशोरी लाल शर्मा के चुनाव की कमान प्रियंका गांधी के पास थी। स्मृति ईरानी खुद केंद्रीय मंत्री हैं। इनके साथ पांच साल का विकास कार्य। केएल शर्मा के चुनाव प्रचार में राहुल गांधी और अखिलेश यादव सामूहिक जनसभा किए थे। जबकि स्मृति ईरानी के चुनाव प्रचार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दो बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,दो बार उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, एक बार उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, स्वतंत्र देव सिंह सहित आधा दर्जन मंत्री थे।

## सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के 19 विद्यार्थियों का चयन

**मेरठ,** 28 मई (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय स्थित सर छोटू राम अभियंत्रिकी व तकनीकी संस्थान द्वारा छात्र–छात्राओं को राइनेक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव का अवसर उपलब्ध कराया गया था, लगभग 90 छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की। कंपनी के अधिकारियों ने छात्र–छात्राओं का कई चरणों में साक्षात्कार लिया। जिसमें आज घोषित परिणाम के अनुसार संस्थान के विभिन्न ब्रांचों के कुल 19 विद्यार्थियों का इनसाइड सेल्स स्ट्रेटेजिस्ट प्रोफाइल के लिए 3 लाख से 5.20 लाख प्रति वर्ष के वेतन पर अंतिम रूप से चयन किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला, डीन टेक्नोलॉजी प्रोफेसर संजय भारद्वाज, संस्थान के निदेशक डॉ. नीरज सिंघल, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी अनुज कुमार व पीयूष बत्रा ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चयनित छात्रों में हिमांशु कुमार, शशांक उपाध्याय, रोहित कुमार प्रजापति, सिद्धार्थ वाजपेई, शालू सिंह, अरविंद सूर्यवंशी, सोमेश शर्मा, नौशाद अंसारी, हर्षित कुमार, सरताज अहमद, स्नेहा गर्ग, विपुल शर्मा, मनीष यादव, सत्यम सिंह, लकी पटेल, अंशिका पटेल, अनुराग सेठ आदि शामिल है।

## राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों पदाधिकारियों के साथ की गई बैठक



मेरठ, 28 मई (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में मतगणना के संबंध में राजनैतिक दलो के प्रत्याशियों/पदाधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा मतगणना को सकुशल एवं सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने हेतु की जा रही तैयारियो के बारे में बिन्दुवार बताया गया। उन्होने बताया कि मतगणना के दिनांक को समस्त प्रत्याशी यह सुनिश्चित करें कि सभी एजेंट मतगणना से एक घंटे पूर्व मतगणना हॉल में उपस्थित हो। उन्होने कहा कि कोई भी काउंटिंग एजेंट मतगणना स्थल पर कैलकुलेटर नहीं लायेगा। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि मतगणना की राउंडवार जानकारी प्रत्येक विधानसभा/लोक सभा क्षेत्रवार उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होने मतगणना की वीडियोग्राफी, सीसीटीवी निगरानी, वाहन पार्किंग, जलपान, बैठने की व्यवस्था, प्रत्याशियों के साथ मतगणना से संबंधित जानकारी को साझा करना इत्यादि बिन्दुओ पर चर्चा की व आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मतगणना की समस्त प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशो के अनुसार सकुशल, पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जायेगी।

इस अवसर पर ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कांत त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति राजपाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, समस्त एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रत्याशी/पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### युवक को बेरहमी से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**मेरठ।** एक युवक की बेरहमी से पिटाई करने का वीडियो सामने आया है। वीडियो सोमवार रात का बताया जा रहा है। इसमें मॉडल शॉप के बाहर एक युवक को 3-4 लोग मिलकर लाठी डंडों से पीट रहे हैं। आरोपी युवक को सड़क पर गिराकर मार रहे हैं। कभी लाठी, डंडे से तो कभी लातों से उसे पीटते नजर आ रहे हैं। पीड़ित युवक बार-बार बचाओ चिल्ला रहा है। लेकिन कोई उसकी सुनवाई नहीं कर रहा। वायरल वीडियो कंकरखेड़ा का बताया जा रहा है। खिर्वा रोड पर बीयर शॉप के बाहर का वीडियो बताया जा रहा है। लेकिन ये वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस अभी वीडियो की सत्यता की जांच कर रही है।

### रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की हत्या का खुलासा,तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गाजीपुर क्षेत्र में पिछले दिनो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी की पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूट का माल बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) अभिजीत आर शंकर ने बताया कि इंदिरा नगर क्षेत्र में स्थित एक अपार्टमेंट में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी देवेंद्र दुबे की पत्नी मोहिनी की पिछले दिनों हत्या कर दी गयी थी और घर में रखे जेवरात और नकदी लूट लिये गये थे। इस सिलसिले में पुलिस ने जांच के बाद रिटायर्ड आईएएस के कार चालक अखिलेश यादव, उसके भाई रवि यादव और साथ रंजीत को आज गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर लूटे गये करीब एक करोड़ रूपये के जेवरात और अमेरिका समेत कुछ अन्य देशों की करेंसी बरामद की है। उन्होने बताया कि लूटे गये डीवीआर की बरामदगी के लिये पुलिस अखिलेश के साथ उसके बताये स्थान पर गयी जहां अखिलेश ने पहले से ही बैग में छिपाये गये तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर किया गया, जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आईएएस अधिकारी की पत्नी की हत्या के खुलासे के लिये छह पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जांच में पता चला कि मृतका अंजान लोगों के लिये घर के दरवाजे नहीं खोलती थी और यहीं से पुलिस को लीड मिली कि इस वारदात में कोई पहचान का आदमी शामिल है।

### भदोही में घरेलू कलह से आजिज युवक ने की आत्महत्या

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के औराई क्षेत्र में घरेलू कलह से आजिज एक युवक ने मंगलवार सुबह फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। भवानीपुर गांव निवासी संदीप कपड़े की दुकान पर काम करता था जबकि पत्नी पूजा अपनी दो पुत्रियों आराधना व साधना के साथ रहकर गुजारा करती थी। पूजा परिवार का खर्च चलाने के लिए घर पर ही किराना की छोटी सी दुकान चलाती थी।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र इकराम और उसकी पत्नी रेशमा से उनके गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य या लेनदेन के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं है। इद्दू पुत्र गुल्लू निवासी ग्राम पावली खास, मोहल्ला द्वाराकापुरी, तहसील सरधना (मेरठ)

## किसी बड़े हादसे को दावत दे रहा पांचाल घाट गंगा पुल

### कई बाइक सवार आए दिन हो रहे दुर्घटना का शिकार

**फर्रुखाबाद,** 28 मई (देशबन्धु)। बाबू जी धीरे चलना पांचाल घाट गंगा पुल पर थोडा संभलना। सावधान हो जाये सतर्क रहे। जी हा पांचाल घाट गंगा पुल पर खुले गहरे गहरे ज्वाइंट गड्ढे बड़ी घटना को साफ साफ दावत दे रहे है। प्रशासन के आला अधिकारी मौन है। गड्ढे मे फंस कर तमाम बाइक सवार चुटहिल भी हो चुके है। इसके बाबजूद अधिकारी आंख मूदे बैठे है। राजेपुर या अमृतपुर तहसील के अधिकारी इसी पुल से होकर रोज गुजरते है। गौरतलब है। कि पांचाल घाट गंगा पुल पर कई महीनो से जगह जगह दरारे खुल गयी है। जिससे जगह जगह गहरे गहरे गड्ढे हो गये है। गड्ढे मे फंसकर तमाम बाइक सवार गिरकर चुटहिल भी हो रहे है। गहरी गहरी दराजे खुल जाने से कभी भी भयानक हादसा घटित हो सकता है। प्रशासनिक अधिकारियो का काफिला भी पांचाल धाट गंगा पुल पर रोज गुजरता है। मगर इसके बाबजूद भी कोई समाधान अभी तक नही हुआ है। दर्दनाक बडे हादसे को दावत देता पांचाल धाट गंगा पुल पर जगह जगह खुली गहरी गहरी दराज़ो से जहा भीषण गर्मी मे रोज जाम लगता है।



## अवैध खनन समेत छह मांगों को लेकर तहसील में प्रदर्शन

**मवाना,** 28 मई (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन इंडिया एवं संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ताओं और किसानों ने मंगलवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम और सीओ को दिया। चेताया गया कि शोषित, पीड़ित, वंचित, गरीब किसान मजदूरों पर अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर जल्दी से उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन तहसील का और कमिश्नरी मेरठ का घेराव करेगा। संयुक्त मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन इंडिया संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष दीपक गिरि और राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को अनेक कार्यकर्ता तहसील परिसर पहुंचे और उन्होंने मवाना तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से जोरों–शोरों पर हो रहे अवैध खनन का मामला उठाया। कहा कि अवैध खनन से सरकार को लाखों रुपये रोजाना का राजस्व नुकसान हो रहा है। चारों ओर अवैध रूप से बनाई जा रही कालोनियों में भराव के नाम पर अवैध खनन हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में कहा कि भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाये, क्योंकि अवैध खनन में भूमाफिया शामिल है। बिजली से सम्बंधित समस्याओं से आम आदमी परेशान हो चुका है। राशन की कालाबाजारी दिनोदिन बढ़ती जा रही है। आरोप लगाया कि आपूर्ति विभाग के अफसर राशन की कालाबाजारी करा रहे है। पात्रों को प्रति यूनिट पांच किलो गेहूं के स्थान पर तीन किलो गेहूं दे रहे हैं। बाकी बचे गेहूं की कालाबाजारी की जा रही है। इसके अलावा किसान व मजदूरों की अन्य समस्याएं है। उन्होंने इन समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। बाद में एसडीएम अंकित कुमार व सीओ सौरभ सिंह को ज्ञापन दिया।



**तहसील व कमिश्नरी के घेराव की चेतावनी**

ज्ञापन देने वालों में प्रवक्ता आनंद विकल, प्रदीप नेहरा, गजेंद्र मुदगल, मोहित बैसला, युवा प्रदेश अध्यक्ष दीपक गिरी, संजीव राणा, अक्षय चौधरी, मो. कासिम, अवि चौधरी, सुमित विकल, नंदकिशोर शर्मा, रामफ्ल यादव, शहजादे प्रधान, चेतन सिंह, बृजपाल, सचिन गुर्जर, मुकेश यादव, गौतम बुद्धनगर महिला मोर्चा की अध्यक्षा शशि यादव, पूजा यादव, फिरोज पंवार, दीपक मोतला, जग्गी प्रधान, मोती खटाना, मोहित भाटी, अनुज यादव, अनिल, रंजीत भाटी, आसिफ सैफी, सोनू सोलाना और विकास गुर्जर शामिल रहे।

## लापरवाही बरतने पर चार अधिशासी अभियन्ता निलम्बित

### बिजली आपूर्ति, राजस्व वसूली एवं कर्तव्यों एवं दायित्वों में की थी लापरवाही

**मेरठ,** 28 मई (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन द्वारा चार अधिशासी अभियन्ताओं को निलम्बित किया गया है यह कार्यवाही राजस्व वसूली में कमी अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान न किये जाने पर प्रथमदृष्टया दोशी पाए जाने पर की गई है। मनोज अग्रवाल, अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–पंचम मेरठ द्वारा कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वाहन मे लापरवाही एवं शिथिलता बरतने पर प्रथमदृष्टया दोशी पाये जाने पर, तत्काल प्रभव से निलम्बित किया गया है। इसके अतिरिक्त महेश चन्द्र विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय मवाना को अपने कार्य मे रूचि न लेने व राजस्व वसूली मे सार्थक प्रयास न करने, सम्मानित उपभोक्तागणो के साथ प्राय: अभद्र व्यवहार करने तथा थ्रू रेट में अपेक्षित प्रगति प्राप्त न करने व अपने धारित पद के अनुरूप कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के दृष्टिगत उनके विरुद्ध प्रथम दृश्टया दोशी पाये जाने पर, निलम्बन की कार्यवाही की गयी है। कृष्णपाल, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय बडौत द्वारा उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार, पब्लिक की समस्याओं का समय से निस्तारण न करने के लिए अपने कार्य में रूचि न लेने व असंवेदनशील होने, राजस्व वसूली में सार्थक प्रयास न करने खण्ड के अन्तर्गत ट्रिपिंग–फ्री गुंणवत्तापूर्वक विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से प्रदान न किए जाने व अपने धारित पद के अनुरूप कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने निलम्बन की कार्यवाही की गई है। सुशील कुमार पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड–चन्दौसी, को नए संयोजन प्रदान करने मे लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की गई।

## नेचुरल स्टडी शिविर में कराई गई ट्रेकिंग

**मवाना,** 28 मई (देशबन्धु)। ए एस इंटर कॉलेज मवाना स्काउट गाइड कैंप में गई छात्राओं को शीतला खेत अल्मोड़ा में नेचुरल स्टडी कैंप के अंतर्गत ट्रेकिंग कराई गई, वहीं नेचुरल स्टडी कैंम्प में नाशपाती, आलू बुखारा, शहतूत, आडू एवं सेब के बाग का भ्रमण किया। मवाना एएस इंटर कालेज से 10 स्काउट गाइड एवं दो स्काउट कैप्टन शिक्षिकाओं को भेजा गया है। तीसरे दिन कैम्प का निरीक्षण स्काउट आयुक्त डॉ प्रभात कुमार ने किया। डा. प्रभात कुमार ने बताया कि इस प्रकार के कैम्प में उन्हें प्रकृति के नजदीक रहने का अवसर प्राप्त होता है तथा विषम परिस्थितियों में किस प्रकार पानी, वाहन, सड़क एवं अन्य आवश्यक सामग्री के अभाव में किस प्रकार आगे बढ़ना है, इनकी जानकारी होती है। कैंम्प में तनु, दिव्यांशी, इशिका, सोनम, शीतल, वंशिका, मन्तसा, कनिष्का राज के साथ कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह एवं चीफ प्रॉक्टर विभा जैन गई है। कैंम्प के अंतर्गत पहाड़ पर बिना रास्ते किस प्रकार चढ़ सकते है, मंगलवार को 28 किमी की ट्रैकिंग के अंतर्गत छात्राओं ने जंगल में ही खाना खाया।

**मवाना स्काउट गाइड कैंप शीतला खेत अल्मोड़ा में**

## कैडेट सनी ने थल सैनिक कैम्प में किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**मवाना,** 28 मई (देशबन्धु)। कृषक इंटर कालेज मवाना के कैडेट सनी ने थल सैनिक कैम्प में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने बताया कि शिक्षा व खेल के साथ–साथ एनसीसी के क्षेत्र में इस विद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। अनेक कैडेट भारत की आन–बान–शान का प्रतीक माना जाने वाली गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा रह चुके हैं। यहां का कैडेट सनी राष्ट्रीय फ्लक पर छाया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय थल सैनिक कैम्प में उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यालय के होनहार एनसीसी कैडेट सनी भडाना को महानिदेशक एनसीसी, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त किट (ट्राली बैग, ट्रैक सूट, जूते, टी शर्ट आदि) दी गई। मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में स्थित 73 यूपी बटालियन एनसीसी के अधिकारियों ने कैडेट सनी को पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर एनसीसी कमान अधिकारी कर्नल मृदुल मित्तल, उप कमान अधिकारी कर्नल शरद पाठक, सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार, लेफ्टिनेंट चन्द्र प्रताप, केयर टेकर मोहित शर्मा एवं समस्त विद्यालय स्टाफव अनेक कैडेट उपस्थित रहे।



**आयोजन** *माइल्ड केयर्स द्वारा यूपी का पहला गांव सेनेटरी नैपकिन मुक्त*

## माछरा ब्लॉक का बड़ागांव बना पहला सैनिटरी नैपकिन मुक्त गांव

**किठौर, 28 मई ( देशबन्धु )। माछरा मे विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर माछरा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन, जिला विकास अधिकारी नूपुर गोयल के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माछरा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.तरुण राजपूत, सीईओ एसआईआईसी आईआईटी कानपुर डॉ.निखिल अग्रवाल, माइल्ड केयर्स के संस्थापक एवं सीईओ संदीप व्यास, अमीनाबाद उर्फ/बड़ा गांव की प्रधान तमन्ना, डॉ.शिखा धवन, डॉ स्वप्न सुमन, रचना व्यास, श्रेया मलिक ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान माछरा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तरूण राजपूत ने माछरा ब्लॉक के गांव अमीनाबाद उर्फ बड़ा गांव को सेनेटरी नैपकिन मुक्त गांव घोषित किया। माइल्ड केयर्स के संस्थापक संदीप व्यास को सैनिटरी नैपकिन मुक्त गांव बनाने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संदीप व्यास ने बताया कि हम पिछले 15 महीने से अमीनाबाद उर्फ बड़ा गांव की प्रधान के साथ मिलकर महिलाओं को मुफ्त में गाइनो कप बांटकर इसके इस्तेमाल के बारे में जागरूक कर रहे थे। जिसे महिलाओं ने अपनाया और अब वे पीरियड्स से होने वाली कई बीमारियों से सुरक्षित हैं। एक गाइनो कप मेंस्ट्रुअल कप का उपयोग 5 वर्षों तक किया जाता है, जिससे सैनिटरी नैपकिंस पर होने वाला खर्च भी कम हो जाता है और यह पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। यह कार्य माइल्ड केयर्स द्वारा स्विच टू कप पहल के तहत किया गया। जिसका नेतृत्व माइल्ड केयर्स की सह–संस्थापक रचना व्यास ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा कार्यकर्ताओं और अभियान से जुड़ी महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा कार्यकर्ताओं और अभियान से जुड़ी महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




**■ माइल्ड केयर्स के संस्थापक संदीप व्यास को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया**

## भीषण गर्मी के बीच मेरठ में 44 के पार पहुंचा पारा

### सड़कों पर सन्नाटा छाया

**मेरठ,** 28 मई (देशबन्धु)। मंगलवार दोपहर को मेरठ में पारा 44 के पार पहुंच गया है। गर्मी से लोग हलकान दिखे और शहर भर की सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिला। झुलसानी वाली गर्मी में लोग खुले में निकलने से बच रहे हैं। सोमवार को दिन का तापमान 43 डिगरी तक पहुंच गया था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस सप्ताह गर्मी और बढ़ेगी। तेज धूप, गर्मी के बीच बिजली कटौती की शिकायतें भी बढ़ गई हैं। अघोषित पावर कट बहुत ज्यादा हो रहा है। ट्रांसफार्मर भी खराब हो रहे, फुंक रहे हैं।



ऐसे में पीवीवीएनएल की ओर से जिलेवार हेल्पलाइन नंबरों की लिस्ट जारी की गई है। कहीं भी किसी भी प्रकार की पावर सप्लाई की परेशानी होती है तो उपभोक्ता अपने जिले में इन नंबरों पर कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं।




# लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार कर सुर्खियों में आए थे आरके सिंह

**पटना,** 28 मई (एजेंसियां)। भाजपा के फायरब्रांड नेता लालकृष्ण आडवाणी को बिहार के समस्तीपुर में गिरफ्तार कर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएस) के तत्कालीन अधिकारी राजकुमार सिंह (आर. के. सिंह) सुर्खियों में आ गये थे। भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में 25 सितम्बर 1990 को गुजरात के सोमनाथ मंदिर से अयोध्या के लिए राम रथ यात्रा निकाली गई थी। मुद्दा था अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवादित स्थल पर राममंदिर निर्माण के लिए समर्थन जुटाना। इस दौरान आडवाणी ने अपने संबोधन में कहा था कि 'सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे।' इस रथ यात्रा को देश के तमाम हिस्सों से होते हुए अयोध्या पहुंचना था। रथयात्रा का पहला चरण 14 अक्टूबर को पूरा हुआ था। इसके बाद आडवाणी 19 अक्टूबर को धनबाद के लिए रवाना हो गए, जहां से उन्होंने दूसरे चरण की शुरुआत कर दी। वह 30 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंच कर शंखनाद करना चाहते थे।

बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने धनबाद के तत्कालीन उपायुक्त अफजल अमानुल्लाह को निर्देश दिया कि वह आडवाणी को वहीं गिरफ्तार कर लें। प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तारी का वारंट तैयार करके संबंधित अधिकारी को दे दिया था, लेकिन अफजल अमानुल्लाह ने ऐसा करने से इंकार कर दिया। अमानुल्लाह, बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के संयोजक पूर्व सांसद सैयद शहाबुद्दीन के दामाद थे। उन्हें लगा कि उनके इस कदम से गलत संदेश जा सकता है, समाज में तनाव बढ़ेगा।

इसके बाद आडवाणी की रथ यात्रा पटना पहुंची। गांधी मैदान में राम भक्तों की भारी भीड़ को लाल कृष्ण आडवाणी ने संबोधित किया। लोग जय श्रीराम और सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे जैसे नारे लगा रहे थे। इसके बाद 22 अक्टूबर 1990 की रात में आडवाणी समस्तीपुर गेस्ट हाउस में ठहरे हुए थे। आडवाणी की गिरफ्तारी का जिम्मा आईएएस अधिकारी आर. के. सिंह को दिया गया। सिंह भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तत्कालीन पदाधिकारी रामेश्वर उरांव के साथ समस्तीपुर सर्किट हाउस पहुंचे। 23 अक्टूबर 1990 की सुबह रथयात्रा निकालने से पहले ही समस्तीपुर में आर.के.सिंह ने राज्य सरकार के आदेश पर आडवाणी को गिरफ्तार कर लिया। आडवाणी को गिरफ्तार करने के साथ ही आर.के.सिंह और रामेश्वर उरांव सुर्खियो में आ गए। बिहार के सुपौल में जन्मे आर.के सिंह ने महज 23 साल की उम्र में सिविल सर्विस की परीक्षा पास कर ली थी। आईएएस बनने के बाद आर.के. सिंह पटना और पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी रहे। वर्ष 1999 में केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनी तो आडवाणी को गृह मंत्री का पद मिला था। इस दौरान आडवाणी ने आर.के सिंह को उनके साहस एवं स्वच्छ छवि को देखते हुए गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव नियुक्त कर लिया था। आर.के. सिंह को केंद्र में उस वक्त जिम्मेदारी दी गई जब भारत आतंकवाद जैसे मुद्दों से जूझ रहा था। वह 2000 से 2005 तक गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर रहे, वहीं 2011 से 2013 तक गृह मंत्रालय में सचिव पद पर तैनात रहे। वर्ष 2013 में आर.के.सिंह भाजपा में शामिल हो गए। आर.के. सिंह ने 2014 में आरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीतकर सीधे लोकसभा पहुंचे। फिर 2019 में जीतने के बाद सांसद बनें। आरके सिंह को मोदी सरकार ने दोनों बार केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया।





### भाजपा और भाकपा माले के बीच कांटे की टक्कर

*वर्ष 2024 के चुनाव में आरा संसदीय सीट पर भाजपा और भाकपा माले के बीच कांटे की टक्कर है। केंद्रीय मंत्री आर.के. सिंह को तीसरी बार उम्मीदवार बनाकर भाजपा यहां से जीत की हैट्रिक लगाकर इतिहास रचने की तैयारी में है। वहीं भाकपा माले के उम्मीदवार सुदामा प्रसाद भी जीत हासिल कर यहां खोयी हुई सियासी जमीन वापस पाने की तलाश में हैं। वर्ष 1989 में आरा से रामेश्वर प्रसाद जो इंडियन पीपुल्स फ्रंट (अब भाकपा माले) के उम्मीदवार थे, जीत दर्ज कर संसद पहुंचे थे।लगातार दो जीत से चर्चा में आए केंद्रीय मंत्री आर.के. सिंह और भाकपा माले के तरारी विधानसभा विधायक सुदामा प्रसाद के बीच इस बार यहां की चुनावी जंग आर-पार के मोड में दिख रही है, जिसमें जातीय समीकरण की मुख्य भूमिका होगी।आरा संसदीय सीट में यादव,राजपूत-भूमिहार, मुस्लिम से लेकर ब्राह्मण और अत्यंत पिछड़ी जातियों की संख्या ज्यादा है। दलित वर्ग भी खासा है। अत्यंत पिछड़ी एवं दलित जातियों का वोट चुनाव में निर्णायक साबित होने वाला है। सुदामा प्रसाद को चुनावी मैदान में उतारकर, इंडिया गठबंधन, राजग के पारंपरिक बनिया वोट बैंक को विभाजित करने और मुसलमानों और यादवों के अपने वोटों के साथ ही और दलितों और अत्यंत पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के वर्गों को जोड़ने की उम्मीद कर रहा है।दोनों गठबंधन का पूरा फोकस अतिपिछड़ा वर्ग के वोटरों को ही साधने पर लगा हुआ है।*

### आरा सीट पर हार जीत का फैसला मुद्दों पर होगा

*बिहार में सातवें और अंतिम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में आरा संसदीय सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राज कुमार सिंह उम्मीदवार हैं, वहीं इंडिया गठबंधन के घटक भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) ने तरारी के विधायक सुदामा प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। आरा के चुनाव के केन्द्र में दो ही मुद्दे हैं एक विकास और दूसरा मोदी। आरा संसदीय क्षेत्र में चुनाव में जीत-हार का फैसला जिन मुद्दों पर होगा, उनमें विकास सबसे ऊपर है। भाजपा प्रत्याशी राज कुमार सिंह को आरा में किए गए विकास कार्यों, अपनी छवि और मोदी लहर पर भरोसा है, वहीं माले उम्मीदवार सुदामा प्रसाद सामाजिक न्याय की बात कर वोट जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। इस मुद्दे पर उन्हें वामदल के साथ ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस का समर्थन मिल रहा है।झ भोजपुर पहले शाहाबाद ज़िले का हिस्सा था, लेकिन वर्ष 1972 में शाहाबाद ज़िले दो भागो मे बांट दिया गया, जो भोजपुर और रोहतास थे। बक्सर तब भोजपुर का एक सब डिवीजन था। वर्ष 1992 मे भोजपुर पुन: बंटा और बक्सर एक स्वतंत्र ज़िला बन गया। भोजपुर ज़िला के तीन सब डिवीजन हुए। आरा सदर, जगदीशपुर और पीरो। आरा शहर भोजपुर का प्रमुख शहर बन गया और ज़िला का हेड क्वाटर भी है। ऐतिहासिक दृष्टि से भोजपुर का पुराने शाहबाद ज़िला से अटूट रिश्ता है। भोजपुर का आरा शहर का नाम संस्कृत के अरण्य से लिया गया है, जिसका अर्थ है जंगल। इसका तात्पर्य यह है कि आज का आरा पूर्व मे एक घनघोर जंगल था। एक मिथक के अनुसार भगवान राम के गुरु आचार्य विश्वामित्र का आश्रम इसी क्षेत्र मे कही था।बिहार की आरा सीट का इतिहास भारत के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा हुआ है।*

# हिमाचल मेरा असली घर, दिल्ली में नहीं लगता दिल : प्रियंका

**शिमला,** 28 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हिमाचल में उनका स्थाई घर है उनका दिल दिल्ली में नहीं हिमाचल में बसता है। इसलिए वह बार-बार हिमाचल में यहां की भोलीभाली जनता से मिलने आती हैं। चुनाव प्रचार के लिए हिमाचल पहुंची श्रीमती वाड्रा ने एक के बाद एक ताबड़तोड़ रैलियां की। मंगलवार को सुबह हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के गगरेट वाले कुटलैहड़ में श्रीमती वाड्रा ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा। कुटलैहड़ में प्रियंका गांधी ने अपना संबोधन बाबा रुद्रानन्द जी और माता चिंतपूर्णी जी की धरती के साथ शुरू किया।

उन्होंने कहा कि राम का नाम लेने वाले और राम का काम करने वाले कुछ और यह समझने वाली बात है। भगवान राम का नाम वोटों के लिए बार- बार लिया जाता है। दस साल में दो चुनाव निकल गए। अब तीसरे चुनाव की बारी है चुनावों में जो भी भाजपा का प्रचार रहा है वह धर्म के नाम पर रहा है। मोदी जी ने पहला चुनाव भी धर्म के नाम पर लड़ा था। चुनाव जीतने के बाद चुनाव प्रचार के समय किए वायदों का जिक्र तक नहीं किया। मोदी जी ने 2014 में किसानों की आय दोगुनी करने, दो करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष देने, कालाधन लाने की बात की लेकिन खैर कोई वायदा पूरा नहीं हुआ। पांच साल बाद फिर चुनाव आया तो कोई महंगाई, बेरोजगारी और 15 लाख देने की बात नहीं की, रोजगार नहीं मिला, नोटबंदी से देश के हालत तथा ज्यादा खराब हुए। जो छोटी-मोटी बचत महिलाओं ने इक्कठी की थी उसे भी नोटबन्दी के समस वापिस ले लिया। उन्होंने कहा कि जीएसटी लाए सब महंगा हो गया। पांच साल फिर पूरे हुए फिर से धर्म-जाति, हिन्दू- मुसलमान की वही बातें जो इनकी आदत है जनता को भी डलवा दी।

उन्होंने कहा कि मोदी जी खुद वाराणसी नहीं जाते न ही हमीरपुर के सांसद आते हैं। बस उद्धघाटन और शिलान्यास करने चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 10 साल में नई तरीके की राजनीति शुरू हुई है। उससे अब बाहर निकलने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश भर में नेताओं की आदत बिगाड़ दी गई है। यहां के सांसद बड़े बड़े महलों, क्रिकेट और मंचों पर दिखाई देते हैं लेकिन आपदा के समय यहां नहीं आए।

श्रीमती वाड्रा ने आपदा की एक घटना को याद करते हुए कहा कि शिमला में एक परिवार पर विनाश काल आपदा आई दादा के साथ मंदिर गई नन्ही बच्ची भी मौत में समा गई । इस विपदा में भाजपा नेताओं को हिमाचल की याद नहीं आई।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 1500 रुपए देकर महिलाओं को महंगाई से राहत देने के लिए उठाया गया कदम है लेकिन भाजपा नहीं चाहती कि महिलाओं को यह हक मिले बल्कि इसे रोकने के लिए चुनाव आयोग से शिकायत कर दी। महंगाई चरम पर है आज पढ़ाई लिखाई के साथ बच्चों की शादी करने से भी डरना पड़ता है। देश में बेरोजगारी चरम पर है 70 करोड़ बेरोजगार दर दर भटक रहे हैं 30 लाख खाली पद पड़े हैं। बड़े बड़े संस्थानों से पढ़कर बच्चे बेरोजगार हो गए हैं। नेताओं ने काम करना बंद कर दिया है क्योंकि जवाबदेही खत्म कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि पीएम का व्यवहार देश की जनता को बेफकूफ बना रहाहै जो व्यवहार वह देश की जनता के साथ करते हैं वह इस पद पर शोभा नहीं देती है। भैंस, मंगलसूत्र जैसी बातें करते हैं।

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी देश के लिए शहीद हो गईं लेकिन एक भी वोट धर्म के नाम पर नहीं मांगा। देश में हरित क्रांति लाई, पाकिस्तान को सबक सिखाकर दो टुकड़े किए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आपदा के समय बेहतरीन कार्य किया है। जो दिन रात प्रभावितों की सेवा करने पहुंचे लेकिन भाजपाई सिर्फ राजनीति करते रहे। मोदी और यहां के सांसद चोरों की तरह सरकार को गिराने का काम करते रहे चोरों की तरह विधायकों को यहां से वहां ले जा रहे थे जो देश ने देखा है। कभी चंडीगढ़ तो कभी उत्तराखंड। भाजपा कहती है कि संविधान बदलना है लेकिन वोट देने का अधिकार आपसे छीना जाएगा। जो सरकार अग्निवीर जैसी स्कीम ला सकती है उसके दिल में देशभक्ति नहीं हो सकती। शहीद के परिवार की भावना देशभक्ति के लिए होती है लेकिन पीएम मोदी क्या जाने शहीद परिवार की देशभक्ति।

उन्होंने कहा कि मोदी ने देश की सम्पति अपने करोड़पति दोस्तों के हाथ बेच दी। सेब, कोयला, बंदरगाह, हवाई अड्डा सब अपने प्रियमित्र के हाथों बेच दिया। प्रदेश सरकार के का 9000 करोड़ रुपए देने से मना कर दिया। आपदा के समय केंद्र से एक रुपया नहीं मिला। देश के 22 खरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए माफ कर दिया। लेकिन किसान ने लिया कर्ज माफ नहीं किया। अब देश में बदलाव लाने का समय है। उन्होंने कहा कि जनता को जागरूक होने का समय आ गया है और एक जून को इन्हें सबक सिखाना है।

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि हिमाचल में उनका स्थाई घर है उनका दिल दिल्ली में नहीं हिमाचल में बसता है। इसलिए वह बार-बार हिमाचल में यहां की भोली-भाली जनता से मिलने आती हैं।



**महंगाई चरम पर है आज पढ़ाई लिखाई के साथ बच्चों की शादी करने से भी डरना पड़ता है। देश में बेरोजगारी चरम पर है 70 करोड़ बेरोजगार दर दर भटक रहे हैं 30 लाख खाली पद पड़े हैं : प्रियंका गांधी वाड्रा**

### कानून व्यवस्था को लेकर रोहिणी आचार्य ने लगाया आरोप

# कहा-खरोंच भी आई तो भाजपा जिम्मेदार

**पटना,** 28 मई (एजेंसियां)। बिहार के सारण लोकसभा क्षेत्र से राजद की प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने सारण में मतदान के बाद हुई हिंसक घटना में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा कि रोहिणी आचार्य को एक खरोंच भी आई तो सारे भाजपा वाले जिम्मेदार होंगे।

मंगलवार को पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सारण में बेगुनाह को मारा गया और अभी तक इंसाफ नहीं मिला। अभी तक भाजपा के 'गुंडे' भागे हुए हैं। हमलोग इंसाफ मांग रहे हैं। इस मंगलराज को जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।

तेजस्वी यादव की गिरफ्तारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर रोहिणी ने कहा कि जेल भेज दें, जेल जाने से हमलोग डरने वाले नहीं हैं। मेरे ऊपर हमला हुआ, प्रधानमंत्री ने क्या कर लिया। सबको धमकी देने का काम करते हैं, क्या यही प्रधानमंत्री होता है? मास रेपिस्ट को भगा दिया गया।

बिहार की राजधानी पटना में पटना विश्वविद्यालय के छात्र की हत्या के संबंध में पूछे जाने पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में मंगलराज है ना। जब मंगलराज रहेगा तो यही होगा ना। जहां रेपिस्ट की पीठ थपथपाई जाएगी और बेगुनाहों को मारा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को पटना में हर्ष राज नामक छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। हर्ष लॉ कॉलेज में बने परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकल रहा था, तभी बदमाशों ने उसको लाठी डंडे से पीट पीटकर मार डाला। रोहिणी आचार्य ने दावा किया कि इस चुनाव में इस सरकार का खात्मा होने वाला है। उन्होंने कहा कि राक्षस राज का खात्मा होने वाला है।



**■ इस चुनाव में भाजपा सरकार का खात्मा होने वाला है : आचार्य**

# इस चुनाव में जनता परिवारवाद की राजनीति पर ताला लगाएगी : संजय झा

**पटना,** 28 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। इस बीच, जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने मंगलवार को राजनीति में परिवारवाद को लेकर विपक्षी दल खासकर राजद पर जोरदार सियासी हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता परिवारवाद की राजनीति पर ताला लगाएगी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता जो सबसे बड़ा जनादेश देगी वह परिवारवादी राजनीति को लेकर देगी और उस पर ताला लगाएगी।

पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्होंने कभी भी परिवार के बाहर सोचा ही नहीं। उनके लिए सारी राजनीति परिवार और बाल-बच्चा रही। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी और हम लोग यह बराबर बोलते रहे हैं। उन्होंने बिहार के विषय में कभी सोचा ही नहीं। कभी मतलब ही नहीं रहा।

इधर, कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के विषय में पूछने पर उन्होंने कहा कि सोचिए, जिनकी दादी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कभी कहा था कि गरीबी हटाओ और आज उनका पोता भी 40-50 साल के बाद भी वही बात बोल रहा है, तो आप क्या समझेंगे। 40 -50 साल पहले उनकी दादी ने जो स्लोगन दिए थे उस पर कुछ नहीं कर पाए ये लोग, अब उन्हें यह याद आया है। उन्होंने आगे कहा कि इनको भी पता है कि क्या चुनाव परिणाम आने वाला है। जब चार जून को परिणाम आएगा, तब वे देखेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पूरा चुनाव समाप्त हो गया, तब वे यहां आए हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने बिहार में पाटलिपुत्र, पटना साहिब और आरा लोकसभा क्षेत्र में तीन अलग-अलग चुनावी सभाओं को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने भाजपा और एनडीए गठबंधन पर विभिन्न मुद्दों को लेकर जमकर निशाना साधा था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी-प्रियंका गांधी पर दिए गए बयान पर संजय झा ने कहा कि चुनाव के बाद खड़गे को बलि का बकरा बनाया जाएगा।



# बठिंडा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला

**चंडीगढ़,** 28 मई (एजेंसियां)। पंजाब की सियासत का दरवाजा मालवा से खुलता है और बठिंडा इसका केंद्र होता है। वजह, बठिंडा को बादल परिवार का गढ़ माना जाता है। बादल परिवार और उनकी पार्टी से यहां अपनापन साफ नजर आता है। पर, 2022 में बठिंडा की ही लंबी विधानसभा सीट के उलटफेर वाले चुनाव नतीजे ने बादल परिवार की नींद छीन ली। तब परिवार के मुखिया और पांच बार के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को आप के गुरमीत सिंह खुडियां ने हराकर तहलका मचा दिया था। खुडियां अब आप की भगवंत मान सरकार में कृषि मंत्री हैं। किसानों के मुद्दे पर भाजपा से गठबंधन टूटने और शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक बड़े बादल यानी प्रकाश सिंह बाल के निधन के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव है। मगर, आप, कांग्रेस और भाजपा ने छोटे बादल और शिअद प्रधान सुखबीर सिंह बादल की पत्नी हरसिमरत कौर की बठिंडा में जिस तरह घेराबंदी की है, उससे चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है। शिअद ने अपना गढ़ बचाने और आप ने छीनने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। बठिंडा के रोज गार्डन में मॉर्निंग वॉक के लिए आए सेवानिवृत्त कर्मचारी रणवीर सिंह कहते हैं, लगातार जीत के आदी रहे बुजुर्ग बड़े बादल हार का सदमा सहन नहीं कर पाए और एक साल पूरा होते-होते उनका निधन हो गया। वह बहुत अच्छे नेता थे। जब वह मुख्यमंत्री थे तो कांग्रेस और आप के नेता अलग-अलग उनके आवास पर धरना देने पहुंच गए।

बड़े बादल ने उनके लिए टेंट लगवाए और उनकी बात सुनी। आज कहां हैं ऐसे लोग? इस सीट पर बादल की बहू व पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर लगातार तीन बार से सांसद हैं और चौथी बार मैदान में हैं। आप ने अब हरसिमरत के सामने गुरमीत सिंह खुडियां को ही उतारा है। खास बात है कि बठिंडा लोकसभा क्षेत्र में जो नौ विधानसभा सीटें हैं, वर्तमान में उन सभी पर आप का ही कब्जा है। मुश्किलें इतनी भर नहीं हैं। गठबंधन तोड़ने से नाखुश भाजपा भी अपने पुराने सहयोगी दल को जैसे सबक सिखाने पर आमादा है। उसने पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर को प्रत्याशी बनाया है। परमपाल वीआरएस लेकर चुनाव मैदान में आई हैं। परमपाल बादल परिवार के करीबी पूर्व मंत्री सिकंदर सिंह मलूका की बहू हैं। हालांकि, मलूका ने अभी तक अकाली दल नहीं छोड़ा है। दूसरी ओर बार-बार इस सीट पर मात खा रही कांग्रेस तो जैसे ताक में ही थी। उसने भी पुराने कांग्रेसी और तीन बार के विधायक रहे जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू की अकाली दल से घर वापसी करवाकर उतार दिया है।

### मुफ्त के वादों से मतदाताओं में बेचैनी भी

तलवंडी साबो से मंडी गेहूं ले जा रहे किसानों की चौंकाने वाली बात सामने आई। कश्मीर सिंह कहते हैं, बिजली सस्ती चाहिए, मुफ्त नहीं। सस्ती व अच्छी पढ़ाई चाहिए। नशाखोरी पर बंदी चाहिए। मुफ्तखोरी से कर्ज बढ़ेगा और उसकी कीमत बाद में हम ही चुकाएंगे। सिर्फ इलाज मुफ्त होना चाहिए। साथी कमलवीर और हरनेक सिंह भी यही बात कहते हैं। ढाबे पर काम करने वाले एटा के योगेश वर्मा कहते हैं कि किसान भाजपा छोड़ सब पार्टियों में बंटे हैं। बाहरी लोग राम मंदिर बनने से मोदी के साथ हैं।

### बठिंडा है बादल परिवार का गढ़

दिवंगत प्रकाश सिंह बादल इसी लोकसभा क्षेत्र की लंबी विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर रिकॉर्ड पांच बार मुख्यमंत्री बने। बादल 1967 में पहला और 2022 में अपना आखिरी चुनाव हारे। 1969 से लेकर 2017 तक वह कोई चुनाव नहीं हारे। बठिंडा सीट पर 17 बार लोकसभा चुनावों में से 10 बार शिरोमणि अकाली दल (ब) का कब्जा रहा है।

बठिंडा के लिए सिद्धू मूसेवाला की हत्या एक बड़ा फैक्टर है। सिद्धू कांग्रेस से चुनाव लड़ चुके थे। चर्चा थी कि कांग्रेस से नाराज सिद्धू के पिता बलकौर सिंह निर्दल चुनाव लड़ सकते हैं।



**कांग्रेस को मूसेवाला परिवार का मिला साथ**

# चंबा में चुनावों के मद्देनजर कानून व्यवस्था सख्त

**चंबा,** 28 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनावों को चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार पारदर्शी तथा भयमुक्त बनाए रखने के लिए जिला चंबा में सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं तथा कानून व्यवस्था का सख्ती से पालन किया जा रहा है।

इस कड़ी में जिला के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न स्तर पर जांच व निगरानी टीमों को लगाया गया है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत जिला में लागू सख्त कानून व्यवस्था की बदौलत अब तक कुल एक करोड़ पांच लाख एक हजार 145 की नकदी, मादक पदार्थ तथा अन्य वस्तुएं जब्त की जा चुकीं हैं जिसमें विधानसभा क्षेत्र भरमौर में 6 लाख 98 हजार 143 रूपए, विधानसभा क्षेत्र भटियात में 13 लाख 49 हजार 583 रुपए, विधानसभा क्षेत्र चंबा में 50 लाख 36 हजार 604 रुपए, विधानसभा क्षेत्र चुराह में 7 लाख 80 हजार 581 रुपए तथा विधानसभा क्षेत्र डलहौजी में 26 लाख 36 हजार 234 रुपए की नकदी मादक पदार्थ तथा अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक 20989 लीटर शराब जब्त की गई है जिसकी कीमत 60 लाख 13 हजार 848 रुपए है। जिला में 10.627 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई है जिसकी कीमत 40 लाख 99 हजार 312 रुपए है। इसके अलावा जिला में 3 लाख 86 हजार 800 रुपए की नगदी सहित 1 हजार 185 रुपए की 237 अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई है। भरमौर विधानसभा क्षेत्र में कुल 6 लाख 98 हजार 143 रूपए की जब्ती की गई है जिसमें 6 लाख 35 हजार 643 रुपए की 1420 लीटर शराब तथा 62 हजार 500 रुपए की 250 ग्राम ड्रग्स शामिल है। भटियात विधानसभा क्षेत्र में कुल 13 लाख 49 हजार 583 रुपए की जब्ती की गई है जिसमें 11 हजार 700 रुपए की नगदी के अलावा 2 लाख 12 हजार 83 रुपए की 529 लीटर शराब तथा 11 लाख 25 हजार 800 रुपए की 2.730 किलोग्राम ड्रग्स शामिल है। चंबा विधानसभा क्षेत्र में कुल 50 लाख 36 हजार 604 रुपए की जब्ती की गई है जिसमें तीन लाख 75 हजार 100 रुपए नकद के अलावा 24 लाख 37 हजार चार रुपए की 6432 लीटर शराब तथा 22 लाख 24 हजार 500 की 7 किलो 338 ग्राम ड्रग्स शामिल है।

चुराह विधानसभा क्षेत्र में कुल 7 लाख 80 हजार 581 रुपए की जब्ती की गई है जिसमें 7 लाख 80 हजार 356 रूपए की 7431 लीटर शराब तथा 225 रुपए की 45 अन्य वस्तुएं शामिल है।

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.30 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.76 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.37 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 0.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.35 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 1.64 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.16 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.12 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.97 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.95 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में दी जानकारी

## चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली,** 28 मई (एजेंसियां)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है। एसबीआई के ग्रुप मुख्य अर्थशास्त्री डॉ सौम्य कांति घोष ने आज जारी एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है जबकि एसबीआई ने इसके 7.4 प्रतिशत रहने और मार्च 2024 के समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के आठ प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जतायी है। उसने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 7.5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान जताया है जबकि आरबीआई इसके सात प्रतिशत रहने की बात पहले की कह चुकी है।

उसने कहा है कि 30 उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ इन-हाउस विकसित



एसबीआई आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क (एएनएन) मॉडल चौथी तिमाही जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का संकेत दे रहा है। प्रमुख संकेतक शहरी/ग्रामीण परिदृश्य में निरपेक्ष विकास की प्रवृत्ति दिखाते हैं, हालांकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी बनी हुयी है। जनवरी 24 से संकेतकों का प्रतिशत 80 से ऊपर बना हुआ है, शहरी संकेतकों ने हाल के महीनों में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। यात्री वाहन की बिक्री, हवाई अड्डे पर यात्री यातायात, जीएसटी संग्रह, क्रेडिट कार्ड लेनदेन, पेट्रोलियम खपत और टोल संग्रह सभी शहरी आर्थिक

**भारतीय रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है, जबकि एसबीआई ने इसके 7.4 प्रतिशत रहने और मार्च 2024 के समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के आठ प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई : डॉ सौम्य कांति घोष, ग्रुप मुख्य अर्थशास्त्री, एसबीआई**

गति में सुधार का संकेत दे रहे हैं। दूसरी ओर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और फरवरी 24 (जनवरी24) में 56 (60) की तुलना में मार्च 24 में बढ़कर 75 प्रतिशत हो गया है। ग्रामीण आर्थिक गति में डीजल की खपत और दोपहिया वाहनों की बिक्री में तेजी दिख रही है।

उसने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को परेशान करने वाले बदलाव और अंतर्धाराएं अक्सर असंख्य रूपों में सामने आती हैं, जो विकास को और यहां तक कि सबसे लचीले क्षेत्रों की क्षमता पर भी असर डालती हैं। चुनिंदा तिमाहियों से भारत के लिए वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में धीमी वृद्धि के पूर्वानुमान के इर्द-गिर्द बुनी गई कथाएँ वैश्विक विकास की अनियमितताओं को अधिक बढ़ावा देती प्रतीत होती हैं। वैश्विक विकास, मुद्रास्फीति के दबाव में कमी और विश्व स्तर पर मजबूत रोजगार की स्थिति इसके पक्ष में है। भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाओं के जोखिमों के बावजूद आशावाद आगे चलकर अशांत प्रतिकूल परिस्थितियों में बदल सकता है। इसके अलावा, अच्छे दिनों के अग्रदूत के रूप में, 'सामान्य से ऊपर' मानसून दालों, तिलहन और अनाज की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2024 के मानसून सीजन के उत्तरार्ध के दौरान ला नीना विकसित होने की उम्मीद है, जबकि हिंद महासागर डिपोल (आईओडी) सकारात्मक होने की उम्मीद है।

## अडानी एंटरप्राइजेज कारोबार विस्तार के लिए जुटाएगी 16,600 करोड़ रुपए, बोर्ड ने दी मंजूरी

**मुंबई,** 28 मई (एजेंसियां)। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की ओर से मंगलवार को ऐलान किया गया कि वे आक्रामक रूप से अपने कारोबार के

- **अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी के बोर्ड की ओर से फंड जुटाने के प्लान को दी मंजूरी**

विस्तार के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) और कानूनी रूप से उपयुक्त अन्य माध्यमों के जरिए एक या दो बार में 16,600 करोड़ रुपये का फंड जुटाएगी। अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी के बोर्ड की ओर से फंड जुटाने के इस प्लान को मंजूरी दे दी गई है। इसके बदले में कंपनी द्वारा एक रुपये की फेस वैल्यू वाले शेयर जारी किए जाएंगे। कंपनी की ओर से रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा गया कि बोर्ड की ओर से 16,600 करोड़ रुपये के फंड जुटाने की अनुमति दे दी गई है। ये फंड एक या उससे अधिक बार में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) और अन्य माध्यमों के



जरिए जुटाया जाएगा। अदाणी ग्रुप की अन्य कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस की ओर से सोमवार को कहा गया कि बोर्ड द्वारा क्यूआईपी और अन्य माध्यमों के लिए 12,500 करोड़ रुपए जुटाने की अनुमति दे दी गई है। ये फंड एक या उससे अधिक राउंड में जुटाया जाएगा। अदाणी ग्रुप की ओर से पिछले साल की शुरुआत से लेकर अब तक बड़े निवेशकों से करीब 6 अरब डॉलर की राशि जुटाई जा चुकी है। वित्त वर्ष 2024 में अदाणी एंटरप्राइजेज के कंसोलिडेटेड ईबीआईटीडीए में 32 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है और यह 13,237 करोड़ रुपए रहा है। वहीं, इस दौरान कंपनी के कर से पहले मुनाफे में 56 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है और यह 5,640 करोड़ रुपए रहा है।

## स्पाइसजेट ने केएएल एयरवेज के 1,323 करोड़ के दावे को किया खारिज, कहा ये गैरकानूनी है

**नई दिल्ली,** 28 मई (एजेंसियां)। स्पाइसजेट की ओर से मंगलवार को केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन के 1,323 करोड़ रुपये के हर्जाने के दावे को खारिज कर दिया गया। साथ ही कहा कि ये दावे न केवल कानूनी रूप से कमजोर हैं, बल्कि आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल और दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा रद्द किए गए पुराने दावों को भी दोहराते हैं। एयरलाइन की ओर से बयान में कहा गया कि केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन की ओर से मध्यस्थता कार्यवाही के दौरान 1,300 करोड़ से ज्यादा के हर्जाने की मांग की गई थी। इस दावे को उस समय सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की ओर से समीक्षा के बाद खारिज कर दिया गया



था। इसके बाद केएल एयरवेज और कलानिधि मारन की ओर से सिंगल जज बेंच वाली दिल्ली हाई कोर्ट में भी अपील करते हुए समान राशि के हर्जाने की मांग की गई, लेकिन अदालत द्वारा दावे को खारिज कर दिया गया।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि इसके बाद आगे उनकी ओर से अपीलीय क्षेत्राधिकार के समक्ष कोई अपील नहीं लगाई गई। इस मामले में अभी कोई दम नहीं है।

## वैश्विक कंपनियों के चीन से बाहर आपूर्ति श्रृंखला ले जाने का फायदा भारत और वियतनाम को : नोमुरा

**नई दिल्ली,** 28 मई (एजेंसियां)। वैश्विक कंपनियों के चीन से बाहर अपनी आपूर्ति श्रृंखला का विस्तार करने का सीधा फायदा वियतनाम और भारत को मिलेगा। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बैंक नोमुरा की हाल ही में आई रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म की ओर से अपनी रिपोर्ट में बताया गया कि अपनी अच्छी मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी के कारण वैश्विक कंपनियां भारत को चीन के एक मजबूत विकल्प के रूप में देखती है। वहीं, वियतनाम भी एक विकल्प के रूप में उभर रहा है। चीन के बाहर आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत के एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरने की वजह सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, रक्षा और ड्रग आदि के लिए अनुकूल मैन्यूफैक्चरिंग माहौल उपलब्ध कराना है। नोमुरा का मानना है कि मौजूदा ट्रेंड के मुताबिक, भारत का

**अपनी अच्छी मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी के कारण वैश्विक कंपनियां भारत को चीन के एक मजबूत विकल्प के रूप में देखती है : ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म**

निर्यात 2030 तक 10 प्रतिशत कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) के साथ 835 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो कि 2023 में 431 डॉलर था।


रिपोर्ट में कहा गया कि कई देशों में विभिन्न सेक्टरों में कई सारे इक्विटी के अवसर हैं। हम भारत को लेकर काफी आशावादी है। निवेशकों को छोटी अवधि में थोड़ा सब्र रखने की जरूरत है। लेकिन हमें लगता है कि समय के साथ यहां कई अवसर निवेशकों को मिलेंगे। संयुक्त राष्ट्र की हाल में आई रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिमी कॉरपोरेट कंपनियों के लिए भारत निवेश की पसंदीदा जगह के रूप में उभर रहा है। अमेरिकी कंपनी एप्पल और उसके सप्लायर्स ने अगले दो से तीन वर्षों में भारत में प्रतिवर्ष 5 करोड़ स्मार्टफोन बनाने का लक्ष्य रखा है। फॉक्सकॉन की ओर से भी भारत में मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। अमेरिका की माइक्रोन टेक्नोलॉजी की ओर से गुजरात के सानंद में 22,500 करोड़ रुपये सेमीकंडक्टर प्लांट लगाया जा रहा है। मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 1.25 लाख करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर प्लांट्स का उद्घाटन किया गया था।

## मुनाफा वसूली से गिरा बाजार

### सेंसेक्स 220.05 अंक टूटकर 75,170.45, निफ्टी 44.30 अंक उतरकर 22,888.15 अंक पर बंद हुआ

**मुंबई,** 28 मई (एजेंसियां)। एशियाई बाजार की गिरावट के दबाव के बीच स्थानीय स्तर पर ऊँचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन भी गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 220.05 अंक टूटकर 75,170.45 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 44.30 अंक उतरकर 22,888.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.63 प्रतिशत लुढ़ककर 43,515.72 अंक और स्मॉलकैप 1.09 प्रतिशत का गोता लगाकर 47,433.23 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3934 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2510 में बिकवाली जबकि 1321 में लिवाली हुई वहीं 103 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों में गिरावट जबकि 22 में तेजी रही।

बीएसई में हेल्थकेयर समूह की 0.29 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर अन्य 19 में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान सीडी 0.61, ऊर्जा 1.04, इंडस्ट्रियल्स 1.08, दूरसंचार 1.26, यूटिलिटीज 1.55, कैपिटल गुड्स 0.95, धातु 0.64, तेल एवं गैस 1.20, पावर 1.86, रियल्टी 2.22, टेक 0.46 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.37 प्रतिशत उतर गए। एशियाई बाजार में बिकवाली का दबाव रहा। इससे जापान का निक्केई 0.11, हांगकांग का हैंगसेंग 0.03 और चीन का शंघाई




कम्पोजिट 0.46 प्रतिशत टूट गया। साथ ही ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.10 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि जर्मनी का डैक्स 0.27 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 195 अंक की तेजी के साथ 75,585.40 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। वहीं, मुनाफ़ावसूली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 75,083.22 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 75,390.50 अंक के मुकाबले 0.29 प्रतिशत उतरकर 75,170.45 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 45 अंक बढ़कर 22,977.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,998.55 अंक के उच्चतम जबकि 22,858.50 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,932.45 अंक की तुलना में 0.19 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22,888.15 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में पावरग्रिड 1.64, एनटीपीसी 1.16, टाटा मोटर्स 1.12, टेक महिंद्रा 0.97, भारती एयरटेल 0.95, रिलायंस 0.72, आईटीसी 0.60, मारुति 0.60, एक्सिस बैंक 0.41, एसबीआई 0.38, इंफ़ोसिस 0.37, टाटा स्टील 0.37, आईसीआईआई बैंक 0.28, टीसीएस 0.17 और सन फार्मा 0.13 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एशियन पेंट 1.30, विप्रो 0.76, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.37, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.37, बजाज फिनसर्व 0.35, एचसीएल टेक 0.29, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.29, एलटी 0.21, एचडीएफसी बैंक 0.17 और टाइटन के शेयरों ने 0.16 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## 80 प्रतिशत भारतीय नियोक्ता मानते हैं, टेक्नोलॉजी से मिली मदद

**नई दिल्ली,** 28 मई (एजेंसियां)। भारत में करीब 80 फीसदी नियोक्ता मानते हैं कि टेक्नोलॉजी ने उन्हें ज्यादा लचीला बनने में मदद की है, जिससे लैंगिक समानता को बढ़ावा मिला है। यह खुलासा ग्लोबल स्टाफिंग फर्म मैनपावरग्रुप इंडिया की रिपोर्ट में हुआ है, जो भारत में विभिन्न उद्योगों और संगठनों के विभिन्न स्तरों पर डाइवर्सिटी (विविधता), इक्विटी (समानता), समावेश (इंक्लूजन) पहल पर किए गए सर्वे पर आधारित है। सर्वे में 3 हजार 150 भारतीय नियोक्ताओं को शामिल किया गया। नतीजा निकला कि ज्यादातर नियोक्ता प्रगतिशील नीतियों, स्किल बढ़ाने और लचीलेपन के माध्यम से समानता को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठा रहे हैं। करीब 77 फीसदी नियोक्ताओं ने कहा कि एडवांस टेक्नोलॉजी लैंगिक समानता में मदद कर रही है। 74 फीसदी का कहना था कि एडवांस टेक्नोलॉजी आईटी कंपनियों को पेशेवरों को जोड़ने में मदद करती है। जबकि 70 फीसदी का दावा था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल के कारण बेहतर कैंडिडेट मिलते हैं। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) सेक्टर (58 प्रतिशत) कंपनियों के विविधता अनुपात को मजबूत करने में सबसे आगे है। इसके बाद हेल्थकेयर और लाइफ साइंस सेक्टर (54 प्रतिशत) और फाइनेंशियल एंड रियल एस्टेट सेक्टर (54 प्रतिशत) का स्थान है, लेकिन कंज्यूमर गुड्स और सर्विस सेक्टर (34 प्रतिशत) पीछे है। मैनपावरग्रुप इंडिया और मिडिल ईस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप गुलाटी ने कहा, 'भारत की लैंगिक विविधता दुनिया भर में सबसे अच्छी है।'

संदीप गुलाटी ने कहा कि टेक्नोलॉजी ने लचीलेपन को संभव बनाया है। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने इस बात पर भी विश्वास जताया कि यदि काम करने वालों में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं शामिल की जाएं तो भारत तेजी से विकास कर सकता है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 28 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से



आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 86 रिंगिट उबलकर 3951 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 सेंट की तेजी लेकर 45.49 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मूसर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## एनएमडीसी ने अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज करते हुए लौह अयस्क 4 का 45.02 मिलियन टन उत्पादन किया

**हैदराबाद,** 28 मई (देशबन्धु)। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने सोमवार को वित्त वर्ष 24 के परिणाम घोषित किए । वित्तए वर्ष 24 में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज करते हुए कंपनी ने लौह अयस्क 4 का 45.02 मिलियन टन उत्पापदन किया और 44.48 मिलियन टन बिक्री की। वित्त वर्ष 23 की तुलना में उत्पादन में 10 फीसदी की वृद्धि और बिक्री में 16 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए एनएमडीसी अब भारत की पहली खनन कंपनी है जो लौह अयस्क उत्पादन में 45 मिलियन टन को पार कर गई है । कंपनी का वित्त वर्ष 24 का वित्तीय निष्पादन इसके ऐतिहासिक उत्पादन के अनुरूप रहा । एनएमडीसी ने पिछले वर्ष की इसी अवधि के टर्नओवर 17,667 की तुलना में 21,294 का टर्नओवर दर्ज किया, जो



कि 21 फीसदी की वृद्धि है ।

आंकड़ों के शीर्ष स्थान पर एनएमडीसी का वित्त वर्ष 24 में असाधारण मदों से पहले कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 8,294 करोड़ है, जो कि वित्त वर्ष 23 के 6,399 करोड़ पर 30 फीसदी की वृद्धि है। हालांकि वर्तमान वर्ष में 282 करोड़ का असाधारण व्यय हुआ, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,237 करोड़ (निगरानी समिति तथा एनआईएनएल में निवेश की बिक्री से प्राप्त राशि) की असाधारण आय हुई थी । इसके परिणामस्वरूप असाधारण मदों के बाद पीबीटी में मात्र 5त्न की वृद्धि हुई है । कंपनी का कर पश्चात लाभ (पीएटी) वित्त वर्ष 24 में 5,632 करोड़ रहा, जो कि वित्त वर्ष 23 के 5,529 करोड़ पर 2 फीसदी की वृद्धि है । सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी ने वित्त वर्ष 24 में अपने शेयरधारकों को रू.1.50 का दूसरा एवं अंतिम लाभांश घोषित किया, जो कि आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयर धारकों के अनुमोदन के अधीन है । इस वित्त वर्ष के लिए पहले अंतरिम लाभांश 5.75 सहित कुल लाभांश 7.25 प्रति शेयर होता है ।

वित्तव वर्ष 24 की चौथी तिमाही के दौरान एनएमडीसी ने लौह अयस्क का 13.24 मिलियन टन उत्पावदन किया और 12.54 मिलियन टन की बिक्री की है । कंपनी ने 6,475 करोड़ का टर्नओवर दर्ज किया, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11 फीसदी अधिक है, कर पूर्व लाभ (पीबीटी) असाधारण मदों के पहले 2,435 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 19 फीसदी अधिक है । हालांकि वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में 30 करोड़ का असाधारण व्यय हुआ, जबकि वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 1,237 करोड़ की असाधारण आय हुई थी (निगरानी समिति तथा एनआईएनएल में निवेश की बिक्री से प्राप्त राशि), जिसके परिणामस्वरूप असाधारण मदों के पश्चात पीबीटी में 27 फीसदी की कमी हुई और यह 3,285करोड़ से घटकर 2,405 करोड़ हो गया ।

### सार संक्षेप

#### भेल ने बार्क के साथ इलेक्ट्रोलाइजर तकनीक का समझौता किया

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग सामानों का विनिर्माण करने वाली देश के प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने हाइड्रोजन उत्पादन के लिए 50 किलोवाट क्षमता के क्षारीय इलेक्ट्रोलाइज़र यंत्र के निर्माण के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के साथ समझौता किया है। भेल ने मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि बार्क की तकनीक एक अच्छी तरह से सिद्ध तकनीक है और इस स्वदेशी तकनीक में लगने वाली सामग्री में स्थानीय सामग्री का अनुपात ऊंचा है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर भेल के निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) जय प्रकाश श्रीवास्तव की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए ।

#### हिल्टन होटल्स एंड रिसॉर्ट्स का दिल्ली एनसीआर में विस्तार

**नई दिल्ली।** हिल्टन होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने दिल्ली एनसीआर में अपने कारोबार का विस्तार करते हुये गुरुग्राम में बानी ग्रुप के साथ मिलकर नये हिल्टन गुरुग्राम बानी सिटी सेंटर को विकसित करने का करार किया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इसके पास डबलट्री बाय हिल्टन गुरुग्राम बानी स्क्वायर का स्वामित्व है। फिलहाल इसका निर्माण कार्य चल रहा है, जो साल 2024 के अंत में आगंतुकों के लिए खुल जाएगा। हिल्टन के पोर्टफोलियो में शामिल होने वाली यह नई प्रॉपर्टी रणनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारत भर के सभी बड़े गेटवे शहरों में अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहा है। गुरुग्राम के प्रमुख आईटी एवं आर्थिक केंद्रों के बीचों-बीच मौजूद यह प्रॉपर्टी शहर के बेहद महत्वपूर्ण स्थान गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर स्थित होगी।


#### बायजूस करेगी वेतन और अन्य वैधानिक बकाए का भुगतान

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकटों का समाना कर रहे एडटेक प्लेटफॉर्म बायजूस ने अपने कर्मचारियों से कहा है कि वह अपने नकदी प्रवाह और भविष्य में धन की उपलब्धता के आधार पर उनके वेतन और अन्य वैधानिक बकाया का भुगतान कर देगी। हाल ही में टाउनहॉल चर्चा के दौरान बायजूस के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने यह आश्वासन दिया है। कंपनी के एक अधिकारी ने इस संबंध में कहा कि 15-30 जून के बीच सक्रिय कर्मचारियों के फरवरी और मार्च के बकाया वेतन का भुगतान किया जा सकता है लेकिन विपरीत परिस्थिति में भी 8 जुलाई तक भुगतान हो जायेगा। कर्मचारियों को यह भी आश्वासन दिया गया है कि अगले छह महीनों के लिए मासिक वेतन क्रेडिट में कोई व्यवधान नहीं होगा। वैधानिक अनुपालन के संबंध में कहा गया है कि स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) और फॉर्म 16 जमा करने से पहले मंजूरी दे दी जाएगी। कंपनी ने टीडीएस जमा करने में देरी की है और पिछले साल अप्रैल से अपने अधिकांश कर्मचारियों के लिए आयकर (आईटी) विभाग के साथ आवश्यक फाइलिंग करने में विफल रही है।

# खेल जगत

**रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग का ऑल टाइम स्कोरिंग रिकॉर्ड तोड़ा**

**रियाद।** फुटबॉल के सर्वश्रेष्ठ फरवर्डों में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने शानदार करियर में एक और मुकाम हासिल कर लिया है। 39 वर्षीय रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग का आल टाइम स्कोरिंग रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सत्र के अपने आखिरी मैच में दो गोलों के साथ उनके गोलों की संख्या 35 पहुंच गयी है और उन्होंने अब्दर्रज्जाक हमदाल्लाह के 2019 में 34 गोलों की संख्या को पीछे छोड़ दिया है। अपने इस रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के बाद उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक्स पर अपना एक बयान डालते हुए कहा कि मैं रिकार्डों का पीछा नहीं करता, उलटे रिकॉर्ड मेरे पीछे आते हैं। अल – नासर ने सत्र का समापन दूसरे स्थान पर रहकर किया। वह अपने प्रतिद्वंद्वी अल- हिलाल से पीछे रहे, जिसका प्रदर्शन शानदार रहा और उसने 34 मैचों के सत्र में एक भी मैच नहीं गंवाया।



## पंत का टी-20 विश्वकप में बहुत बड़ा असर रहेगा : रिकी पॉन्टिंग

### ...तब मुझे वाकई यह डर था कि ऋषभ फिर कभी क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 28 मई (देशबन्धु)। भयानक कार हादसे के कारण डेढ़ बरस क्रिकेट से अलग रह खुद से द्वंद्व कर दिल्ली कैपिटल्स के लिएआईपीएल 2024 से खेलने उतर पेशेवर क्रिकेट में वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने आलोचकों और संभवत: खुद को भी गलत साबित कर भारत की 2024 में अगले महीने होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट कप में शिरकत करने वाली 15 सदस्यीय टीम में स्थान बनाया। विकेटकीपर बल्लोबाज ऋषभ पंत ने दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते हुए 13 मैच खेल तीन अर्द्धशतकों सहित 155 .40 की स्ट्राइकर रेल और 40.45 की औसत से 446 रन बनाए ही साथ ही विकेटकीपर के रूप में 16 शिकार' भी किए। ऋषभ पंत ने आईपीएल में बल्ले से तो शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान खींचा उनकी उत्कृष्ट विकेटकीपिंग ने भी उन्हें भारत की टी-20 विश्व कप टीम में जगह दिलाने में खासी अहम भूमिका निभाई। ऋषभ पंत ने 2024 आईपीएल में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा 16 शिकार किए। आईपीएल शुरू होने



से पहले ही रिकी पॉन्टिंग ने उनके भारत की टी-20 विश्व कप टीम का हिस्सा होने की भविष्यवाणी कर दी थी।

दिल्ली कैपिटल्स के चीफ कोच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने आईसीसी से बातचीत करते हुए कहा कि सच कहूं बेहद खतरनाक कार हादसे से उबर कर ऋभष का आईपीएल में प्रदर्शन वाकई शानदार रहा। इस कार हादसे के बाद ऋषभ पंत को लेकर असल चिंता उनकी विकेटकीपिंग को लेकर ही थी। चोट के बाद उनकी बल्लेबाजी को लेकर कोई भी चिंता थी ही नहीं था क्योंकि वह वाकई बेहतरीन बल्लेबाज हैं। मुझसे तब पूछा गया था कि आप ऋषभ के भारत की टी-20 विश्व कप टीम में चयन की बाबत क्या सोचते हैं? तब मैंने कहा था ऋषभ पंत टी-20 विश्व के लिए चुने गए भारतीय खिलाड़ियों में एक होंगे और वह निश्चित रूप

> बेहद खतरनाक कार हादसे से उबर कर ऋभष का आईपीएल में प्रदर्शन वाकई शानदार रहा : रिकी पॉन्टिंग,

से वह इनमें से एक हैं। ऋषभ की वापसी वाकई शानदार है। ऋषभ पंत का टी-20 विश्व कप में बहुत बड़ा असर रहेगा। मैं ऋषभ पंत को फिर से बल्लेबाजी करते देख वाकई बेहद खुश हूं। मैंने उनके साथ काम काम करने के हर क्षण का लुत्फ उठाया। ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं और मैं चीफ कोच। वह बताते हैं, मैंने बीते बरस आईपीएल के बीच ऋषभ के साथ कुछ महीने गुजारे थे और यह बात उनके सड़क हादसे के करीब तीन या चार महीने बाद की है। ...तब मुझे वाकई यह डर था कि ऋषभ फिर कभी क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे । जेहनी तौर और शारीरिक तौर पर वाकई बहुत मुश्किल दौर से गुजरे ऋषभ तब चल तक नहीं पाते थे। वह तब बैसाखियों के सहारे थे और तब मैंने उनसे पूछा था कि वह अगले सत्र की बाबत क्या सोचते हैं? तब ऋषभ ने मेरी और देखा कहा चिंता न करें मैं ठीक हो जाउंगा।

### रिकवरी के दिनों को याद कर पंत ने कहा

## दो महीने तक ब्रश भी नहीं कर सका

**नई दिल्ली,** 28 मई (एजेंसियां)। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की कार दुर्घटना हाल के भारतीय क्रिकेट इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक थी।

ऋषभ पंत जानलेवा कार दुर्घटना का शिकार होने के बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी कर पाएंगे या नहीं, इसको लेकर

> ■ 15 महीने के रिहैबिलिटेशन के बाद हाल ही में आईपीएल 2024 में वापसी की थी

सस्पेंस बना हुआ था। लेकिन पंत ने कभी हार न मानने वाले रवैये के साथ आईपीएल 2024 के जरिए मैदान में वापसी की और अब टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा भी हैं।

26 वर्षीय खिलाड़ी ने एक भयानक दुर्घटना और काफी चोटों को झेलने के बाद अपना अनुभव साझा किया, जिसमें उन्हें कई फ्रैक्चर हुए और घुटने की चोट के लिए लिगामेंट पुनर्निर्माण और उपचार की आवश्यकता पड़ी। यह



चोटें उनके करियर के लिए गंभीर थीं, लेकिन उन्होंने 15 महीने के रिहैबिलिटेशन के बाद हाल ही में आईपीएल 2024 में वापसी की। चोट से उबरने के दौरान आत्म-विश्वास बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आपके आस-पास लोग तरह-तरह की बातें कह रहे हैं और आपको, एक व्यक्ति के रूप में यह सोचना होगा कि आपके लिए क्या अच्छा है। पंत ने जियोसिनेमा प्रीमियम पर अपने भारतीय टीम के साथी शिखर धवन द्वारा आयोजित एक मजेदार टॉक शो,धवन करेंगे के नए एपिसोड के दौरान खुलासा किया, जब मैं इसके बाद उठा, तो मुझे यह भी यकीन नहीं था कि मैं जीवित रह पाऊंगा या नहीं, लेकिन भगवान ने मुझे नया जीवन दिया।

> अब जब मैं क्रिकेट में वापसी कर रहा हूं, तो दबाव महसूस करने से ज्यादा मैं उत्साहित हूं : ऋषभ पंत

मैं दो महीने तक अपने दांत भी साफ नहीं कर सका और छह से सात महीने तक मुझे पीड़ा झेलनी पड़ी। मैं व्हीलचेयर में लोगों का सामना करने से घबरा रहा था। यह घोषणा होने के बाद भी कि पंत इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, कई लोगों ने सवाल किया कि क्या वह वही बल्लेबाज होंगे जो पहले हुआ करते थे, और क्या विकेटकीपिंग कर पाएंगे। लेकिन, पंत ने शानदार वापसी के बाद सभी सवालों को खारिज कर दिया और 13 पारियों में 40.55 की औसत से 155.40 की स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाए। उन्होंने कहा कि अब जब मैं क्रिकेट में वापसी कर रहा हूं, तो दबाव महसूस करने से ज्यादा मैं उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि यह दूसरी जिंदगी है, इसलिए मैं उत्साहित हूं लेकिन घबराया हुआ भी हूं।

## भारतीय लड़के और लड़कियों ने जीता दक्षिण एशियाई टेटे चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली,** 28 मई (एजेंसियां)। भारत की अंडर-19 लड़कियों की टीम और अंडर-15 लड़कों की टीम ने श्रीलंका की टीम को हराते हुए दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अपने खिताब का बचाव किया। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। अंडर-19 लड़कियों की टीम ने मेजबान श्रीलंका को 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने



इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल की टीम को 3-0 से हराया था। श्रीलंका के कैंडी में कल रात खेले गये मुकाबले में भारत की सयाली वानी ने श्रीलंका की बिमांडी बंडारा को 1-6, 12-10, 11-8 से, पृथा वर्तिकार ने तमादी कविंड्या को 7-11, 11-3, 11-7, 6-11, 11-8 से और तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरणी को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर खिताब जीता।

## जोगिन्दर नरवाल दबंग दिल्ली केसी के प्रमुख कोच बने

नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसियां)। पूर्व चैंपियन दबंग दिल्ली के. सी. ने प्रो कबड्डी लीग सत्र 11 के लिए जोगिन्दर नरवाल को अपना प्रमुख कोच नियुक्त किया है। नरवाल दबंग दिल्ली के साथ सत्र छह में विजेता रहे

> ■ नरवाल दबंग दिल्ली के साथ सत्र छह में विजेता रहे थे

थे और वह आगामी चुनौतियों के लिए काफी उत्साहित हैं। उन्हें सहायक कोच से प्रमुख कोच बनाया गया है। नरवाल ने कहा कि एक टीम का प्रमुख कोच बनना रोमांचित करने वाला है, वैसे भी मैं दिल्ली टीम के लिए खेल चुका हूं। मैं कुछ सत्र पहले इस टीम के साथ था। सत्र 10 में हमारी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन दुर्भाग्य से हम जीत नहीं पाए। उम्मीद है कि हमारी टीम का भविष्य उज्जवल है। पूर्व डिफेंडर ने एक खिलाड़ी से कोच के रूप में बदलाव पर भी बात की। वह पीकेएल में दोनों भूमिकाओं में अनुभव हासिल कर चुके हैं। उन्होंने



कहा कि इस खेल में एक कोच और एक खिलाड़ी के रूप में काफी अंतर है। एक कोच के रूप में मैं खिलाड़ियों को बता सकता हूं उन्हें क्या करना है जिससे वे अपने खेल में सुधार कर सकें लेकिन एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें परिणाम को मैट पर दिखाना है। कोच का काम सलाह देना है लेकिन यह खिलाड़ी है जिसे उसे परफेक्शन के साथ अंजाम देना है।

दबंग दिल्ली के.सी. हाल ही में समाप्त हुए सीजन 10 में एलिमिनेटर 1

> खिलाड़ी अपने ऑफ-सीजन के दौरान अपना प्रशिक्षण जारी रखते हैं : नरवाल

में पटना पाइरेट्स के साथ करीबी संघर्ष के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गई थी। नए सीज़न से पहले अपनी टीम की तैयारियों को साझा करते हुए, नरवाल ने कहा कि अधिकांश खिलाड़ी अपने ऑफ-सीज़न के दौरान अपना प्रशिक्षण जारी रखते हैं।

## पीटरसन ने प्रशंसकों से रायडू को निशाना न बनाने की अपील की

**नई दिल्ली,** 28 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने आईपीएल फाइनल के दौरान शो में अंबाती रायडू को जोकर कह दिया था, जिसके बाद भारतीय फैंस सोशल मीडिया पर रायडू को टारगेट कर रहे हैं। रायडू इन दिनों विराट कोहली को खूब टारेगट कर रहे हैं, जिससे उन्होंने भारतीय फैंस को काफी नाराज कर दिया है। अब जब भारतीय फैंस को उन्हें ट्रोल करने का मौका मिला, तो वो भी रायडू को टारगेट कर रहे हैं। पीटरसन ने ट्वीट किया, यह क्या है यार! सोशल मीडिया पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ/खिलाफ इस तीखी नोंक झोक को कम करने की जरूरत है! इसमें आगे कहा गया है, मैं और रायडू आईपीएल फाइनल के बाद मस्ती कर रहे थे और अचानक वह मजाक अंबाती के प्रति दुर्व्यवहार में बदल गया जो गलत है। कृपया इसे रोकें? यह घटना आईपीएल फाइनल के बाद की है, जब कोलकाता के खिलाफ हैदराबाद की हार के बाद रायडू ने ऑरेंज कपड़े बदलकर नीले रंग की पोशाक पहन ली थी। पीटरसन ने अपनी पर्पल ड्रेस की ओर इशारा करते हुए स्टार स्पोर्ट्स लाइव पर कहा कि मैं हमेशा दृढ़ रहा हूं। मैंने इसे पहना था और यह मेरे पास था। आप एक जोकर हैं, हमेशा एक जोकर। इसके कारण 38 वर्षीय खिलाड़ी को कई बार ट्रोल किया गया।



## पहले राउंड में बाहर होना आदर्श वापसी नहीं : नडाल

**पेरिस,** 28 मई (एजेंसियां)। कोर्ट फिलिप-चैटरियर में यह एक भावनात्मक शाम थी, जब किंग ऑफ क्ले राफेल नडाल अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हारकर रौलां गैरो के पहले दौर से बाहर हो गए। राफेल नडाल की रिकॉर्ड 14 रौलां गैरो खिताब की विरासत पर उनके ओहदे और क्षमता का प्रमाण है। 37 साल कीं उम्र में इस स्पैनियार्ड के पास टेनिस में एक शानदार करियर रहा है। अब, जब वो रिटायरमेंट के करीब पहुंच चुके हैं और यह समय उनकी बढ़ती चोटों को देखते हुए बेहद करीब नजर आ रहा है। 14 बार के चैंपियन नडाल को चौथी सीड एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सीधे सेटों में 6-3, 7-6, 6-3 से हराया। नडाल ने स्टेडियम में दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आखिरी बार होगा जब मैं यहां आप सभी के सामने आऊंगा। मैं 100 फीसदी निश्चित नहीं हूं, लेकिन अगर यह आखिरी बार था, तो मुझे कहना होगा कि मैंने इसका आनंद लिया। मेरे मन में जो भावनाएं हैं, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मेरे लिए लोगों के प्यार को महसूस करना खास था, जिसे मैं सबसे ज्यादा प्यार करता हूं चोटों के मामले में दो साल बहुत कठिन दौर से गुजरा हूं। रौलां गैरो में वापस आने के लिए मैं उस रिकवरी प्रक्रिया से गुजरा। पहले दौर में हारना आदर्श वापसी नहीं थी। लेकिन मुझे इसे स्वीकार करना होगा। मैं प्रतिस्पर्धी था और मेरे पास मौके थे, लेकिन अलेक्जेंडर ज्वेरेव जैसे महान खिलाड़ी के खिलाफ यह पर्याप्त नहीं था। उन्होंने आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोर्ट फिलिप चैटरियर की संभावित वापसी का संकेत दिया, जिससे उनके फैंस को राहत मिली। नडाल ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा कि आप सभी ने मुझे यहां जो महसूस कराया है।

> 37 साल की उम्र में इस स्पैनियार्ड के पास टेनिस में एक शानदार कॅरियर रहा

## धावक अमोज जैकब ने पेरिस ओलंपिक बर्थ के लिए बहमास में एक महीने के ठहराव को दिया श्रेय

**नई दिल्ली,** 28 मई (एजेंसियां)। पेरिस ओलम्पिक का टिकट पाने वाली भारत की चार गुना 400 मीटर पुरुष रिले टीम के सदस्य अमोज जैकब ने इसका श्रेय बहमास में एक महीने के लम्बे ठहराव को दिया है।

मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और जैकब की भारतीय चौकड़ी 3:03.23 का समय लेकर बहमास के नसाउ में विश्व रिले चैंपियनशिप के ओलंपिक क्वालिफाइंग राउंड दो में अमेरिकी टीम के बाद दूसरे स्थान पर रही। जमैका के जैसन डॉसन द्वारा प्रशिक्षित और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा वित्तीय रूप से समर्थित टीम माहौल से अभ्यस्त होने के लिए प्रतियोगिता से एक महीने पहले बहमास पहुंच गयी थी। रिले का आखिरी चरण दौड़ने वाले जैकब ने साई मीडिया से पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के बारे में और पिछले वर्ष विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में टीम के जादुई प्रदर्शन के बारे में खुलकर बातचीत की जब टीम दो बार



तीन मिनट से कम का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही। जैकब ने कहा कि बहमास के माहौल से अभ्यस्त होना उपयोगी था। टाइम जोन का अंतर हमारे लिए चीजें मुश्किल कर देता। यह अच्छा था कि हम एक महीने पहले बहमास पहुंच गए। हम दो सप्ताह पहले ही प्रतियोगिता के लिए तैयार हो गए थे। हम मुकाबले में उतरे और हमने क्वालीफाई कर लिया। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर ने मौसम की परिस्थितियों

> हम दो सप्ताह पहले ही प्रतियोगिता के लिए तैयार हो गए थे। हम मुकाबले में उतरे और हमने क्वालीफाई कर लिया : अमोज जैकब

और समय के अंतर से अभ्यस्त होने में लगभग एक सप्ताह का समय लिया। मैं दोपहर में सो रहा था और समय अंतर के कारण रात में नींद नहीं आती थी। पूरी टीम को यह परेशानी थी लेकिन अच्छा रहा कि हम एक महीने पहले बहमास पहुंच गए। हालांकि एक ही बीच को रोज देखना कुछ बोरिंग हो रहा था। जैकब ने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य पेरिस के लिए क्वालीफाई करना था। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि राजेश रमेश को ओलंपिक क्वालिफाइंग राउंड एक में हैमस्ट्रिंग चोट लग गयी, वरना टीम आसानी से तीन मिनट से कम का समय निकाल लेती। इसके बावजूद हमने ओलंपिक की टिकट हासिल की जो ज्यादा प्रेरणादायक है। राजेश रमेश की चोट के बाद अरोकिया राजीव ने टीम में उनकी जगह ली लेकिन यह परिवर्तन मुश्किल नहीं रहा क्योंकि अरोकिया राजीव टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे थे। जैकब ने कहा, यह आसान था क्योंकि हम एक साथ अभ्यास कर रहे थे और हमने विभिन्न संयोजनों के साथ बैटन एक्सचेंज का प्रशिक्षण लिया था। एकमात्र चिंता यह सुनिश्चित करना था कि कोई और चोटिल न हो। वास्तव में, यह 100 मीटर रिले से भी आसान था जहां बेहतर समन्वय की आवश्यकता होती है।

## सात्विक-चिराग की शीर्ष वरीय जोड़ी सिंगापुर ओपन के राउंड ऑफ 32 में हारी

**कल्लांग,** 28 मई (एजेंसियां)। भारत स्टार और दुनिया की नंबर वन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को मंगलवार को सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। आज यहां दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन जोड़ी चिराग और सात्विक, डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की 34वीं रैंकिंग वाली डेनमार्क जोडी से 47 मिनट चले मुकाबले में 20-22, 18-21 से हार गई। फ्रेंच और थाईलैंड ओपन जीतने के बाद साल के अपने तीसरे खिताब की तलाश में उतरे चिराग-सात्विक ने



धीमी शुरुआत की और 4-9 से पिछड़ गए। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इसके बाद कुछ अंक ज़रूर जुटाए लेकिन करीबी गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में भी दोनों टीमें एक समय 16-16 की बराबरी पर थीं, लेकिन अंत में लुंडगार्ड और वेस्टरगार्ड ने मैच को जीत कर अगले राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। दूसरे दौर में डेनमार्क के खिलाड़ियों का मुकाबला चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू से होगा। वहीं महिला एकल वर्ग में भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप को राउंड ऑफ 32 में निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग की 41 नंबर की भारतीय खिलाड़ी को थाईलैंड की पोर्नपिचा चोईकीवोंग से 19-21, 20-21 से हार हार का सामना करना पड़ा।

### फ्रेंच ओपन : सुमित नागल कड़े संघर्ष में खाचानोव से हारे

**पेरिस।** शीर्ष भारतीय एकल खिलाड़ी सुमित नागल को फ्रेंच ओपन के मुख्य दौर के पहले राउंड में हारकर बाहर हो जाना पड़ा। सुमित को 18वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव ने हराया। 26 वर्षीय सुमित पहली बार फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रा में खेल रहे थे और उनका सामना टॉप-20 खिलाड़ी से हुआ। पहले दो गेम आसानी से हारने के बाद वह तीसरे गेम में संघर्ष करते हुए उसे टाई ब्रेक तक ले गए। लेकिन क्ले कोर्ट नागल का पसंदीदा स्थल नहीं है और वह दो घंटे 27 मिनट के संघर्ष में 6-2, 6-0, 7-6(5) से हार गए। यह मैच कुछ देर के लिए बारिश से बाधित हुआ। नागल ने खाचानोव के दो के मुकाबले चार डबल फाल्ट किये। वह दूसरी सर्विस पर खाचानोव के 68 फीसदी के मुकाबले 55 फीसदी ही कोर्ट पर रख पाए। विश्व रैंकिंग में खाचानोव के 19वें स्थान के मुकाबले नागल 95वें स्थान पर हैं। नागल का इस सत्र में 3-6 का जीत/हार का रिकॉर्ड है। उन्हें मैच में नौ ब्रेक अंक मिले और वह एक को ही भुना पाए जबकि खाचानोव ने 13 ब्रेक अंकों में से छह को भुनाया। नागल ने पहले सेट में शुरुआत में अपनी सर्विस बरकरार रखी लेकिन 28 वर्षीय रूसी खिलाड़ी खाचानोव ने लगातार नौ गेम जीतते हुए दूसरे सेट में नागल का 6-0 से सफाया कर दिया।

## सार संक्षेप

### निशांत देव विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालिफिकेशन के प्री-क्वार्टरफाइनल में

**बैंकॉक।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने मंगलवार को विश्व ओलंपिक बॉक्सिंग क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट 2024 में मंगोलियाई प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ दो मिनट में हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया, वहीं अभिनाश जामवाल 63.5 किग्रा वर्ग में समान अंक के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। थाईलैंड के बैंकॉक में हुई स्पर्धा में निशांत देव ने शुरुआत मंगोलिया के ओटगोनबटार बयाम्बा-एर्डेन के खिलाफ मुक्कों की बारिश के साथ की और पहले ही मिनट में स्टैंडिंग काउंट को मजबूर कर दिया। जैब और क्रॉस हुक के संयोजन से एक और स्टैंडिंग काउंट हुआ और रेफरी ने राउंड 1 में 58 सेकंड शेष रहते हुए प्रतियोगिता (आरएससी) रोक दी। इससे पहले जामवाल ने कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी के खिलाफ पहले दौर में करीबी मुकाबले में हारने के बाद शानदार वापसी की। भारतीय मुक्केबाज ने तीसरे और अंतिम राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा, जिससे सभी पांच जजों के अंक बराबरी पर आ गए। नियमों के अनुसार, जजों को प्रदर्शन को आंकने और विजेता का फैसला करने के लिए फिर से कहा गया।

### आईसीसी ने मेजर लीग क्रिकेट को आधिकारिक लिस्ट ए दर्जा दिया

**सैन फ्रांसिस्को।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी) को उसके पांच जुलाई से शुरू होने वाले दूसरे संस्करण से पहले आधिकारिक लिस्ट ए दर्जा दे दिया है। लिस्ट ए दर्जा सफल पहले संस्करण के बाद आया है और यह एमएलसी को आधिकारिक टी20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट के रूप में मान्यता देता है। एमएलसी ने आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि अब से हर शतक, अर्द्धशतक,पांच विकेट, रन आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में गिना जाएगा।

### नामीबिया,ओमान और कनाडा ने अपने-अपने अभ्यास मैच जीते

**तरौबा/डलास।** अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में चार जून से शुरु होने जा रहे टी-20 विश्वकप 2024 के अभ्यास मैच के पहले दिन नामीबिया ने युगांडा, ओमान ने न्यू पापुआ गिनी और कनाडा ने नेपाल पर जीत दर्ज की। सोमवार रात नामीबिया बनाम युगांडा मैच खेला गया। नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी युगांडा की टीम ने रोजर मुकासा नाबाद (51) और रोबिन्सन ओबुआ की 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया था। नामीबिया की ओर जैक ब्रासेल और एरार्ड इरास्मस ने दो-दो विकेट लिये।